फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 21 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 124, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा 14
कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकतीं हैं माधुरी दीक्षित 13

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में न्यायिक सदस्य आवश्यक नहीं

## केंद्र सरकार ने चयन समिति में सीजेआई को न रखने पर किया बचाव

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने 2023 के कानून के तहत दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का बचाव करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है। इस कानून के तहत चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखा गया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में याचिकाकर्ता के दावे को खारिज कर दिया कि शीर्ष अदालत में सुनवाई से एक दिन पहले दो निर्वाचन आयुक्तों को 14 मार्च को जल्दबाजी में नियुक्त किया गया। न्यायालय में इस कानून को चुनौती दी गई जिसपर सुनवाई होने वाली थी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर और 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' सहित कई अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया गया है। हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का मामला एक भ्रांति पर आधारित है कि किसी भी प्राधिकार में स्वतंत्रता केवल तभी बरकरार रखी जा सकती है जब चयन समिति एक विशेष संरचना की हो। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि निर्वाचन आयोग या किसी अन्य संस्था या प्राधिकार की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है।



• न्यायिक सदस्य की उपस्थिति पारदर्शिता का मापदंड नहीं : केंद्र

### सूची विपक्ष के साथ साझा न करने का भी खंडन

केंद्र ने याचिकाकर्ताओं के इस दावे का खंडन किया कि नियुक्त किए जाने वालों की कोई सूची विपक्ष के साथ साझा नहीं की गई थी। केंद्र ने कहा कि खोज समिति द्वारा छह नाम की सिफारिश के बाद अंतिम सूची में नामित व्यक्तियों के नाम 13 मार्च, 2024 को लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को उपलब्ध कराए गए थे। इसलिए, यह कहना पूरी तरह से गलत, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है कि चयन समिति के तीसरे सदस्य को दो सदस्यों के विचार के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए नाम दिए गए थे। सभी सदस्यों को एक साथ सूची प्राप्त हुई थी।

### सीईसी को मिला है संविधान में संरक्षण, निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम

हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का यह कहना कि न्यायिक सदस्यों के बिना चयन समितियां हमेशा पक्षपातपूर्ण होंगी, पूरी तरह से गलत है। कहा गया कि नियुक्ति की शक्ति कार्यपालिका के पास होने के बावजूद निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) तटस्थ और प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम रहे हैं। उच्च संवैधानिक पद के नाते मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संविधान में अंतर्निहित संरक्षण प्राप्त है, जो उन्हें निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम बनाता है। अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में दो रिक्तियां हुई थीं। उनके स्थान पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नियुक्त किया गया।

# समाजवादी पार्टी से पीलीभीत सीट पर लड़ेंगे भगवत सरन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• सपा ने घोषित किए छह और प्रत्याशी, कुल संख्या 49 हुई

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लोकसभा के छह और उम्मीदवारों की सूची जारी की। गठबंधन में गुटबंदी की चर्चा के बीच गौतमबुद्ध नगर सीट से प्रत्याशी भी बदल दिया। छठी सूची के बाद सपा उम्मीदवारों की कुल संख्या 49 हो गई है। सपा ने गौतमबुद्ध नगर में पहले डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बनाया था। अब उनकी जगह राहुल अवाना को उम्मीदवार बनाया है। नई सूची में संभल से शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया गया है। बागपत से मनोज चौधरी, पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार, घोसी से राजीव राय और मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद पर दांव लगाया गया है।

**पल्लवी पटेल ने अपनी तीन सीटें घोषित कीं :** सपा के सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी ने भी तीन सीटों पर लड़ने का एलान किया है। अपना दल की नेता और सपा के सिंबल पर सिराथू (कौशांबी) से विधायक पल्लवी पटेल ने संकेत दिए हैं कि वे सपा से अलग होकर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उनकी पार्टी ने प्रदेश की जिन तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया है उनमें एक सीट मिर्जापुर भी है जिस पर सपा ने भी उम्मीदवार उतारा है। पार्टी अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

## लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** देश में 18वीं लोकसभा के सात चरणों में कराए जाने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को प्रारम्भ हो गई। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल मिलाकर लोकसभा की 102 सीटों के लिए बुधवार सुबह अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही नामांकन कार्य शुरू हो गया।

## रद की गई बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद 15 मार्च को दोनों पालियों हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) को बुधवार को रद कर दिया है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि परीक्षा का तीसरा चरण रर कर दिया गया है।

## एमपीपीसीएस-प्री परीक्षा टाली गई

**इंदौर।** लोकसभा चुनावों के कारण मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा और राज्य वन सेवा परीक्षा 2024 आगे बढ़ा दी है। अब ये परीक्षाएं 28 अप्रैल की जगह 23 जून को होंगी। एमपीपीएससी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि चुनावों के चलते दोनों भर्ती परीक्षाओं का कार्यक्रम बदला गया है।

### प्रसार भारती का होगा कायाकल्प, नकारा पेशेवरों की होगी छंटनी

# तीन माह बाद पीएम के 'मन की बात' का 111वां एपिसोड होगा कुछ अलग

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी यदि तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उनके 'मन की बात' के 111वें एपिसोड की लोकप्रियता कुछ अलग नजर आएगी। इसके प्रसारण की नोडल एजेंसी 'प्रसार भारती' का तब तक काफी कुछ कायाकल्प हो चुका होगा। अपनी विशिष्ट कार्यशैली से नौकरशाही में खास पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व नौकरशाह नवनीत सहगल को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उक्त आशय की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

खबरों की दुनिया में भारत के सरकारी जन संचार तंत्र को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र करने के लिए 1997 में प्रसार भारती की स्थापना हुई थी और रेडियो, दूरदर्शन सहित कई सूचना माध्यमों को इसमें जोड़कर आजाद कर दिया गया था। लेकिन प्रसार भारती दिन पर दिन निजी जन संचार माध्यमों के मुकाबले पिटता चला गया। यही वजह है कि देश के कोने-कोने तक सबसे बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद आम जनता तक पहुंच में अभी भी काफी पीछे है। प्रसार भारती को पेशेवर मजबूती देने के लिए सरकार ने हाई प्रोफाइल कहे जाने वाले चार पत्रकारों को इसका अध्यक्ष बनाया लेकिन नतीजा शून्य रहा। करंट अफेयर्स के पूर्व संपादक निखिल चक्रवर्ती पहले अध्यक्ष बने थे। उनके बाद 3 वर्ष तक यह पद खाली रहा और सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डा.यूएस राव को इसका अध्यक्ष बनाया। प्रसार भारती की कार्य संस्कृति देखकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तीसरे अध्यक्ष के रूप में अमेरिका में तैनात टाइम्स आफ इंडिया के पत्रकार एमवी कामथ को नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण भटनागर को चौथा अध्यक्ष बनाया, वह भी एक वर्ष बाद ही हट गए। उनके बाद एक हिंदी अखबार की संपादक मृणाल पांडे 2011 तक इस पद पर रहीं। पायनियर के सलाहकार संपादक के सूर्य प्रकाश 2020 तक इस पद पर रहे। तब से 4 वर्षों तक अध्यक्ष पद रिक्त था। उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित समिति ने पिछले दिनों सहगल के नाम की सिफारिश की थी, इस समिति में सूचना एवं प्रसारण सचिव व भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष भी एक सदस्य हैं। राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति कर दी है और मंगलवार को पहली बार उन्होंने प्रसार भारती मुख्यालय में प्रवेश किया। एक मुलाकात के दौरान सहगल ने काफी सुधार के संकेत दिए हैं, कहा कि पहले अध्ययन करेंगे और फिर फैसले होंगे। सहगल की नियुक्ति के बाद प्रसार भारती के सभी विभागों में हलचल है। यह संकेत मिले हैं कि ऐसे लोगों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और उनसे प्रसार भारती जल्द ही किनारा करेगा।



• चार वर्ष से रिक्त अध्यक्ष पद पर नवनीत सहगल की हुई ताजपोशी

रमज़ान मुबारक

(पीलीभीत)

| दसवां रोज़ा इफ्तार 21 मार्च 2024 | ग्यारहवां रोज़ा सहरी 22 मार्च 2024 |
| --- | --- |
| सुन्नी - 06:26 बजे | सुन्नी - 04:51 बजे |
| शिया - 06:34 बजे | शिया - 04:42 बजे |

(लखीमपुर)

| दसवां रोज़ा इफ्तार 21 मार्च 2024 | ग्यारहवां रोज़ा सहरी 22 मार्च 2024 |
| --- | --- |
| सुन्नी - 06:21 बजे | सुन्नी - 04:35 बजे |
| शिया - 06:31 बजे | शिया - 04:39 बजे |

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com









## एक नजर

### हस्ताक्षर कर गायब होने वाले शिक्षक की जांच शुरू

पीलीभीत। उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बाद स्कूल से नदारद रहने वाले शिक्षक के खिलाफ जांच के आदेश कर दिए गए हैं। बीएसए अमित कुमार सिंह को मामले की जांच दी गई है। गांव बिरहनी के ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत में बताया कि गांव कटैय्या पड़री स्थित प्राथमिक स्कूल के एक शिक्षक विद्यालय पहुंचकर सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करते हैं। इसके बाद पूरे दिन स्कूल से गायब रहते हैं। वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है, लेकिन शिक्षक के मौजूद न रहने से पढ़ाई बाधित है। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। बीएसए को जांच दी गई है।

### हूटर बजाने वाले आउटसोर्स कर्मियों का वीडियो वायरल

पीलीभीत। बीएसए कार्यालय में आउटसोर्स पर सामुदायिक सहभागिता पद पर नियुक्त दो कर्मचारियों का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें कर्मचारी कार का हूटर बजाते हुए बीएसए कार्यालय पहुंचते दिखाई दे रहे हैं। हूटर बजाते हुए दफ्तर पहुंचने का वीडियो वायरल होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है। बीएसए अमित कुमार ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# सज गया रंगों का बाजार, तराई में महकेगा हाथरस का गुलाल

## बाजार में खरीदारी करने वालों की जुट रही भीड़, हर्बल रंगों की मांग ज्यादा, बच्चों को भा रही टैंक वाली पिचकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


शहर में एक दुकान पर पिचकारी और मुखौटे खरीदते ग्राहक। ● अमृत विचार


एक दुकान पर रंग के सिलेंडर की खरीदारी करता युवक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रंगों का पर्व होली के नजदीक आते ही बाजार गुलजार हो गए हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए बाजार में रंगों की दुकानें सज गईं हैं। इस साल तराई में हाथरस का रंग और गुलाल उड़ेगा। बाजार में इस बार भी भगवा रंग की डिमांड अधिक है। डोरेमोन, मोटू-पतलू, बैनटेन, छोटा भीम के मुखौटे बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। बाजार में हर तरफ पिचकारी ही पिचकारी नजर आ रही हैं। इस बार त्योहार पर हर्बल गुलाल की मांग ज्यादा है। त्योहार नजदीक आने से दुकानों पर खरीदारों की भीड़ बढ़ने से व्यापारी गदगद हैं। दुकानदारों को होली पर अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है।

होली को महज पांच दिन शेष हैं। इसको लेकर हर घर में तैयारी शुरू हो गई हैं। शहर के स्टेशन रोड, गांधी स्टेडियम रोड, माधोटांडा रोड, गैस चौराहा, चावला चौराहा, ड्रमंडगंज जेपी रोड, चौक बाजार समेत तमाम इलाकों में रोड किनारे रंग गुलाल की दुकानें सज गईं हैं। लोगों में होली को लेकर खास उत्साह है। रंगों के इस त्योहार को खास बनाने के लिए लोग जमकर रंग गुलाल की खरीदारी कर रहे हैं। खासकर रंग और गुलाल हाथरस में तैयार होता है, जो बाजार में उतरा गया है। वहीं, बच्चे रंग-बिरंगी पिचकारी और फेस मास्क खरीदते हुए नजर आ रहे हैं। बुधवार को भी बाजार में रौनक दिखाई दी। हर्बल रंग गुलाल की डिमांड अधिक है। जिसका बाजार में 100 ग्राम पैकेट 200 रुपये में उपलब्ध है। हर्बल रंग और गुलाल का प्रयोग करने पर किसी भी तरह का त्वचा पर संक्रमण नहीं होता है। इसके अलावा युवाओं को लुभाने के लिए मार्केट में स्काई गुलाल, बैलून गुलाल, इलेक्ट्रॉनिक गुलाल गन, सिलेंडर गुलाल पिचकारी उतारी गई है। जिससे युवा और बच्चों की पहली पसंद बन रही है। इस कीमत 350 रुपये में बिक रही है। साथ ही राजनेताओं के मुखौटे भी बच्चों को अपनी ओर लुभा रहे हैं। इसकी कीमत 100 से 350 रुपये तक है। बच्चों को यह मास्क सबसे ज्यादा पसंद आ रहा है।

### होली पर होगी रंगों की आतिशबाजी

इस बार बाजार में रंग वाले पटाखे आए हैं। जिन्हें जलाने पर उसमें से रंग निकलेगा। इस होली पर सिलिंडर गुलाल और स्काई शॉट गुलाल की डिमांड देखने को मिल रही है। इसके अलावा अनार गुलाल की मांग अधिक है। जो बाजार में 150 रुपये के पांच पीस बिक रहे हैं। जो युवाओं को बेहद पसंद आ रहे हैं। तो वहीं अन्य कंपनियों में रंग वाले पटाखे की कीमत 500 से 800 रुपये तक बताई जा रही है। इसके अलावा ब्रांडेड कंपनियों के स्प्रे भी बाजार में आए हैं। जो 90 से लेकर 150 रुपये तक का है।

### टैंक वाली पिचकारी सबसे महंगी

इस होली पर बच्चों के लिए तमाम तरह की पिचकारियां आई हुई हैं। इसके अलावा ड्रैगन शेप में बनी हुई पिचकारी आई है। इन पिचकारियों की कीमत 100 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक की है। टैंक वाली पिचकारी का रेट 250 रुपये से 600 रुपये तक निर्धारित है। ड्रैगन पिचकारी की कीमत भी 500 रुपये में बिक रही है। साथ ही बच्चों में स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि बच्चों को खूब पसंद आ रहे हैं। बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ बाजार में रंग गुलाल छोड़कर इन पिचकारियों को अपनी पसंद बना रहे हैं।

### सिलेंडर और स्मोक गुलाल की डिमांड बढ़ी

वैसे तो आम तौर पर गुलाल 80 से 90 रुपये किलो तक मिलता है, लेकिन इस बार होली पर हर्बल और सिलेंडर के साथ स्मोक गुलाल की धूम मची हुई है। इस बार स्मोक गुलाल का रेट 75 से 150 रुपये तक है। वहीं सिलेंडर गुलाल 1250 रुपये का बिक रहा है। इसके अलावा कंपनी की पैकिंग में आना वाला गुलाल का पैकेट 30 रुपये तक का मिल रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार होली पर ग्राहक हर्बल के अलावा सिलेंडर और स्मोक गुलाल की मांग अधिक है। इस गुलाल से किसी भी तरह का इंफेक्शन न नहीं होने की पूरी संभावना रहती है। हर्बल के अलावा कंपनी में दुल्हन, केमिल गोल्ड गुलाल भी आ रहा है।

### दुकानदार बोले-अबकी हुई अच्छी शुरूआत

पिछले कई सालों से लगातार रंग की दुकान लगाने वाले नंद किशोर कश्यप ने बताया कि इस बार होली पर बाजार की शुरुआत अच्छी हुई है। इस बार बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। रंग गुलाल के अलावा होली के लिए कुर्ते, और टी शर्ट भी बाजार में उतारी गई है। जिसकी कीमत 100 रुपये लेकर 150 रुपये तक है। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपये से 450 रुपये तक की उपलब्ध है। इसके अलावा फैंसी पाइप वाली पिचकारी की भी बाजार में धूम मची है। इस होली पर बेहतर कारोबार होने के अनुमान लगाए जा रहे हैं।

# पूरनपुर कोतवाली का एसपी ने किया निरीक्षण

**पूरनपुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बुधवार शाम पूरनपुर कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर देखा। साथ लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। एसपी के दौरे की भनक लगने पर बुधवार को दोपहर से ही कोतवाली में साफ-सफाई शुरू कर दी गई थी। अभिलेख भी दुरुस्त कर लिए गए थे। एसपी कोतवाली पहुंचे और निरीक्षण कर निर्देश दिए। एसपी ने नगर में पैदल गश्त की। सड़क से अतिक्रमण हटवाया गया। सड़क पर खड़े वाहन हटवाए गए। उधर एसपी ने माधोटांडा थाने का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचने वाली महिला फरियादियों से संबंधित पांच सेकेंड का वीडियो बनाने के निर्देश दिए। थाने में साफ सफाई की उचित व्यवस्था करने और फरियादियों की हर संभव मदद करने को कहा। इसके बाद एसपी अविनाश पांडे सेल्हा बाबा दरगाह पहुंचे। वहां निरीक्षण के दौरान साफ सफाई और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

# पीलीभीत-बीसलपुर रोड पर लगे जाम में फंसकर राहगीर हुए परेशान

संवाददाता, बरखेड़ा

- सड़क के चौड़ीकरण कार्य के चलते किया जा रहा पुलिया का निर्माण
- पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया जाम तब मिली राहत


पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर बरखेड़ा कस्बे में लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बजरी लदा ट्रक पलटने पर मंगलवार सुबह पांच घंटे बरेली हाईवे पर जाम लगा रहा था। दूसरे दिन बुधवार को बीसलपुर मार्ग पर सफर करने वाले राहगीरों की आफत रही। पुलिया निर्माण के चलते यहां कई बार जाम लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया, लेकिन इसके बाद भी वाहनों की रफ्तार सुस्त रही।

पिछले काफी दिनों से पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। इसी के तहत कस्बा बरखेड़ा में नाला व पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। कई जगह पुलियों का निर्माण हो रहा है। कस्बे में ही मुख्य मार्ग से रेलवे स्टेशन को जाने वाले तिराहे के नजदीक गांधी आश्रम के सामने आधे भाग में पुलिया का निर्माण कार्य हो चुका है। इसी स्थान पर शेष बचे आधे मार्ग पर दूसरी तरफ पुलिया बनवाई जा रही है। जिसके चलते बुधवार को जाम की स्थिति बन गई।

चूंकि एक तरफ से ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। ऐसे में वाहनों का लोड बढ़ते ही हालात बिगड़ गए। जब तक एक तरफ से वाहन निकलते दूसरी तरफ वाहनों की कतार लगती रही। कुछ वाहन चालकों ने जल्दबाजी में बीच में ही बेतरतीब तरीके से वाहन घुसा दिए। जिसके बाद दोनों तरफ के वाहनों का आवागमन ठप हो गया। दिन में कई बार जाम लगा और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल के साथ दोपहर में पहुंचे और बमुश्किल जाम खुलवाया। मगर इसके बाद दोबारा बड़े वाहनों की आवाजाही होते ही जाम लगता रहा। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस बल को यातायात व्यवस्था सुनिश्चित रखने के लिए मौके पर लगाया गया है।

# मूल्यांकन कार्य ने पकड़ी रफ्तार आंकड़ा पहुंचा 78 हजार के पार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शिक्षक हत्याकांड के चलते मंगलवार को किया गया था कार्य बहिष्कार

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से चल रहे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पांचवे दिन बुधवार को जारी रहा। दोनों केंद्रों पर 29367 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया है। अभी तक दोनों केंद्रों पर 78,926 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। अब सिर्फ 97, 836 कॉपियों का मूल्यांकन बाकी है।

जिले में दो केंद्रों पर बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। मुजफ्फरनगर जनपद में हुई शिक्षक की हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए तो मंगलवार को मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार शिक्षकों की ओर से किया गया था। इसके बाद बुधवार को मूल्यांकन कार्य शुरु रहा। जीजीआईसी में 17,167 की कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। अब तक इस केंद्र पर 45,152 अब तक मूल्यांकित की जा चुकी है।

अभी 43,785 कॉपियां जांचने को रह गई है। इधर, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 12,200 कॉपियां चेक की गई। अब तक यहां 33774 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है। अब सिर्फ 54051 कॉपियां शेष रह गई है। जो 31 मार्च तक पूरी की जानी है। डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। अभी तक किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। चेक हो चुकी कॉपियों का डाटा ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।

# बाघ के हमले में घायल युवक ने जिला अस्पताल में दम तोड़ा

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

- एक दिन पूर्व महोफ रेंज में घास काटने के दौरान बाघ ने किया था ग्रामीण पर हमला
- डिप्टी डायरेक्टर ने महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी से तलब की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** बाघ के हमले में घायल ग्रामीण की दूसरे दिन बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। महोफ रेंज में घास काटने के दौरान युवक पर बाघ ने हमला कर दिया था। इधर, डिप्टी डायरेक्टर ने महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी से इस पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट वन संरक्षक को भेजी जाएगी।


मृतक धर्मेंद्र सिंह।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव मल्लपुर निवासी 30 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह मंगलवार सुबह गांव के कुछ अन्य साथियों के साथ घास काटने गया था। तभी धर्मेंद्र व उसके साथी पीटीआर की महोफ रेंज पहुंचे। तभी एक बाघ ने धर्मेंद्र पर हमला कर दिया था। साथियों के शोर करने पर बाघ धर्मेंद्र को घायल हालत में छोड़कर भाग गया था। सिर में पंजा लगने से धर्मेंद्र बुरी तरह घायल हो गया था। घायल धर्मेंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर किया गया। बताते हैं कि परिजन बुधवार सुबह धर्मेंद्र को दोबारा जिला अस्पताल ले गए थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चर्चा है कि धर्मेंद्र और उसके साथियों को किसी वनकर्मी द्वारा मजदूरी पर घास काटने के लिए जंगल में बुलाया गया था। इधर, इस पूरे मामले को लेकर पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने महोफ के वन क्षेत्राधिकारी सहेंद्र यादव से रिपोर्ट तलब की है।

### गरीबी के चलते चली गई धर्मेंद्र की जान

ग्रामीणों के मुताबिक धर्मेंद्र सिंह मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार में पत्नी आरती देवी, दो पुत्री और एक पुत्र है। धर्मेंद्र के घायल होने पर साथियों के सहयोग से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर किया गया। परिवार वाले धर्मेंद्र को लेकर बरेली पहुंचे। मगर परिवार के पास इतनी पूंजी नहीं थी कि धर्मेंद्र का इलाज करवा सके। ऐसे में परिवार वाले बुधवार तड़के दोबारा जिला अस्पताल ले गए और भर्ती कराया। दोपहर बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान धर्मेंद्र की मौत हो गई।

> बाघ हमले में घायल ग्रामीण की मौत की जानकारी मिली है। इस मामले में महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी को रिपोर्ट देने को कहा गया है। रिपोर्ट वन संरक्षक को भेजी जाएगी। ग्रामीण जंगल में कैसे पहुंचा, इस मामले की विभागीय जांच कराई जाएगी।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

# पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च निकालते एसएसबी और पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** पुलिस ने एसएसबी के जवानों के साथ बुधवार को नगर सहित क्षेत्र के कई गांवो में फ्लैग मार्च निकाला। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने ग्रामीणों से संवाद कर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। आगामी लोकसभा चुनाव, होली, रमजान माह को देखते हुए भाईचारे का पाठ पढ़ाया। कस्बा बरखेड़ा के मुख्य मार्गों के अलावा गाजीपुर मुगल, पौटा कलां, खमरिया, विक्रमपुर, नरायनठेर जारकलिया, मंगतपुर, पुरवा, अधकटा, लखनऊ कला आदि गांवों में फ्लैग मार्च निकला।

# जमीन के विवाद में दंपति को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव अरसिया बोझ निवासी रामकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बड़ा भाई ओंकार उसके हिस्से की जमीन को हड़पना चाहता था। जिस कारण उसकी शादी नहीं होने दे रहा था। करीब तीन वर्ष पूर्व उसने अपनी शादी थाना गजरौला के गांव जैतपुर मुड़ैला से कर ली थी। बुधवार दोपहर को काम निपटाकर वापस घर आए। गाय को पानी पिलाने जा रहे थे। इस दौरान आरोपी ने मारपीट की। बचाने आई पत्नी पूनम को भी पीटा। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच की जा रही है।

# निशान यात्रा में खूब उड़ा रंग-गुलाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत,


निशान यात्रा के दौरान रंगों से सराबोर श्याम भक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से बुधवार को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। दोपहर करीब तीन बजे रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित द्वारिकाधीश मंदिर से यात्रा शुरू की गई। जिसके बाद सुनगढ़ी तिराहा, मुख्य बाजार, जेपी रोड, सुनहरी मस्जिद चौराहा, चौक बाजार समेत मुख्य मार्गों से गुजरी।

भक्तों ने गुलाल की होली भी खेली। भक्तों ने बाबा के भजन गाए और जमकर थिरके। भक्त सोनल और मुदित अग्रवाल ने पूजन किया। इसके मंदिर में संकीर्तन किया गया।

इस मौके पर अमित अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, नमित मित्तल, लव अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, आशू अग्रवाल, डॉ.कपूर, कमल, हैप्पी, केशव, श्याम आदि रहे।

# हजारा पुलिस ने दबिश के दौरान आरोपी के भाई से की मारपीट

संवाददाता, पूरनपुर

- तबीयत बिगड़ने पर युवक को सीएचसी में भर्ती कराया

**अमृत विचार:** दबिश देने गई पुलिस ने आरोपी के भाई से मारपीट की, जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बुधवार को उसके परिवार वालों ने सीओ से मिलकर शिकायत की है।


घायल हिम्मत सिंह।

थाना हजारा क्षेत्र के गांव टाटरगंज निवासी हिम्मत सिंह ने बताया कि उसके घर बुधवार सुबह करीब पांच बजे कंबोज नगर चौकी पुलिस ने दबिश दी। उस दौरान वह घर में चारपाई पर सो रहे थे। पुलिस ने उसे उठाया और उसके भाई जोगा सिंह के बारे में पूछा। पिछले दिनों जोगा सिंह पर वन अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। हिम्मत सिंह के अनुसार उसने कहा कि जोगा सिंह दूसरे मकान में रहता है। इस पर पुलिस कर्मी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। पुलिस वाले जोगा सिंह को खींचकर बाहर ले गए और जमकर पीटा। परिवार के लोगों ने पहुंचकर उसे बचाया। पुलिस कर्मियों ने शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी और चले गए। परिजन हिम्मत सिंह को सीएचसी पूरनपुर ले गए। पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण नहीं कराया। फिर सीओ से मिलकर शिकायत की गई।

# डीआरएम परिचालन ने पीलीभीत शाहगढ़ ट्रैक का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अधिकारियों ने ट्रैक का निरीक्षण करने के बाद कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश



**अमृत विचार:** पीलीभीत-शाहगढ़ रेलवे ट्रैक लगभग तैयार हो चुका है। सीआरएस निरीक्षण के लिए पत्रावली भेजी जा चुकी है। बुधवार को इज्जतनगर मंडल के डीआरएम परिचालन समेत कई अधिकारियों ने रेल खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। सीआरएस के बाद रेलखंड डिवीजन को हैंडओवर किया जाएगा।

मैलानी से शाहगढ़ के बीच आमान परिवर्तन कार्य होने के बाद ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। अगले चरण में पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच आमान परिवर्तन के साथ विद्युतीकरण का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। इधर बुधवार को इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक परिचालन विजय यादव, डिवीजन मंडल इंजीनियर टीआरडी राजकुमार गंगवार, डिवीजन मंडल इंजीनियर दूरसंचार धनंजय, डिवीजन मंडल इंजीनियर रंजीत ने पीलीभीत से शाहगढ़ के बीच अपने-अपने क्षेत्र के तहत आने वाले कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। आरवीएनएल के सेक्शन प्रभारी कृष्ण मोहन विश्वकर्मा ने कार्यों की जानकारी दी। बता दें कि रेल खंड के सीआरएस निरीक्षण को लेकर पत्रावली पूर्व में ही गोरखपुर भेजी जा चुकी है। सीआरएस के बाद डिवीजन को हैंडओवर करने की दिशा में कार्य चल रहा है। संभावना जताई जा रही है कि शीघ्र ही लोगों को ट्रेन संचालन की सुविधा मिल सकेगी।

### बिना परमीशन काटे सागौन के पेड़, रिपोर्ट

पूरनपुर। ठेकेदार ने खेत में खड़े सागौन के डेढ़ दर्जन पेड़ काट दिए। इसकी शिकायत के बाद वन विभाग की टीम ने जांच की। इस मामले में ठेकेदार और खेत स्वामी पर मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को पूरनपुर क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में लकड़ कट्टों ने आम, शीशम सहित कई फलदार पेड़ों को काट दिया। आरोप है कि इसकी सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। बुधवार को गांव जटपुरा में शेरपुर कलां के ठेकेदार फरहान ने मनोज सिंह के खेत में खड़े सागौन के 16 पेड़ काट दिए। उसने वन विभाग से अनुमति लेना भी उचित नहीं समझा। पेट काटने के बाद उन्हें लकड़ी को भी ठिकाने लगा दिया गया। वन विभाग की ओर से ठेकेदार फरहान और खेत स्वामी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रेंजर पीयूष मोहन ने बताया कि बिना अनुमति सागौन के 16 पेड़ काटने के मामले में केस दर्ज किया गया है।

# मनरेगा नियुक्तियों से जुड़ा डीडीओ का फर्जी आदेश पत्र वायरल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीडीओ बोले- ये पत्र फर्जी, खंड विकास अधिकारियों को दी गई सख्त चेतावनी

**अमृत विचार :** मनरेगा के तहत 11 संविदा कर्मियों की नियुक्ति को लेकर एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल पत्र डीडीओ की ओर से जारी होना दर्शाया गया है। मामला संज्ञान में आने पर डीडीओ ने पत्र को फर्जी बताते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र का संज्ञान न लेने के निर्देश दिए हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पत्र में लिखा गया है कि सफाई एवं अन्य कार्य करने हेतु 11 लाभार्थियों का चयन मनरेगा योजना के अंतर्गत संविदा पर किया गया है। जिसके नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं। आदेशित किया जाता है कि पत्रावली तत्काल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। पत्र डीडीओ की ओर से जारी होना दर्शाया गया है। इसमें पत्रांक संख्या अंकित नहीं है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पत्र की जानकारी प्रभारी डीडीओ शैलेन व्यास को हुई। उन्होंने पत्र को फर्जी बताते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र को संज्ञान में न लेने की बात कही है।

> सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा पत्र फर्जी है। इसमें न तो पूर्व जिला विकास अधिकारी के हस्ताक्षर है और न ही मेरे हैं। सभी खंड विकास अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है। –**शैलेन व्यास**, प्रभारी डीडीओ



# पुलिस छावनी बनी कलेक्ट्रेट, पहले दिन कोई नामांकन नहीं

## सांसद वरुण गांधी और बसपा प्रत्याशी फूलबाबू समेत 13 लोगों के नाम से खरीदे गए पर्चे, नकटादाना चौराहे से कलेक्ट्रेट तक तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के चलते कलेक्ट्रेट परिसर दिनभर पुलिस छावनी बनी रही। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान रहने के साथ अधिकारी भी पूरे समय कलेक्ट्रेट में जमे रहे। हालांकि पहले दिन कोई भी प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करने नहीं पहुंचा। सांसद वरुण गांधी, बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू के नाम से उनके समर्थकों ने पर्चा खरीदा। उनके अलावा 11 अन्य दावेदारों ने अपने लिए पर्चे खरीदे।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट के लिए मतदान पहले चरण में 19 अप्रैल को होगा। बुधवार को शुरू हुए नामांकन को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट में कड़े सुरक्षा इंतजाम रहे। शहर के नकटादाना चौराहे से लेकर कलेक्ट्रेट तक जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। कलेक्ट्रेट तिराहे से लेकर पूरा परिसर पुलिस छावनी में तब्दील रहा। कचहरी तिराहे से लेकर नामांकन कक्ष तक पूरी किलेबंदी रही। आफीसर्स कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर बैरियर लगाया गया। यहां तैनात पुलिस कर्मी आने वाले लोगों से पूछताछ करने के बाद ही अंदर जाने दिया गया। अनावश्यक रूप से आने वाले वाहनों पर रोक रही। वहीं कचहरी तिराहा और कलेक्ट्रेट गेट पर पर पूछताछ के बाद ही प्रवेश दिया गया। पुलिस कर्मी नाम-पते के साथ अंदर जाने का कारण जानने के बाद ही आगे बढ़ने दे रहे थे।

नामांकन को लेकर सिविल लाइन पुलिस चौकी और नकटादाना चौराहे पर भी पुलिस बल तैनात रहा। प्रत्याशियों के आने वाले जुलूस को नकटादाना चौराहे पर रोका जाएगा। जुलूस में शामिल वाहनों के लिए चौराहे के समीप पार्किंग स्थल बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ॠतु पूनिया ने कलेक्ट्रेट जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीओ सिटी विक्रम दहिया, दीपक चतुर्वेदी समेत अन्य पुलिस अफसर मौजूद रहे। पहले दिन कोई भी प्रत्याशी नामांकन करने नहीं पहुंचा। नामांकन का समय पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक तय किया गया है। पहले दिन भाजपा सांसद वरुण गांधी की ओर से उनके निजी सचिव कमलकांत एवं बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू की ओर से पर्चे खरीदे गए। इसके अलावा न्यूरिया के अनवरगंज निवासी मोतीलाल राजपूत, बीसलपुर निवासी संजय कुमार भारती समेत कुछ 13 लोगों ने पर्चे खरीदे।


नकटादाना चौराहे पर जुलूस को रोकने के लिए लगे मोबाइल बैरियर व मुस्तैद पुलिस।


विकास भवन जाने वालों के सामान चेक करती पुलिस।


आफीसर्स कॉलोनी पर लगे बैरियर पर गाड़ी रोककर पूछताछ करते सिपाही।

> निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार से नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू की गई है। पहले दिन कोई भी नामांकन नहीं हुआ। 13 नामांकन पत्र दिए गए हैं।
> **– देवेंद्र सिंह,** सहायक रिटर्निंग आफीसर



कलेक्ट्रेट गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाता कर्मचारी।

### खुफिया निगरानी को लगे 21 सीसी टीवी कैमरे

कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हुए नामांकन को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। वहीं बुधवार को प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने को टनकपुर तिराहा समेत परिसर में अन्य स्थानों पर 21 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

# डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


वेयर हाउस का निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य।

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान वीवी पैट व ईवीएम के रख-रखाव की स्थिति देखी। इससे पूर्व डीएम ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। एक दिन पूर्व मंगलवार को डीएम को कंट्रोल रूम में अव्यवस्थाएं मिली थीं।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेजी से चल रही हैं। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजय कुमार सिंह निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के साथ सील पैक ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को देखा। इसके साथ वेयरहाउस में अग्निशमन उपकरणों, पुलिस सुरक्षा एवं सीसी टीवी कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने दूसरे दिन कंट्रोल रूम का जायजा लिया। जहां सब कुछ ठीक मिला।

- **कंट्रोल रूम में दूसरे दिन भी देखीं व्यवस्था**

एक दिन पूर्व निरीक्षण के दौरान जिला कंट्रोल में अव्यवस्थाएं मिलीं थी। जिस पर उन्होंने तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम वित्त ॠतु पूनिया, सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, बसपा जिला प्रभारी चंद्रशेखर आजाद समेत अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की लूट की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** अदालत के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला ग्यासपुर निवासी शकील की ओर से लूट की रिपोर्ट दर्ज की है। चार दिसंबर 2023 की रात करीब साढ़े दस बजे अपनी दुकान से अपने घर जा रहे थे। नावल्टी टाकीज के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार होकर आए तीन लोगों ने रोक लिया। तमंचा तानकर धमकाया और 14000 रुपये लूट लिए। इसका विरोध करने पर मारपीट की गई। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उस वक्त पुलिस से शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रथम चरण में 3852 मतदान कार्मिकों को मिलेगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **29 मार्च से बेनहर कॉलेज में शुरू होगा प्रशिक्षण, 129 मास्टर ट्रेनर रहेंगे मौजूद**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव ड्यूटी करने वाले 3852 मतदान कार्मिकों को प्रथम चरण में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनरों द्वारा 29 मार्च से दो शिफ्टों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इधर गोमती सभागार में कर्मचारियों से संबंधित ड्यूटी प्रपत्र विभागों को भेजे गए।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेजी से चल रही है। मतदान में करीब विभिन्न विभागों के सात हजार से अधिक कर्मचारियों की मतदान कार्मिक के रूप में ड्यूटी लगाई जानी है। संसदीय क्षेत्र के 1924 बूथों पर मतदान होना है। प्रत्येक बूथ पर चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगानी जानी है।

> मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण को लेकर तैयारी की जा रही है। प्रथम चरण में प्रशिक्षण 29 मार्च से शुरू होगा। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाएगा। संबंधित विभाग को चुनाव ड्यूटियां भेज दी गई हैं।
> **–धर्मेंद्र प्रताप सिंह,** सीडीओ

प्रत्येक टीम में एक पीठासीन अधिकारी और तीन मतदान अधिकारी शामिल रहेंगे। इसको लेकर सभी विभागों से कर्मचारियों का ब्यौरा मांगा गया था। इधर बुधवार को गोमती सभागार में नोडल, मतदान कार्मिक/सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह की देखरेख में मतदान कार्मिकों के ड्यूटी संबंधी प्रपत्र विभिन्न विभागों को भेज दिए गए।

### दो शिफ्टों में होगा प्रशिक्षण

चुनाव ड्यूटी करने वाले मतदान कार्मिकों को 29,30 एवं 31 मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में 1926 पीठासीन अधिकारियों एवं 1926 मतदान अधिकारियों (प्रथम) को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 128 मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण स्थल बेनहर कॉलेज को बनाया गया है। प्रशिक्षण दो शिफ्ट में होगा। पहली शिफ्ट सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक एवं दूसरी शिफ्ट दोपहर दो बजे से सायं साढ़े पांच तक होगी।

# उत्तराखंड सीमा पर की गई वाहन चेकिंग


उत्तराखंड सीमा पर कार चेक करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए उत्तराखंड सीमा पर चेकिंग तेज कर दी गई है। बुधवार को भी मझाला-खटीमा, अमरिया-सितारगंज मार्ग पर मुड़लिया गौसू, बिरहैनी पुलिस चौकी के पास बैरियर लगाकर टीम चेकिंग करती रही। टीम में गन्ना पर्यवेक्षक मुनीश कुमार, मित्रपाल, दरोगा विनोद कुमार राठी, सिपाही संदीप कुमार, अंकित चौधरी आदि रहे। कार सवारों को रोका गया। वाहन की चेकिंग की गई और संदिग्धता पर वाहन सवार लोगों से सवाल जवाब कर अभिलेख भी चेक गए गए।

# भाजपा प्रत्याशी के नाम पर समर्थकों का सोशल वार, मगर अभी और करिए इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **22 को होगी भाजपा की कोर कमेटी की बैठक, 23 को तीसरी लिस्ट जारी होने के आसार**
- **सपा ने भगवत सरन गंगवार पर जताया भरोसा, बसपा फूलबाबू के नाम की कर चुकी है घोषणा**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को लेकर सस्पेंस बरकरार है। बसपा के बाद समाजवादी पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। वहीं, भाजपा में दावेदारों के समर्थकों के बीच सोशल मीडिया पर सोशल वार छिड़ा है। मगर अभी दो दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। भाजपा की तीसरी लिस्ट 23 मार्च को आने की उम्मीद जताई जा रही है।

भाजपा का प्रत्याशी तय न होने से कार्यकर्ता असमंजस में हैं। बहुजन समाज पार्टी ने सबसे पहले पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को अपना टिकट सबसे पहले घोषित किया जा चुका है। वहीं, बुधवार देर शाम समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार को टिकट देने का ऐलान कर दिया। भाजपा में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त हैं। हर घंटे सोशल मीडिया पर एक नए नाम की चर्चा हो रही है। उसके बाद गली, नुक्कड़ और चौराहों पर भी एक ही सवाल सभी की जुबां पर है कि आखिर भाजपा का टिकट किसे मिलेगा? इस सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद वरुण गांधी हैं। भाजपा के अधिकांश दावेदार दिल्ली में डेरा जमाए हुए हैं। जब तक टिकट फाइनल नहीं हो रहा, सभी अपने समर्थकों से संपर्क कर जोश भरने में जुटे हुए हैं। पहले ये माना जा रहा था कि 20 या 21 मार्च तक भाजपा की तीसरी सूची जारी हो सकती है। बताते हैं कि अब इसमें थोड़ा और इंतजार करना होगा। 22 मार्च की शाम को भाजपा की कोर कमेटी की बैठक बुलाई गई है। जिसमें लोकसभा उम्मीदवारों के टिकट फाइनल किए जाएंगे। इसके बाद यानी 23 मार्च को ही लिस्ट जारी होने की उम्मीद अब भाजपाई भी जता रहे हैं। इसके बाद चुनाव और रोचक होगा।

# सपा ने पूर्व मंत्री भगवतसरन गंगवार पर जताया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **नवाबगंज से छह बार विधायक रह चुके हैं भगवत सरन गंगवार**



**अमृत विचार:** पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट के लिए बुधवार को सपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार पर भरोसा जताया है। पार्टी हाईकमान की ओर से जारी सूची में उनका नाम शामिल है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो चुकी है। बुधवार को दिन भर इंतजार के बाद देर शाम समाजवादी पार्टी की ओर से छह लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी की गई। इसमें पीलीभीत-बहेड़ी सीट से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार को सपा का प्रत्याशी घोषित किया गया है। हालांकि उनकी दावेदारी पहले से प्रबल मानी जा रही थी। एक दिन पहले मंगलवार को पीलीभीत जिला कार्यकारिणी को लखनऊ बुलाकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव को लेकर मंथन किया था। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने बताया कि पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। भगवत सरन गंगवार मूलरूप से बरेली की तहसील नवाबगंज के अहमदाबाद गांव निवासी हैं। वह नवाबगंज से छह बार विधायक रहे हैं।

### कहासुनी के बाद युवक को पीटा

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इमलिया मरौरी में खेत में पानी भरने के बाद हुई कहासुनी में मारपीट हो गई। गांव के ही राम बहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही रमेश चंद, अतुल देव, जय प्रकाश के खिलाफ बुधवार सुबह लाठी डंडे से पिटाई करने का आरोप लगाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास, सास व ससुर दोषमुक्त

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- **सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को सुनाया फैसला**
- **2022 में बीसलपुर कोतवाली इलाके में हुई थी वारदात**

**अमृत विचार :** दो साल पुराने हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया। पत्नी की हत्या में दोषी पाए जाने पर पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड भी डाला है। आरोपी मृतका के ससुर वेदपाल व सास गुड्डी देवी को दोषमुक्त कर दिया। जुर्माने की आधी धनराशि प्रतिकर के रूप में वादी को दिए जाने का आदेश सुनाया।

न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम गिधौर निवासी नानकचंद ने कोतवाली बीसलपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वादी की पुत्री रजनी की शादी घटना से तीन साल पहले प्रदीप कुमार से हुई थी। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग करते थे। इसके पूरा न करने पर ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। एक दिसंबर 2022 की सुबह करीब सात बजे वादी की पुत्री रजनी को पति, सास, ससुर ने मिट्टी का तेल छिड़ककर जान से मारने की नियत से जला दिया। झुलसी हालत में विवाहिता को सीएचसी बरखेड़ा ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल पीलीभीत और फिर बरेली रेफर कर दिया गया। उसी दिन जिला अस्पताल बरेली में इलाज के दौरान रजनी की मौत हो गई। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई सत्र न्यायालय में चली। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा ने रजनी की हत्या का दोषी पाते हुए उसके पति प्रदीप कुमार को सजा सुनाई। वहीं, ससुर वेदपाल और सास गुड्डी देवी को दोषमुक्त कर दिया है।

# बिजली तार चोर गैंग का खुलासा, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जहानाबाद थाना पुलिस व एसओजी ने बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से जहानाबाद व न्यूरिया समेत कई जगहों से चोरी का करीब चार क्विंटल तार बरामद हुआ। चार पहिया वाहन व असलहा भी बरामद हुए। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

इलाके में कुछ दिनों से बिजली के तार चोरी होने की घटनाएं हो रही थीं। बरखेड़ा, न्यूरिया, जहानाबाद आदि क्षेत्रों में इसी माह कई घटनाएं हुईं। जहानाबाद व न्यूरिया क्षेत्र में 13 मार्च को तार चोरी की घटना हुई थी। बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी विक्रम दहिया व सीओ सदर प्रतीक दहिया ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि जहानाबाद पुलिस ने सोनभद्र के सिल्थम गांव निवासी ठेकेदार बालमुकुंद की ओर से तार चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। इस मामले में इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला व एसओजी प्रभारी हरीश शर्मा ने टीम के साथ सुरागरसी की। इसके बाद बरेली व उत्तराखंड के कुछ अपराधियों के नाम प्रकाश में आए। मंगलवार 19 मार्च की रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बिजली के तार चोरी करने वाला गिरोह बिलई तिराहे के पास वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर टीम ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को दबोच लिया। इनमें बरेली जनपद के थाना बहेड़ी क्षेत्र के मोहल्ला अब्बासनगर निवासी मोहम्मद अफसर, सिटी डांडी बहेड़ी निवासी मोहम्मद जुनैद, बरेली शहर के मोहल्ला किला छावनी निवासी सोहिल और रुद्रपुर (उत्तराखंड) के मोहल्ला तराई बिहार निवासी कमल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से एक बोलेरो, दो पिकअप, दो तमंचे, दो कारतूस, एक चाकू, चार मोबाइल, चार क्विंटल एल्युमीनियम तार व 20500 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इन दिनों बिजली के तार बदले जा रहे हैं। कई जगह नए तार के ड्रम रखे हुए हैं तो कई जगह उतारे गए पुराने तार रखे हैं। दिन में ही वाहन से घूमकर रेकी करते थे और फिर रात में चोरी कर लेते थे।


घटना का खुलासा करते एएसपी विक्रम दहिया और पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- **चार क्विंटल एल्युमीनियम का तार एक बोलेरो, दो पिकअप, 20500 रुपये और असलहा बरामद**

### न्यूरिया पुलिस ने पांच दिन बाद लिखी रिपोर्ट

पकड़े गए आरोपियों ने न्यूरिया क्षेत्र में भी बिजली के तार चोरी किए थे। तार चोरी की यह घटना भी तेरह मार्च को भिंडारा के स्कूल में हुई थी। शुरूआत में न्यूरिया पुलिस चोरी को दबाने की कोशिश में लगी थी। इधर, जहानाबाद पुलिस और एसओजी टीम के गिरोह तक पहुंचने का पता चला तो आनन-फानन में न्यूरिया पुलिस ने ठेकेदार को बुलाकर 18 मार्च को रिपोर्ट दर्ज की। ठेकेदार शिवकुमार शर्मा ने बताया कि पहले पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी थी। उन्हें एक दरोगाजी ने कॉल कर थाने पहुंचने को बताया। फिर वह अठारह मार्च को गए थे। वहां तेरह को हुई घटना की नई तहरीर लिखवाई गई थी। अब पता तो चला था कि कुछ लोग पकड़े हुए है। मगर खुलासे और बरामदगी के बारे में हमें अभी कुछ नहीं बताया गया है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)




Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
दसवां रोज़ा इफ्तार - 21 मार्च 2024
सुन्नी - 06:26 बजे
शिया - 06:34 बजे
ग्यारहवां रोज़ा सहरी - 22 मार्च 2024
सुन्नी - 04:51 बजे
शिया - 04:42 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# पहले दिन हिंदी, गणित और कला का पेपर हुआ

## परिषदीय स्कूलों में परीक्षाएं शुरू, जिले में 1499 परिषदीय और नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से बुधवार को समस्त परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाएं शुरू करा दी गईं। पहले दिन बुधवार को कक्षा चार से आठ तक के छात्र-छात्राओं का गणित और कला का पेपर हुआ। परीक्षा के लिए स्कूलों में प्रश्न पत्र पहले ही पहुंचा दिए थे। परीक्षा दो पालियों में कराई गई। खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया।


प्राथमिक विद्यालय सुनगढ़ी में परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

जिले में 1499 परिषदीय और नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हैं। इनमें 1.95 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इन स्कूलों में कुछ छात्र-छात्राओं को छोड़कर सभी परीक्षा में सम्मिलित हुए। वार्षिक परीक्षा दो पालियों में हुई। प्रथम पाली में परीक्षा सुबह 9:15 से 11 बजे तक हुई। स्कूलों में द्वितीय पाली 12 :15 बजे तक से 2.45 बजे तक परीक्षा हुई। कक्षा एक की परीक्षा मौखिक कराई गई। इसके अलावा कक्षा दो में हिंदी, कक्षा तीन में सामाजिक विषय, कक्षा चार, पांच, छह, सात और आठ में गणित विषय की परीक्षा कराई गई। सभी जगह प्रश्न पत्र पहले ही पहुंचा दिए गए थे।

मगर बरखेड़ा ब्लॉक में भेजे गए प्रश्न पत्र के बंडल में गणित का पेपर नहीं निकला। जिस वजह से यहां परीक्षा देर से शुरू हो सकी। परीक्षा के दौरान बीएसए और खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई विभागीय अफसरों ने स्कूल में पहुंचकर परीक्षा से संबंधित जानकारियां हासिल की।बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि सभी स्कूलों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराई गई। कक्षा एक को छोड़कर सभी की लिखित परीक्षा कराई गई है। बरखेड़ा में गणित के पेपर न होने की जानकारी मिली थी, जिससे दुरुस्त करा दिया गया। अब गुरुवार को नैतिक शिक्षा, विज्ञान और हिंदी का पेपर कराया जाएगा। सभी को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कह दिया गया है।

# 650 संविदा कर्मियों के खाते में पहुंचा मानदेय, मिली राहत

● **सीएमओ की डीएससी एक्सपायर होने से कर्मचारियों का अटक गया था मानदेय**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मानदेय टकने से परेशान स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। डीएससी एक्सपायर होने और पीएमएफएस पोर्टल न चलने की वजह से संविदा कर्मचारियों का मानदेय अटक गया था, जो उनके खाते में भेज दिया गया है। मानदेय मिलने से कर्मचारी टेंशन मुक्त हो गए। मानदेय मिलने के बाद सभी होली की तैयारियों में जुट गए हैं।

सीएमओ के अधीन करीब 650 संविदा कर्मचारियों को फरवरी माह का मानदेय अफसरों की लापरवाही की वजह से फंस गया था। तीन मार्च को सीएमओ और एसीएमओ का डीएससी एक्सपायर हो गई थी। जिसकी जानकारी विभाग 22 फरवरी इसकी मेल आई थी। मगर, जिला लेखा प्रबंधक की लापरवाही के चलते इस मेल पर गौर नहीं किया और न अफसरों को सूचना दी गई। जब कर्मचारियों के खाते में मानदेय नहीं पहुंचा तो कर्मचारियों ने सीएमओ डॉ. आलोक कुमार से मुलाकात कर मानदेय दिलाने का आग्रह किया। जब जानकारी की गई तो पता चला कि बीते दस दिनों से अटके डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) दस मिनट में बनकर तैयार कर दी गई। बीते गुरुवार को आनन-फानन में पोर्टल पर डीएससी लगाकर सभी संविदा कर्मचारियों के मानदेय की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई, लेकिन खामी की वजह से पैसा खातों में नहीं पहुंच सका है। जिस वजह से कर्मचारियों को लग रहा था कि होली पर उन्हें मानदेय नहीं मिल सकेगा। काफी प्रयासों के बाद मंगलवार को कर्मचारियों के खाते में मानदेय भेज दिया गया। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि डीएससी एक्सपायर होने के चलते मानदेय में देने में देरी हुई थी। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी का लिखित स्पष्टीकरण तलब किया गया है। अब सभी का मानदेय जारी कर दिया गया है।

# परीक्षा परिणाम पाकर पर खिले बच्चों के चेहरे

**पीलीभीत, अमृत विचार:** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में केजी का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। ग्रेजुएशन सेरेमनी भी आयोजित की गई। जिसमें बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ किंडर गार्डन सर्टिफिकेट, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थी फोटो युक्त मोमेंटो और सर्टिफिकेट्स पाकर खुश हो गए। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। अभिभावक ने बच्चों द्वारा पूरे वर्ष की गई गतिविधियों का प्रोजेक्टर के माध्यम से अवलोकन किया। अभिभावक अपने बच्चों की पल-पल की गतिविधियों को देखकर भावविभोर हो उठे। हेडमिस्ट्रेस सोनिया शर्मा ने अभिभावकों को बच्चों के अच्छे रिजल्ट के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने प्रथम कक्षा में आने पर सभी बच्चों को बधाई दी। लगन व मेहनत से पढ़ने की प्रेरणा दी। कक्षा केजी -ए में प्रथम स्थान नियति वर्मा, द्वितीय स्थान प्रत्यक्ष पटेल, तृतीय स्थान शिव गुप्ता ने प्राप्त किया। केजी-बी में हिमांशी राज ने प्रथम अक्षय अग्रवाल ने द्वितीय और अर्जुन अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्पोर्ट्स मीट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**पीलीभीत।** गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल के जंगरौली कैंपस में बुधवार को स्पोर्ट्स मीट के तहत आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया। पहले दिन ऑब्स्टेबल रेस, सैक रेस, बैलेंस बॉल रेस, अरेंज दा चेयर गेम, फॉग रेस, हैट रेस, वॉर्म रेस की प्रतियोगिता कराई गई। इसमें प्ले ग्रुप से कक्षा एक तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। स्पोर्ट्स मीट की शुरुआत प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका सोनिया गोस्वामी ने पूजन के साथ कराई। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपे हुनर को उभारा जा सकता है। परीक्षा के मानसिक तनाव को दूर करते हुए उत्साह के साथ नए सत्र में उन्हें प्रवेश कराना भी उद्देश्य रहता है। खेल से बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक, सामाजिक व नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर खेल शिक्षक अक्षय, अभिनव तिवारी, मीना, कृपानशी, अंशिका, आयशा, प्रीति का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### शिक्षा को प्रभावशाली बनाने पर दिया जोर



**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उत्कृष्टता केंद्र नोएडा की ओर से शिक्षक क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। इसमें रिसोर्स परसन मीता गुप्ता, आरसी धस्माना शामिल हुए। संचालन विद्यालय की शिक्षिका अंजू शर्मा ने किया। कॉलेज के कार्यकारी निदेशक डा. हेमन्त जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद के साथ ही समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व अन्य विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा संस्थानों एवं शिक्षकों की मूल्य शिक्षा को अधिक प्रभावशाली बनाना है। शिक्षक–शिक्षिकाओं को पाठ योजना का महत्व बताया गया।

### पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग



**पूरनपुर।** बदायूं में हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। बुधवार को उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार को सुरक्षा और मुआवजा दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बदायूं में दो मासूम भाइयों की हत्या कर दी गई थी। इस घटना से पूरे समाज में भय और रोष व्याप्त है। एक आरोपी का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया था। ज्ञापन में हत्या कांड में शामिल दूसरे आरोपी का एनकाउंटर करने की भी मांग की गई। पीड़ितों को सुरक्षा मुहैया कराने और दो करोड़ रुपये मुआवजा दिलाने की मांग की गई। इनमें शिवम भदौरिया, धनंजय मिश्रा, सोनू वर्मा, विधि ओम सिंह, विजय सिंह, आनंद कुमार, अतुल वर्मा आदि रहे।

### मझोला में धूमधाम से निकाली निशान यात्रा



**मझोला।** एकादशी के मौके पर बुधवार को खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। गन्ना सोसायटी स्थित शिव मंदिर से खाटू श्याम बाबा की पालकी व निशान यात्रा सुबह साढ़े 11 बजे शुरू हुई। सबसे आगे श्याम भक्त हाथों में झंडी लेकर चल रहे थे। पीछे रथ पर सजी श्री खाटू श्याम बाबा की पालकी थी। यात्रा मंदिर से शुरू होकर विद्युत उपकेंद्र होते हुए उत्तराखंड सीमा तक गई। वहां से वापस खटीमा पीलीभीत मार्ग होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुंचें। भक्तों ने गुलाल की होली खेली। भजनों पर भक्त जमकर थिरके। इसके बाद मंदिर परिसर में कीर्तन संध्या हुई।

### अवंतीबाई के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

**पूरनपुर।** लोधी महासभा ने बुधवार को शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस मनाया। इस अवसर पर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय लोधी महासभा की ओर से नगर के एक बरातघर में वीरांगना अवंतीवाई का बलिदान दिवस मनाया। सर्वप्रथम श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके साहस और राष्ट्र योगदान के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि देश के लिए दिए गए उनके बलिदान को भुलाया नही जा सकता। समाज के लोगों से अवंती बाई के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। इसमें महेंद्र सिंह लोधी, रामसनेही वर्मा, सच्चिदानंद वर्मा, अखिलेश वर्मा, ढाकन लाल वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा, शिवम वर्मा, सुधांशु वर्मा, रविंद्र कुमार राजपूत नंद, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, मुकेश वर्मा, राम अवतार वर्मा, छत्रपाल वर्मा, नरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिंल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक



ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः–
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :– ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

रमज़ान मुबारक
दसवां रोज़ा इफ्तार - 21 मार्च 2024
सुन्नी - 06:21 बजे
शिया - 06:31 बजे
ग्यारहवां रोज़ा सहरी - 22 मार्च 2024
सुन्नी - 04:35 बजे
शिया - 04:39 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी

# सावधान: होली पर मिलावटी खाद्य पदार्थ कर सकते हैं सेहत खराब

## होली पर दुग्ध उत्पादों में सबसे ज्यादा होती है मिलावट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रंग गुलाल के साथ व्यंजनों का पर्व होली मिलावट से बदरंग हो सकता है। त्योहारों पर मिलावट का धंधा जोरों पर होता है। मिलावटी व सिंथेटिक मावा का व्यापार होली नजदीक आते ही जोर पकड़ने लगता है। मावे की सफेदी देखकर खरीदारी करने की गलती सेहत पर खासा असर डाल सकती है। लिहाजा, बाजार में खोया खरीदते समय असली-नकली की पहचान होना जरूरी है।

होली पर अतिथियों का स्वागत गुझियों से करने की परंपरा है, जिससे लगभग प्रत्येक घर में गुझिया बनाने के लिए मावा खरीदा जाता है। जिले की आबादी करीब 50 लाख से अधिक है तो वहीं दूध का उत्पादन औसतन 3,43,750 लीटर होता है। इसमें 1.60 लाख लीटर दूध डेयरियों के जरिए दूसरे जनपदों में भेजा जाता है। कारोबारी दूध से फैट व एसएनएफ की चोरी करते हैं। निकाले गए पोषक तत्वों से ज्यादा मात्रा में दूध तैयार किया जाता है। फिर मिलावट कर इसकी मात्रा और बढ़ा देते हैं। इस हिसाब से डिमांड के सापेक्ष प्रतिदिन हो रहे दूध उत्पादन से मावा की डिमांड पूरी होना संभव नहीं है। ऐसे में कुछ लोग मिलावट करके या सिंथेटिक तरीके से नकली मावा बनाकर मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में लगे रहते हैं।


दुकान पर बिकने के लिए रखीं मिठाइयां। ● अमृत विचार


तैयार किया जा रहा खोया।

**ऐसे तय होते हैं दूध के मानक:**

● खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम बाजार में कर रही निगरानी

सहायक आयुक्त खाद्य कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि गाय के दूध में 87 प्रतिशत पानी व शेष 13 प्रतिशत फैट व वसा रहित ठोस पदार्थ (एसएनएफ) होता है। जांच के दौरान इनके नमूने फेल होने से फैट व एसएनएफ की मात्रा कम मिलती है, जिसका कारण पानी की मिलावट करना या फिर क्रीम निकालना है। अधोमानक पाए गए पनीर में भी फैट की मात्रा कम होती है। खोया में 30 प्रतिशत फैट और 70 प्रतिशत एसएनएफ होना चाहिए लेकिन इसमें अधोमानक पाए जाने वाले नमूनो में स्टार्च के तौर पर आलू, मैदा, आरारोट की मिलावट पाई गई है।

**ऐसे पहचानें मिलावट:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी बताते हैं कि असली मावा को पहचान के लिए आयोडीन टिंचर की दो-तीन बूंद मावा में डालें। असली मावा होने पर रंग लाल हो जाएगा। मिलावट होने पर मावा का रंग काला हो जाएगा। इसी तरह शुद्ध मावा रगड़ने पर चिकनाहट छोड़ता है, जबकि मिलावटी मावा मसलने से बत्ती बनकर अलग-अलग हो जाता है।

### टीम ने बेसन, सरसों तेल व पनीर समेत दस नमूने लिए



लखीमपुर खीरी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बुधवार को जिले भर में अभियान के तहत बेसन, सरसों के तेल और पनीर के दस नमून संग्रहीत किए। सहायक आयुक्त कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि पलिया, अंदेशनगर, निघासन, सैदापुर, मोहम्मदी, सिसैया, अदलीसपुर, लखीमपुर नगर पालिका से बेसन के दो, सरसों तेल के चार, पनीर का एक, पेड़ा, घी, पामोलीन ऑयल का एक-एक सहित कुल 10 नमूने संग्रहीत किए गए, जबकि मोहम्मदी में सात टिन सरसों तेल जब्त किया। होली अभियान के तहत 18 से 20 मार्च तक कुल 21 नमूने संग्रहीत किये जा चुके हैं।

### पिछले साल होली से अब तक 89 नमूनों में 39 हुए फेल

खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, पिछले साल होली से अब तक 89 नमूनों की जांच रिपोर्ट मिली है। इनमें से 39 नमूने अधोमानक पाए गए हैं। दूध में फैट व एसएनएफ की मात्रा मानक से कम पाई गई है। खोया के 26 नमूनों में से 13 नमूने अधोमानक पाए गए हैं। पनीर के 19 नमूनों में से 14 की रिपोर्ट अधोमानक हैं। उन्होंने बताया कि एक साल के अंदर दूध, पनीर और मावा के भेजे गए नमूनों में मिलावट की मात्रा नहीं पाई गई है। मिलावटखोरी के पीछे अधिक मुनाफा कमाने की मंशा रहती है। ऐसे कारोबारियों के खिलाफ एसडीएम कोर्ट में वाद दायर किए जाते है।

> मिलावटी मावा की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाया गया है। सभी तहसीलों और ब्लाक मुख्यालयों पर टीमें सैंपल भर रही हैं। मिलावटी मावा अथवा अन्य पदार्थ की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी दुकानों को शुद्धता रखने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। - **कौशलेंद्र शर्मा, अभिहित अधिकारी**- एफएसडीए।

## होली हाट 2024 सामाजिक समर्थन और साझेदारी का परिचय

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जेसीआई लखीमपुर संकल्प की ओर से बुधवार को होली हाट का आयोजन किया गया। इसमें नगर की महिलाओं ने स्टॉल लगाकर स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया। इसका आरंभ राम गोपाल अग्रवाल एवं गो सेवक देव जुनेजा ने हनुमान चालीसा का पाठ कर किया। जेसीआई अध्यक्ष रूपाली ने बताया कि होली हाट का आयोजन जेसीआई लखीमपुर संकल्प की नीव रखने वाले वर्ष 2022 मार्च से ही शुरू किया गया था। जो अनवरत जारी है। इस दौरान लकी ड्रॉ निकाले गए, जिसमें प्रथम पुरस्कार ब्रह्म ऋषि नागर, द्वितीय पप्पू नागर और तृतीय पुरस्कार रानी तिवारी को मिला। इस मौके पर समाजसेवा के लिए लेखनी सेठ और रमेश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। निधि गुप्ता, निधि गोयल, महजबीं, शशि, राधा सिंह, प्रिया तिवारी, अपूर्व तिवारी, आद्या तिवारी, प्रियांशु दीक्षित, अनुज शुक्ला, मधुलिका त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर डिपो के अनुबंधित बस मालिकों ने बुधवार को एआरटीओ ऑफिस पहुंचकर उनसे मुलाकात की। अनुबंधित बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के शाखा अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने बताया कि बुधवार को एआरटीओ एवं प्राइवेट बसों के मालिकों से बात हुई। मगर, वह विफल रही। उन्होंने बताया कि डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए पिछले सात दिन से एसपी, सीओ एवं एआरटीओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। मगर, कार्रवाई करने बजाय सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही डग्गामार बसों को पूर्ण रूप से बंद नहीं किया गया तो अनुबंधित बस मालिक बसों के साथ एआरटीओ कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।

### सडक दुर्घटना में दो घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में थाना फूलबेहड के ग्राम सकरन निवासी नवनीत (40) पुत्र सालिगराम और कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर गोकुल निवासी हेमनाथ (60) पुत्र सीताराम सडक दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 26 दिनों बाद भी गोला से लखनऊ नहीं पहुंची रजिस्ट्री

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** भारतीय डाक व्यवस्था दिन पर दिन चरमराती जा रही है। गोला से लखनऊ भेजी गई रजिस्ट्री 26 दिन बाद भी नहीं पहुंची हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं।

नगर के व्यापारी महेश कुमार पटवारी ने 22 फरवरी को गोला के मुख्य पोस्ट ऑफिस से एक रजिस्ट्री लखनऊ के लिए की थी, जिसमें जरूरी कागज और पोस्ट डेटेड चेक लखनऊ भेजे गए थे, लेकिन 20 मार्च को 26 दिन बाद भी रजिस्ट्री नहीं पहुंची। जब महेश ने स्थानीय पोस्ट ऑफिस में संपर्क किया तो कर्मचारी ने शिकायती पत्र लेने से इनकार करते हुए ई-मेल पर शिकायत भेजने को कहा और कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। महेश कुमार पटवारी के पुत्र निशांत पटवारी ने पोस्ट ऑफिस कस्टमर सर्विस पर मेल भेज कर मामले की शिकायत की है और 26 दिन पहले भेजी गई रजिस्ट्री निर्धारित पत्ते पर शीघ्र भिजवाने की मांग की है। जबकि गोला से लखनऊ रजिस्ट्री तीसरे दिन डिलीवर हो जाती है। ऐसे ही डॉ. अविनाश वर्मा ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मेरठ में अपनी बेटी के लिए पार्सल भेजा था, जो कटा फटा पहुंचा। आधा सामान गायब था। इसकी शिकायत की जा चुकी है, पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

## अशोक चौराहे पर हाईमास्ट लाइट में उलझा बैलून

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के एक निजी विद्यालय द्वारा प्रचार प्रसार के लिए लगाया गया बैलून अशोक चौराहे के निकट लगी हाईमास्ट में उलझ गया, लेकिन बड़ा हादसा टल गया। एक निजी विद्यालय ने अशोक चौराहे के निकट बिल्डिंग से कई दिन पूर्व बड़ा गुब्बारा बांध दिया था, जो बुधवार की शाम को तेज हवा चलने से चौराहे पर लगी हाईमास्ट में उलझ गया। गनीमत रही कि हाई मास्ट टूटकर नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो जाता। जिसे हटाने को लेकर नगर पालिका और स्कूल प्रशासन घंटों मशक्कत करता रहा, जिससे बमुश्किल देर शाम तक उतारा जा सका।

## 90 हजार बकाया न मिलने पर टावर पर चढ़े पूर्व नगराध्यक्ष

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** केन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय से बकाया भुगतान की मांग को लेकर अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद वादाखिलाफी से नाराज होकर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता मोबाइल टावर पर जा चढ़ गए, जिसकी सूचना पाते ही अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। तहसीलदार के आश्वासन पर एक घंटे बाद सुनील गुप्ता नीचे उतरे तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष, बाथम वैश्य महासभा के अध्यक्ष और युवराजदत्त महाविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील गुप्ता केन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा बकाया भुगतान न दिए जाने से नाराज होकर मोहल्ला मुन्नूगंज में रक्षादेवी मंदिर के निकट मोबाइल टावर पर चढ़ गए। उनका कहना है कि वर्ष 2013 में उनके भाई राजीव कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय में छत के ऊपर हाल बनाने का कॉन्ट्रैक्ट लिया था। दोनों भाइयों ने काम पूरा करा दिया। तब चार लाख का भुगतान दे दिया गया था। लगभग 90 हजार रुपए बाकी रहे गए थे। जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने इससे पहले 18 अक्टूबर से भूख हड़ताल शुरू की थी, जो तीन दिन चली थी। एसडीएम रत्नाकर मिश्र और तत्कालीन तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता भी धरनास्थल पर पहुंच गए थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह तहसीलदार की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन कर 15 दिनों में मामले का निपटारा करा देंगे, जिस पर सुनील गुप्ता सहमत हो गए थे, फिर एसडीएम रत्नाकर मिश्र और प्राचार्य पंकज सिंह ने जूस पिलाकर हड़ताल खत्म कराई थी। सुनील गुप्ता ने चेतावनी दी थी कि यदि 15 दिनों में उन्हें भुगतान न मिला तो वह फिर आंदोलन शुरू कर देंगे। मौके पर पहुंचे तहसीलदार सुखबीर सिंह का कहना था कि उन्होंने सुनील गुप्ता से मार्च भर का समय मांगा था। सुनील गुप्ता का कहना है कि पहले 15 दिन का समय लिया गया था और पूरे पांच महीने बीत गए, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। तहसीलदार ने सुनील गुप्ता को आश्वासन दिया कि लोक निर्माण विभाग के आर्किटेक्ट को लिखा है। जो कराए गए निर्माण की रिपोर्ट देगा। 31 मार्च तक हर हाल में मामले का पटाक्षेप करा दिया जाएगा। तब एक घंटे बाद वह टावर से नीचे उतरे। तहसीलदार ने सुनील गुप्ता से लिखवाया है वह कॉलेज प्रशासन से क्षुब्ध होकर टावर पर चढ़े थे।


गोला में मोबाइल टावर पर चढ़े सुनील गुप्ता।

● तहसीलदार के आश्वासन पर एक घंटा बाद नीचे उतरे सुनील गुप्ता

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN PHARMACEUTICAL INDUSTRIES LTD.
LUPIN PHARMACEUTICALS, INC.
Pfizer
pil Psychotropics India Limited
MACLEODS
Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## अचानक घर में लगी आग में सामान जलकर राख


आग की लपटों से घिरा घर। ● अमृत विचार

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बबौना में घर में आग लग गई। आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाकर अग्निशमन की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसका पता नहीं लग सका।

मंगलवार शाम को थाना क्षेत्र के गांव बबौना निवासी शरीफ के कच्चे और फूस के बने घर में आग लग गई। सभी लोग घर से बाहर काम करने के लिए गए हुए थे। घर में केवल उनकी बेटी थी। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया। घर में रखा गृहस्थी का सामान समेत साइकिल, ठेलिया और बक्से में रखे जरूरी कागजात सभी के आधार कार्ड, बैंक पास बुक, पायल, आभूषण समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत की, किंतु आग की लपटें आसमान छू रहीं थीं। तभी ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी राजू राव और अग्निशमन कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आग पर किसी तरह काबू पाया। शरीफ मेहनत मजदूरी तथा ठेलिया चलाकर किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

## स्कूल में अमर्यादित व्यवहार करने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** फूलबेहड़ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बसहा भूड़ के प्रधानाध्यापक विश्व दीपक सक्सेना को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। इसका कारण पिछले दिनों सोशल मीडिया पर बच्चों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने का वीडियो वायरल होना है। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि वीडियो वायरल होने पर प्रकरण की खंड शिक्षा अधिकारी से जांच कराई गई थी। जांच आख्या में मामला सही मिला है।

प्रधानाध्यापक का यह कृत्य जहां शिक्षक आचरण सेवा नियमावली के विरुद्ध है तो वहीं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है। उन्होंने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर प्राथमिक विद्यालय जंगल नंबर-10 से संबद्ध कर दिया गया है।

## शांतिपूर्वक हुई पहले दिन की परीक्षा

बेसिक शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। पहले दिन की परीक्षा दोनो पालियों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर और यूपीएस पिपरिया का निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया और बच्चों से परीक्षा को लेकर बातचीत की।

बीएसए ने बताया कि जिले के 3106 परिषदीय विद्यालय में 1973 प्राथमिक, 427 संविलियन और 406 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं। इनमें 5,52,734 छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं। जिनकी परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 09:15 से 11:45 तक और दूसरी पाली की परीक्षा 12:15 से दोपहर 02:45 तक हुई। कक्षा एक के सभी विषयों की सिर्फ मौखिक परीक्षा हुई। इसके लिए स्कूल के प्रधानाध्यापकों ने प्रश्न तैयार किए थे। जबकि कक्षा दो से तीन तक 50-50 प्रतिशत अंकों की लिखित और मौखिक परीक्षा हुई। वहीं कक्षा चार व पांच में 70 अंक की लिखित और 30 अंक मौखिक परीक्षा हुई। जबकि कक्षा छह से आठ तक केवल लिखित परीक्षा कराई गई। पहले दिन हिंदी, सामाजिक विषय, गणित, कला व संगीत विषय की लिखित परीक्षा हुई। इसका समापन 27 मार्च को मौखिक परीक्षा, खेल, क्राफ्ट, स्काउटिंग एवं कृषि व गृह शिल्प के पेपर के साथ होगा।


एक विद्यालय में परीक्षा देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

● बीएसए ने कई स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
इंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
पेसमेकर
टी.एम.टी.
होल्टर टेस्ट (Holter Test)
बैलून बाल्बोटामी
इकोकार्डियोग्राफी
कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)
हृदय रोग के लक्षण
क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
क्या चलने पर घबराहट होती है?
क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
STRIVE FOR EXCELLENCE
For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
● Rich Library and well equipped Chemistry Lab ● Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab ● Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles ● Smart Badminton & Volleyball ● Creative and innovative method of teaching ● Ventilated and Spacious Class Rooms ● Experienced, dedicated & Caring staff ● Emphasis on Co-Curricular activities ● Ideal Infrastructure ● Special Classes for weak Students ● Regular Parent-Teacher meeting ● Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.
Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

# 16 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद दो आरोपी गिरफ्तार, चालान

संवाददाता पलिया कलां


प्रेस वार्ता में जानकारी देते सीओ यादवेंद्र सिंह व पुलिस अभिरक्षा में दोनों आरोपी।

**अमृत विचार :** सीओ पलिया के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने 16 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी राजेश कुमार गुप्ता हफ्ते भर पहले ही जमानत पर छूटकर जेल से रिहा हुआ है। वह एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में निरुद्ध था।

सीओ यादवेंद्र यादव ने बताया कि एसपी के आदेश पर बुधवार को को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने नगर में पीलीभीत जिले के बीसलपुर निवासी राजेश कुमार गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। वह वर्तमान समय में नगर के मोहल्ला रंगरेजान प्रथम में रह रहा था। उसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है। इसके साथ ही थाना मझगईं के गांव बौधिया कलां निवासी मोहम्मद लतीफ सलमानी उर्फ कमांडो पुत्र मोहम्मद्दीन को छह ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार राजेश कुमार गुप्ता इससे पहले भी एनडीपीएस एक्ट में जेल गया था। वह हफ्ते भर पहले ही जमानत पर जेल से रिहा होकर आया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियें का चालान भेजा है।

- **हफ्ते भर पहले जमानत पर जेल से छूटकर आया था राजेश कुमार गुप्ता**

# पालतू कुत्तों के हमले में बच्चे की मौत, डरे परिजनों ने दसवें दिन दर्ज कराई रिपोर्ट

## नौ मार्च की घटन, आरोपियों ने दी थी धमकी, तब नहीं दी थी पुलिस को सूचना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना खीरी क्षेत्र में चार कुत्तों ने हमला कर पांच वर्षीय बच्चे को मार डाला था। घटना के बाद परिवार वालों ने कुछ लोगों के समझाने पर शव दफन कर दिया था। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी, लेकिन अब कुत्ता पालने वाले एक युवक और ईंट भट्ठा मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।


मृतक शनि।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए डीएम से अनुमति लेने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि गुरुवार को पुलिस शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी कोतवाली सदर के गांव धोबहा निवासी नारद पुत्र छैलू परिवार समेत ईंट पथाई का कार्य कर परिवार का भरण पोषण करता है। नारद ने बताया कि वह थाना खीरी क्षेत्र के गांव बैरागर के निकट स्थित हरिपाल के ईंट भट्ठे पर पत्नी वंदना देवी के साथ ईंट की पथाई का कार्य कर रहा था। ईंट भट्ठे के निकट ही इसी थाना क्षेत्र के गांव भीरा घासी निवासी गुड्डू का मुर्गी फार्म है, जिस पर उसने देशी नस्ल के चार कुत्ते पाल रखे हैं। घटना नौ मार्च की है। वह लोग भट्ठे पर काम कर रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे उनका पांच साल का पुत्र शनि खेलते-खेलते मुर्गी फार्म के पास पहुंच गया। मुर्गी फार्म पर बैठे चारों कुत्तों ने शनि पर हमला कर दिया और उसे नोचकर मार डाला। कुत्तों के हमले से बच्चे का पेट भी फट गया। इसकी जानकारी होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। वह लोग जब मौके पर पहुंचे तो शनि खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। उन्होंने घटना की जानकारी मुर्गी फार्म मालिक गुड्डू और अपने ईंट भट्ठा मालिक हरिपाल को दी। आरोप है कि इस पर दोनों गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए अंतिम संस्कार करने का दबाव बनाया। शव का अंतिम संस्कार न करने और पुलिस को सूचना देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इससे वह और उसका परिवार काफी डर गया। डरे सहमे परिवार के लोग शव घर ले आए और अपने खेत में अंतिम संस्कार कर दिया। नारद ने बताया कि मंगलवार की शाम वह हिम्मत जुटाकर गांव के कुछ लोगों के साथ थाना खीरी पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुर्गी फार्म मालिक गुड्डू और ईंट भट्ठा मालिक हरिपाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो भाइयों में छोटा था शनि

कुत्तों के हमले में मारा गया गांव धोबहा निवासी शनि दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई नागेश (7) और बहन सुनैना (9) साल की है। पत्नी वंदना बच्चे को याद कर आज भी फफक कर रो पड़ती है। नारद ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा है।

- **ईंट भट्ठा मालिक समेत दो लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज**

> तहरीर के आधार पर मुर्गी फार्म हाउस मालिक गुड्डू और ईंट भट्ठा मालिक हरिपाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। शव को कब्र से निकलवाने के लिए डीएम से अनुमति लेने की कार्रवाई चल रही है। उम्मीद है कि गुरुवार को अनुमति मिल जाएगी। अनुमति मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- अजीत कुमार,** एसओ थाना खीरी

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहांपुर

# पलिया में बढ़ा बंदरों का आतंक लोग परेशान

**पलिया कलां, अमृत विचार:** नगर के कई मोहल्लों में बंदरों का आतंक है। वह आए दिन लोगों पर हमला कर देते हैं और उन्हें काट लेते हैं। इससे नगरवासी बेहद परेशान हैं। पलिया तहसील क्षेत्र के जंगलों में अन्य जंगली जानवरों के साथ ही बंदरों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। ये बंदर जंगल के बाहर खेतों में पहुंचकर जहां फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं नगर के मोहल्ला सिंगहिया, बरबंडा, किसान, बाजार, काकूपुरियान एवं रंगरेजान में छतों पर पड़े कपड़े व अन्य सामान उठा ले जाते हैं और दूसरी जगह नोंच कर फेंक देते हैं। घरों के अंदर आंगन, बरामदों तथा कमरों में रखा खाने-पीने का सामान भी उठा ले जाते हैं। आए दिन लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी भी कर देते हैं। इन दिनों बंदरों का उत्पात कुछ अधिक बढ़ गया है। लोग बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग कर रहे हैं।

# गन्ना उठान न होने पर किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, संपूर्णानगर


प्रदर्शन करते नाराज गन्ना किसान। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल सम्पूर्णानगर के क्रय केंद्र परसपुर बी पर चार दिनों से गन्ने का उठान नहीं हो रहा है। इससे क्रय केंद्र पर तौल ठप है। तौल न होने से नाराज किसानों ने बुधवार को क्रय केंद्र पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। मिल अधिकारियों के समझाने पर किसान माने।

किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर का परसपुर बी के नाम से नया क्रय केंद्र खुला है। जिसपर कई दिनों से गन्ने का उठान नहीं हो रहा है। बुधवार को भी गन्ना उठान नहीं हुआ, जिसपर केंद्र से सम्बंधित किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और वे प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे। किसानों का आरोप है कि मुख्य गन्ना अधिकारी की लचर व्यवस्था के चलते हालत काफी खराब है। किसानों ने कई बार चीनी मिल की प्रबंधक विनीता सिंह से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया। इसके बाद भी गन्ने का उठान नहीं हो रहा है। इस वजह से तौल ठप पड़ी है। क्रय केंद्र पर खड़ी गाड़ियों में भरा गन्ना सूखने लगा है। इस दौरान सेंटर इंचार्ज हरविंदर सिंह ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समझाने का प्रयास किया, जब किसान नहीं माने तो मिल अधिकारियों को जानकारी दी। जीएम विनीता सिंह ने किसानों से बात की और समस्या का समाधान शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से राजेंद्र प्रसाद, परमेश्वर दयाल, गजेंद्र यादव, वीरेंद्र पाल सिंह, अजन लाल कश्यप, ओमप्रकाश, जसप्रीत सिंह, रोशन लाल, परमेश्वर दयाल, हीरालाल, गुरप्रीत सिंह, गज्जन सिंह, सोनपाल, दर्शन सिंह, रामदास, मुनेश कुमार समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

- **मिल अधिकारियों के समझाने पर माने गन्ना किसान**

> तकनीकी खराबी आने के कारण मिल ठीक से पेराई नहीं कर पा रही है। इससे गन्ना भरे ट्रक खाली नहीं हो पा रहे हैं। लिफ्टिंग की भी समस्या है, जिसे दूर कराया जा रहा है। एक-दो दिनों में व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी। किसानों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया है।
>
> **-विनीता सिंह,** जीएम संपूर्णानगर सहकारी चीनी मिल


ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आॅपरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लेप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टॉमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी क्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीपेटॉमी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# तमंचे के साथ युवक पकड़ा

**संसारपुर।** थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर क्षेत्र के प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संसारपुर स्थित मास्टर एजुकेशन डिग्री कालेज के पीछे तालाब के निकट सोनू पुत्र रघुवर प्रसाद निवासी भीखमपुर थाना मैलानी को गिरफ्तार किया है। उसके पास तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी का चालान भेज दिया है।

# लोकसभा चुनाव व होली पर्व को लेकर की बैठक

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव व होली को लेकर सीओ यादवेंद्र यादव ने थाना संपूर्णानगर में ग्राम प्रधानों और व्यापारियों के साथ बैठक की और लोगों को भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।

बैठक में भानपुरी खजुरिया, बसही, गोविंद नगर, कृष्णा नगर, सिंगाही खुर्द, कमलापुरी, रानीनगर, सुमेरनगर सहित अन्य गांवों के प्रधान, सम्पूर्णानगर, खजुरिया एवं बसही के व्यापारी शामिल हुए। सीओ ने कहा कि चुनाव और होली पर्व में खलल पैदा करने वालों से सख्ती के साथ निपटा जाएगा। यदि कोई अफवाह फैलाकर शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। बैठक में एसओ निराला तिवारी के अलावा ओमप्रकाश मद्धेशिया, इश्तियाक खान, जीतू, संतोष, गुड्डू, प्रभुनाथ आदि मौजूद रहे।

- **शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील**

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटेड इलाज।
● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, सामान जला

**मैगलगंज, अमृत विचार:** कस्बे के मेन मार्केट में मंगलवार की रात शॉर्ट सर्किट होने से रेडीमेड कपड़ों के थोक विक्रेता की दुकान में आग लग गई। जिससे उसमें रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकान मालिक प्रदीप शुक्ला ने बताया कि वह मंगलवार की रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर सभी कर्मचारियों के साथ अपने घर चले आए। थोड़ी देर बाद दुकान के पास से निकल रहे लोगों ने आग लगी देखी तो इसकी सूचना दी। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाई। उन्होंने बताया कि आग बिजली बोर्ड में हुए शार्ट सर्किट से लगी है। अग्निकांड में दुकान में रखे कपड़े और फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया।

# होला-महल्ला कल से



महंगापुर गुरुद्वारा में होला महल्ला गुरमत समागम में संगत के लिया मिष्ठान तैयार करते सेवादार।

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा नानक पियाऊ महंगापुर में तीन दिवसीय होला महल्ला महान गुरमत समागम की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। गुरमत समागम में देश-विदेश से धर्म प्रचारक के साथ संगत पहुंचने लगी है और कार्यक्रम में लाखों की संख्या में संगत पहुंचेगी, जिसके लिए मिठाई आदि बनने लगी हैं और तैयारियों में कारसेवक दिन रात जुटे हैं।

इस बार 24,25 और 26 मार्च को होला महल्ला की महान गुरमत समागम बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए बुधवार को प्रशासन ने पहुंचकर समिति के साथ बैठक की और सुरक्षा आदि का खाका खींचा। कई दिनों से पूरे गुरुद्वारा परिसर को इलेक्ट्रानिक झालरों आदि से सजाया जा रहा है। साथ ही गुरुद्वारा परिसर व उसके आस पास में साफ सफाई, कार्यक्रम स्टेज, रंगारोगन, सजावट, चाय व मिष्ठान, खाने के लंगर आदि की व्यवस्था की जा रही है। संत बाबा गुरनाम सिंह ने गुरुद्वारा परिसर की बड़ी स्ट्रीट लाइटों बटन दबाकर उद्घाटन किया। कमेटी की बैठक में एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ यादवेन्द्र यादव, संपूर्णानगर थाना प्रभारी निराला तिवारी सहित महंगापुर् पहुंचकर गुरुद्वारा कमेटी के साथ बैठक कर कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया।

## धीमी गति से हो रहा नाला निर्माण, धूल ने बढ़ाई मुसीबत

**बिझौली, अमृत विचार:** रमुआपुर साप्ताहिक बाजार चौराहे से मुख्य मार्ग पर ठेकेदार ने निर्माण सामग्री, नाले की मिट्टी डाल रखी है, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। इसके अलावा उड़ रही धूल राहगीरों व आसपास के दुकानदारों के लिए मुसीबत बनी है। मांग है निर्माण कार्य में तेज हो व पानी का छिड़काव कराया जाए। रामुआपुर बाजार से लेकर के गांव तक सड़क किनारे नाला निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। निर्माण कार्य कछुआ गति से होने के चलते अभी तक पूरा नहीं हो सका, जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक महीने से नाली निर्माण का कार्य हो रहा है लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। न ही ठेकेदार की कार्यशैली पर कोई सुधार होता है। इसके अलावा नाली निर्माण में घटिया सामग्री का भी प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है निर्माण कार्य की जांच करते हुए शीघ्र ठेकेदार को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए जाए। फिलहाल निर्माण कार्य धीमे होने से उड़ रही धूल आम जनमानस के लिए मुसीबत बनी है।

# होली नजदीक... दुधवा में रेड अलर्ट, छुट्टियां रद

## वन कर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश, लगातार की जा रही पेट्रोलिंग

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** होली नजदीक है। इसको लेकर दुधवा टाइगर रिजर्व में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ने होली के दौरान शिकार आदि की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के लिए वन कर्मियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अधीनस्थ अफसरों से विशेष परिस्थितियों को छोड़कर होली पर्व पर वन कर्मियों को छुट्टियां न देकर संबंधित क्षेत्र में सघन चेकिंग कराने का निर्देश जारी किया है।

उधर, होली और आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर निगेहबानी के लिए एसएसबी, पुलिस और अन्य सीमा सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पेट्रोलिंग के साथ चेकिंग अभियान चलाया।

फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया कि होली के दौरान हिरन, पाढ़ा, जंगली सुअर आदि वन्य जीवों के शिकार की घटनाएं बढ़ जाती हैं। वहीं होली की छुट्टियों के कारण वन विभाग का तमाम स्टाफ भी छुट्टी पर होता है, जिसका फायदा उठाकर शिकारी और अपराधी जंगल में अवैध घुसपैठ का प्रयास करते हैं।

जिस कारण रेड अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व के अफसरों समेत फील्ड स्टाफ और स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (एसटीएफ) के जवानों को यह निर्देश दिए गए हैं कि शिकार के लिए संवेदनशील स्थलों और घुसपैठ करने वाले रास्तों पर कड़ी नजर रखी जाए। इसके अलावा घुसपैठ रोकने के लिए भारत-नेपाल बॉर्डर से सटे जंगल के चप्पे-चप्पे पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।



नेपाल सीमा पर पेट्रोलिंग करते संयुक्त सुरक्षा बल के जवान। ● अमृत विचार



भारत-नेपाल सीमा पर पेट्रोलिंग के दौरान संयुक्त सुरक्षा बल। ● अमृत विचार

● **भारत व नेपाल के संयुक्त सुरक्षा बलों ने बॉर्डर पर की पेट्रोलिंग**

### संयुक्त सुरक्षा वालों ने भारत-नेपाल सीमा पर परखी सुरक्षा

होली पर रेड अलर्ट और आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर नेपाल सीमा पर स्थित गौरीफंटा पुलिस प्रभारी ने एसएसबी व वन रेंज कर्मियों के साथ बुधवार को भारत-नेपाल बॉर्डर पर पहुंच नेपाली पुलिस अधिकारियों के साथ निर्वाचन के दौरान नेपाल सीमा पर विशेष सतर्कता रखने पर चर्चा की। गौरीफंटा कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने पुलिस बल के वनकटी रेंजर निर्भय प्रताप शाही व एसएसबी वनकटी के प्लाटून कमांडर भागीरथ आदि ने जवानों के साथ नेपाल बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। गांव विरियाखेड़ा व सूड़ा सहित वहां के नदी घाटों, खेतों के बीच बने कच्चे रास्तों व पगडंडियों पर गश्त की। ग्राम वासियों को निर्भीक होकर स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात वे मुहाना नदी किनारे घाट व नेपाल बॉर्डर के पिलर नंबर 744 पर पहुंचे और नेपाल पुलिस की एपीएफ-34 बटालियन, त्रिनगर कंपनी की जुगेड़ा बीओपी के एसआई एमआर माहरा और शंकर कुंअर आदि के साथ उन्होंने सीमा पर भ्रमण कर होली और चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता रखे जाने पर चर्चा की।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

गोला गोकर्णनाथ। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा मुल्तान में अज्ञात कारणों से एक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा मुल्तान निवासी मुन्नूलाल का पुत्र रोहित (25) नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज स्थित रक्षादेवी मंदिर के निकट रहता है। वह अपने गांव बेहड़ा मुल्तान गया था। जहां उसने घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे से लटक कर जान दे दी। परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मंदिर के रास्ते पर अवैध कब्जे का आरोप

धौरहरा। तहसील क्षेत्र के गांव अभयपुर के ग्रामीणों ने गांव के एक पूर्व प्रधान के पुत्र पर मंदिर की जमीन और कुंए पर अवैध कब्जा कर रास्ता बंद करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक थाना पढ़ुआ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गांव अभयपुर निवासी रामू शर्मा, गोपाल, गोविंद, कुन्ने, माखनलाल सहित करीब 20 ग्रामीण बुधवार को तहसील पहुंचे और एसडीएम राजेश कुमार से मिलकर उन्हें एक शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के एक पूर्व प्रधान के पुत्र ने मंदिर की जमीन, कुंए पर अवैध कब्जा कर रास्ता बंद कर दिया है, जबकि यह आम रास्ता है। आरोपी इस पर ट्रैक्टर खड़ा कर लोगों को आने-जाने नहीं दे रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज करता है। एसडीएम राजेश कुमार ने प्रभारी निरीक्षक थाना पढ़ुआ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# गौरैया डे पर बच्चों ने उत्साह से लगाए घोसले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** विश्व गौरैया दिवस पर पुलिस लाइन स्थित बाल उद्यान के पास छोटे-छोटे बच्चों ने विश्व गौरैया दिवस मनाया। पक्षियों के लिए पेड़ों पर काफी संख्या में घोंसले लगाए गए। बच्चों ने गौरैया व अन्य पक्षियों के लिए पानी की भी व्यवस्था की। इसको लेकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे।

पुलिस लाइन में हाल में ही बाल उद्यान पार्क बनाया गया है, जिसमें सुंदर फूलों और विभिन्न प्रकार के आकर्षक पौधे लगाए गए हैं। पुलिस परिवार और प्रशासनिक अफसरों के बच्चे बाल उद्यान में खूब मस्ती करते हैं। बुधवार को गौरैया डे पर एसपी गणेश प्रसाद साहा की पुत्री आद्या साहा, पुत्र अथर्व साहा ने पुलिस लाइन परिवार के बच्चों के साथ विश्व गौरैया दिवस मनाया। पेड़ों पर काफी संख्या में पक्षियों के लिए घोंसले लगवाए गए। जिससे गर्मी के मौसम में पक्षी घोंसले में आकर विश्राम कर सकें। बाल उद्यान को अपनी चहचहाहट से और मनोरम व दिव्य बना सकें। इस मौके पर एसपी के अलावा प्रतिसार निरीक्षक पवन भाटी समेत अन्य कई पुलिस अधिकारी और उनके बच्चे मौजूद रहे।



पुलिस लाइन के बाल उद्यान में घोंसलों के साथ खड़े बच्चे। ● अमृत विचार

● **बच्चों ने पुलिस लाइन के बाल उद्यान में मनाया विश्व गौरैया दिवस, पानी की व्यवस्था की**

### दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**पलिया कलां।** पलिया पुलिस ने 10 हजार के इनामी शातिर अपराधी जितेंद्र राणा उर्फ जीतू पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम सरखना को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। वहीं संपूर्णानगर पुलिस ने बिसेनपुरी निवासी विकेंन्द्र उर्फ बिक्का पुत्र बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से भी तमंचा मिला है। सीओ यादवेंद्र सिंह ने बताया कि चालान कर दिया है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि श्रीमती कटोरी देवी खंडेलवाल पुत्री स्व. प्रयाग दास धर्मपत्नी स्व. राजा राम खंडेलवाल, निवासी-आलमगिरी गंज, मोहल्ला नया टोला, बरेली से बजरिये बयनामा मकान नं. 559/ए, सिकलापुर, बरेली मुवर्खा 25 जून सन् 1964 में खरीद किया था, जिसकी रजिस्ट्री से क्रय किया मृत्यु से पूर्व अपनी वसीयत उर्मिला देवी के नाम कर दी। जिनकी मृत्यु दिनांक 21.01.2000 में हो गयी। उर्मिला देवी की मृत्यु दिनांक 03.10.2022 को हो गयी। मैं उर्मिला देवी का पोता हूँ। मेरे द्वारा या उसके परिवार के सदस्यों के द्वारा कपूरो देवी का मूल बयनामा किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था के पास ऋण के रूप में या किसी अन्य गारन्टी बैंक बन्धक नहीं रखा गया है और न ही किसी अन्य को दिया गया बयनामा काफी ढूंढने पर भी नहीं मिल पा रहा है। खोये हुए बयनामे का कोई उपयोगा करेगा तो गैर कानूनी माना जायेगा। यह सम्पत्ति मेरी व अन्य अनमोल अग्रवाल पुत्र श्री अतीश चन्द्र अग्रवाल, निवासी 428 गंगापुर बरेली द्वारा क्रय की जा रही है। **अनमोल पुत्र गोपाल, निवासी- 234, मेन मार्केट, वार्ड नं. 11, उधम सिंह नगर, रूद्रपुर उत्तराखण्ड**

## बेटी के दरोगा बनने पर दीक्षांत समारोह में छलक पड़े माता-पिता के आंसू



**गोला गोकर्णनाथ।** नगर की सिनेमा रोड निवासी चंद्रशेखर गुप्ता की पुत्री सारिका गुप्ता ने यूपीएसआई की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दीक्षांत परेड समारोह में शामिल होकर नगर का मान बढाया है। दीक्षांत समारोह में मौजूद उनके माता-पिता के आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। सारिका गुप्ता ने बताया कि आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी न होने पर भी उसने कभी हार नहीं मानी। उसका मानना है कि अगर लक्ष्य अटल हो तो कोई भी स्थिति हरा नहीं सकती। इस सफर में कई शंकाएं भी आईं। परंतु माता निशा गुप्ता, पिता चंद्रशेखर गुप्ता ने हिम्मत बढ़ाई और कहा तुम आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं। उसने न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस के डायरेक्टर पटेल सुशील वर्मा के सानिध्य में यूपीएसआई परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा में उत्तीर्ण होकर मुरादाबाद में एक वर्ष ट्रेनिंग की। दीक्षांत परेड समारोह में पहुंचे माता-पिता बेटी को दरोगा के रूप में देखकर खुशी से आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि बेटी ने उनके सपने साकार कर दिए।

### 10 की अनुमति लेकर काट दिए 18 पेड़

**मैलानी।** थाना मैलानी के ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत सुआबोझ के कंधईपुर गांव में उत्तरी वन रेंज में आम के 10 कलमी पेड़ का परमिट बनवाकर 18 पेड़ हरे भरे काट लिए गए। मंगलवार को कंधईपुर गांव में फलदार कलमी आम के पेड़, देसी आम के पेड़ों को मिलाकर 18 पेड़ काटे गए हैं। जबकि आम के पेड़ों में बौर लदा है।लोग बताते हैं कि इससे पहले भी उत्तरी वन रेंज में आम के देसी पेड़ों को कलमी का परमिट बताकर धड़ल्ले से काटे गए हैं। मैलानी वन क्षेत्राधिकारी साजिद हसन ने बताया कि आम के 10 कलमी पेड़ों का परमिट बना था।

### अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी ईंट भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**पलिया कलां।** हाईकोर्ट की सख्ती के बाद भी ट्रैक्टर-ट्रालियों के कमर्शियल उपयोग पर रोक नहीं लग पा रही है। बुधवार को ईंट भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली भीरा-पलिया मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे मार्ग पर जाम लग गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हादसा पलिया-भीरा मार्ग पर शारदा पुल से पहले भीरा की तरफ हुआ। मंगलवार को भी इसी मार्ग पर तिकोना पुल के पास ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई थी।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मौलवी की अंक तालिका वर्ष 2015 रोल नं. 1241318 जो यू.पी. बोर्ड ऑफ मदरसा एजूकेशनल लखनऊ व मदरसा जामिया अशरफिया मसूदुल उलूम छोटी तकिया बहराइच की थी, जो फोटो कॉपी कराने जाते समय रास्ते में कहीं गिर गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **नसरीन बानो पुत्री श्री हदीस अहमद निवासी 50, तुलसी नगर, बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्रवधू मृदुल पत्नी स्व. वेद मित्र शर्मा के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। **रामदेव शर्मा "शास्त्री" पुत्र श्री लेखराज, निवासी- गोपाल नगर, बरेली।**

**सूचना**
मेरा सही नाम Lalita Devi है Lalita नहीं, कृपया मेरे पति के सेना रिकॉर्ड मैं सही करें। पत्नी. हवलदार किशोर आर्मी नंबर 3203891L, निवासी ग्राम. बासना, पोस्ट, होलावास - तहसील बानसूर, जिला अलवर, राजस्थान।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली**
परिवाद सं.- 151/2023
नोटिस बनाम- Zonal/Regional Manager, Trinity multistate Co-operative Credit Society Ltd.
पता:- Near Chandralok Hospital, Pilibhit bypass Road, Bareilly
आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्रीमती नाजमा बानो पत्नी श्री जाकिर हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।
आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली**
परिवाद सं.- 150/2023
नोटिस बनाम- Zonal/Regional Manager, Trinity multistate Co-operative Credit Society Ltd.
पता:- Near Chandralok Hospital, Pilibhit bypass Road, Bareilly
आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्री जाकिर हुसैन मंसूरी पुत्र श्री अनवार हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।
आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

## संविधान में नहीं है आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लेख

- आदर्श चुनाव आचार संहिता राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिये बनायी गयी एकनियमावलीहै जिसका पालन चुनाव के समय आवश्यक है। चुनाव आचार संहिता चुनाव की तिथि की घोषणा से लागू होता है और यह मतदान के परिणाम आने पर समाप्त हो जाता है। इसका भारतीय संविधान में कोई उल्लेख नहीं है।
- सरकार लोक लुभावन घोषणाएँ नहीं करेगी।
- सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग की पाबंदी।
- जाति, धर्म व क्षेत्र से संबंधित मुद्दे नही उठा सकेंगे राजनीतिक दल
- चुनाव के दौरान धन-बल व बाहु-बल के प्रयोग पर रोक।
- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को धन का लोभ न देना।
- आचार संहिता लागू हो जाने के बाद किसी भी योजनाओ को लागू नहीं कर सकते।




### विकास के मुद्दे पर करेंगे वोट

लोकतंत्र के महासमर में पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पहली ही बार में केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। पहला वोट विकास के मुद्दे पर करुंगा। जिले में रोजगार के अवसर सृजित करने वाला सांसद और केन्द्र में शिक्षा, समानता, सुरक्षा व रोजगार दे सकने सक्षम सरकार चुनने के लिए मतदान करुंगा।

– आशीष श्रीवास्तव, बरेली

# बसपा को लोकसभा में चमत्कार की उम्मीद

## टिमटिमा रही है दलित चेतना की लौ, बसपा की रणनीति पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

● लखनऊ कार्यालय

**अमृत विचार :** तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने जिस बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन को लोकतंत्र के चमत्कार की संज्ञा दी थी। वह चमत्कार 2022 के विधानसभा चुनाव में नहीं दिखा। कारण काशीराम ने दलित चेतना की जो मशाल जलाई थी। वह अब दीपक बनकर टिमटिमा रहा है। बावजूद इसके सभी राजनीतिक दलों की निगाहें बसपा की रणनीति पर टिकी हुई हैं।

तीन बार उत्तर प्रदेश में सरकार बना चुकी बसपा 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर सिमट गई थी। उसके समक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 का प्रदर्शन दोहराने के लिए चमत्कार करने जैसी चुनौती होगी। आंकड़े बताते हैं कि बसपा की दलित वोट बैंक पर वह पकड़ नहीं रही जो 2009 के लोकसभा चुनाव तक थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि उसे 19.43 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब उसने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया तो जरूर उसके सीटों की संख्या 10 तक पहुंच गई। चुनाव खत्म होते ही या गठबंधन टूट गया। जिसका खामियाजा बसपा को विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते बसपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सांसद दूसरे दलों में भागने लगे। कोई भाजपा में गया तो कोई कांग्रेस में तो किसी ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। जो बचे हैं वह भी जाने की जुगत लगा रहे हैं। अब ऐसे सांसदों को चुनाव मैदान में शिकस्त देने के लिए बसपा चुनावी बिसात हर दांव आजमा रही है। यह चुनाव सिर्फ़ मायावती के लिए ही नहीं बल्कि उनके भतीजे जिसे उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है के लिए भी अग्नि परीक्षा साबित होने जा रहा है। प्रत्याशी में घोषणा में सबसे आगे रहने वाली बसपा इस चुनाव में अभी तक चंद सीटों पर ही अपना उम्मीदवार उतार सकी है।2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने अंबेडकर नगर, अमरोहा, बिजनौर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर लालगंज, सहारनपुर, श्रावस्ती तथा नगीना सीट जीती थी। इन सीटों पर फिर से काबिज होने के लिए बसपा की जद्दोजहद जातीय समीकरणों पर ही टिकी हुई है। बसपा इस बात के लिए पूरा प्रयास कर रही है कि जो सांसद पार्टी छोड़कर गए वह किसी तरह भी दोबारा सदन में न पहुंच सकें। फिलहाल बहुजन समाज पार्टी इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में अकेले दम पर चुनाव लड़ने जा रही हैं। इसका मूल कारण यह है कि समाजवादी पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ने के दौरान उनके कई नेता और कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के ही होकर रह गए। पार्टी एक बार फिर से नए सिरे से पूरे प्रदेश में संगठन खड़ा करना चाहती है। ताकि अगले विधानसभा चुनाव में वह पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतर सके।



### बसपा का प्रदर्शन एक नजर में

| | | |
|---|---|---|
| 1996 | 6 सीट | 20.6 |
| 1998 | 4 सीट | 20.9 |
| 1999 | 14 सीट | 22.08 |
| 2004 | 19 सीट | 24.67 |
| 2009 | 20 सीट | 27.42 |
| 2014 | 00 सीट | 19.77 |
| 2019 | 10 सीट | 19.43 |

### 2019 में बसपा से जीते सांसद

| | |
|---|---|
| अंबेडकर नगर | रितेश पांडे |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली |
| बिजनौर | चौधरी बृजेंद्र सिंह |
| गाजीपुर | अफजाल अंसारी |
| घोसी | अतुल कुमार सिंह |
| जौनपुर | श्याम सिंह यादव |
| लालगंज | संगीता आजाद |
| सहारनपुर | हाजी फजलुर रहमान |
| श्रावस्ती | राम शिरोमणि |
| नगीना | गिरीश चंद्र |

### कमलकांत उपमन्यु होंगे बसपा से लोकसभा प्रत्याशी

मथुरा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मथुरा में पंडित कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। पंडित कमलकांत उपमन्यु वर्ष 1999 में बसपा से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। वे छावनी परिषद मथुरा के पूर्व पार्षद पूर्व वाइस चेयरमैन एवं सिविल एरिया और फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा अधिवक्ता भी है। उनके बसपा से मथुरा का प्रत्याशी बनने के बाद रोचक राजनीतिक मुकाबला होगा। भाजपा ने इस सीट पर दो बार की सांसद सिने तारिका स्टार प्रचारक हेमामालिनी को चुनाव मैदान में उतारा है।

### अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिये डीएमडीके से समझौता किया


चेन्नई। तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने बुधवार को डीएमडीके के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया। डीएमडीके की स्थापना अभिनेता-राजनेता 'कैप्टन' विजयकांत ने की थी, जिनका हाल ही में निधन हो गया। यहां पार्टी मुख्यालय में चुनावी समझौते की घोषणा करते हुए, अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कहा कि डीएमडीके तिरुवल्लूर (एससी), मध्य चेन्नई, कुड्डालोर, तंजावुर और विरुधुनगर लोकसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ेगी। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने अन्नाद्रमुक को स्वाभाविक सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि 2011 के विधानसभा चुनाव की तरह एक बार फिर बड़ी जीत वाला गठबंधन बन गया है। उन्होंने कहा, यह विजयी गठबंधन 2026 के विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा।

# साइकिल से वोट मांगते थे रामप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** किसी भी चुनाव में अब प्रत्याशी के साथ कारों का काफिला होता है और सैकड़ों लोग उसके आगे-पीछे होते हैं। हाईटेक प्रचार होता है तो सोशल मीडिया पर मनुहार होती है। पहले ऐसा नहीं होता था। प्रत्याशी अपने कुछ समर्थकों के साथ गांव जाते थे और पैदल घर-घर जाकर और खेत-खलिहानों में वोट मांगते थे। कन्नौज से सांसद रहे रामप्रकाश त्रिपाठी तो साइकिल से वोट मांगने जाते थे और जहां रात हो जाती थी, उसी गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाते थे।

बात 1977 के लोकसभा चुनाव की है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से लोकदल से रामप्रकाश त्रिपाठी उम्मीदवार थे। क्षेत्र के बुजुर्ग बताते थे कि रामप्रकाश त्रिपाठी ने नामांकन करने के बाद घर का मुंह नहीं देखा था और साइकिल से ही क्षेत्र का भ्रमण करते थे। वह साइकिल से कुछ कार्यकर्ताओं के साथ सुबह निकलते थे। उस समय अधिकतर लोग खेतों और खलिहानों में रहते थे तो वोट मांगने के लिए वहां जाना पड़ता था। जिस गांव में रात हो जाती उनका डेरा वहीं जम जाता था। रात में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चुनावी चर्चा करते थे। यही वजह थी कि उस चुनाव में वह सबसे अधिक वोटों से जीते थे ।


पूर्व मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी।

### गुड़ व सत्तू साथ लेकर चलते थे

भारतीय जनसंघ के पूर्व कार्यकर्ता 88 वर्षीय मन्नीलाल द्विवेदी बताते हैं कि रामप्रकाश त्रिपाठी हमेशा अपने साथ देसी गुड़ और सत्तू लेकर चलते थे। प्रचार के दौरान भूख लगने पर किसी कुएं या रहट के पास सत्तू बनाकर खाते थे। उनके साथ कार्यकर्ता भी सत्तू खाकर अपनी भूख मिटाते थे।

### पेट्रोमेक्स की रोशनी में लगती थी चौपाल

राजकिशोर द्विवेदी बताते हैं कि पहले गांवों में बिजली नहीं थी। ऐसे में रात के समय किसी सार्वजनिक स्थान पर चौपाल लगती थी, जिसमें रोशनी के इंतजाम के लिए गांव के लोग मिट्टी के तेल से जलने वाली पेट्रोमेक्स जलाते थे, जिसमें रेशम के धागों से बना मेंटल बर्नर लगता था और पंप से हवा भरी जाती थी। गांव के मुखिया इसका इंतजाम करते थे।

### विरोधियों में दिखता था राजनीतिक शिष्टाचार

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवप्रकाश पालीवाल बताते हैं कि उस दौर में विरोधियों में राजनीतिक शिष्टाचार प्रबल था। लोकदल प्रत्याशी रामप्रकाश त्रिपाठी और जनता दल के प्रत्याशी छोटे सिंह यादव जब प्रचार के दौरान आमने-सामने आ जाते थे, तो छोटे सिंह उनके पैर छूकर जीत का आशीर्वाद मांगते थे और सहृदय रामप्रकाश त्रिपाठी उन्हें खुले मन से आशीर्वाद दे देते थे।

# 55 साल से मचल रही रियासत की सियासत

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार : लोकसभा के 72 साल के चुनावी सफर में बाहर से लेकर अंदर तक के कई सूरमा आए और जीत कर इतिहास रचा, लेकिन इस 72 साल के इतिहास में 55 साल पहले मनकापुर रियासत की राजनीति में इंट्री हुई तो आज तक जारी है। पहले चार कार्यकाल मनकापुर के कुंवर आनंद सिंह फिर उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह सियासत के मैदान में उतरे। पिता के बराबर कीर्तिवर्धन सिंह भी चार बार सांसदी का चुनाव जीत चुके हैं। 1998 में राजनीतिक सफर शुरू करने वाले कीर्तिवर्धन सिंह को दो बार हार का भी सामना करना पड़ा। अब 2024 में सातवीं बार भाजपा के टिकट पर फिर मैदान में हैं। इस बार हैट्रिक लगेगी या नहीं यह मतदाताओं के मूड पर है।1951-52 में जब पहला चुनाव हुआ तो वैरिस्टर हैदर हुसैन, 1957 में दिनेश प्रताप सिंह, 1962 में रामरतन गुप्ता, 1967 में सुचेता कृपलानी ने जीत हासिल की। ये सभी लोग गोंडा जिले के बाहर के थे। लेकिन मनकापुर रियासत के राजा कुंवर आनंद सिंह का चुनाव में प्रवेश हुआ और 1971 में कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने जीत हासिल की। आनंद सिंह भारतीय जनता दल के प्रत्याशी रहे देवेंद्र प्रताप सिंह से मात्र 631 मत से जीते और राजनीति में अपनी भागीदार तय कर दी। लेकिन 1977 में बीएलडी से प्रत्याशी रहे सत्यदेव सिंह से चुनाव हार गए। सत्यदेव सिंह ने आनंद सिंह को 71 हजार के करीब वोटों से शिकस्त दी। लेकिन राजनीति के इस उतार चढ़ाव में आनंद सिंह ने हौसला नहीं छोड़ा और 1980 में गोंडा सीट पर फिर काबिज हो गए। इस बार उन्होंने जेएनपी से कौशलेंद्र दत्त को भारी मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1984 तथा 1989 में भी हैट्रिक लगाकर चुनाव जीत गए। 1984 में एलकेडी से लड़ रहे दीप नरायन को चुनाव हराया और 89 में जनता दल से फजलुलबारी उर्फ बन्ने भाई को शिकस्त दी। 1991 भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से उदय हो गया और राम जन्मभूमि आंदोलन में शिरकत करने वाले बृजभूषण शरण सिंह की राजनीति में इंट्री हुई। इसमें बृजभूषण शरण सिंह ने आनंद सिंह से कुर्सी छीन ली। इसके बाद कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस छोड़ समाजवादी पार्टी में चले गए और 1996 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े। इस बार भी उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह के हाथ से शिकस्त मिली। इसे देख राजनीति के पितामह कहे जाने वाले आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह ने राजनीति में प्रवेश किया। और 1998 में कीर्तिवर्धन सिंह ने बृजभूषण शरण सिंह को हराकर अपने पिता की हार का बदला ले लिया। कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा से चुनाव लड़ा था। लेकिन एक साल बाद 1999 में फिर हुए चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह को बृजभूषण सिंह ने फिर चुनाव हरा दिया। 2004 के आते ही भाजपा ने बृजभूषण सिंह को बलरामपुर सीट से चुनाव लड़ाया और गोंडा से घनश्याम शुक्ला भाजपा से चुनाव लड़े लेकिन इसमें कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए। 2009 में हुए परिसीमन से गोंडा लोकसभा का परिदृश्य बदल गया। इसमें बेनी मात्र 23 हजार वोट से जीत गए। इसके बाद रियासत खानदान को बसपा रास नहीं आई और वह 2014 में पलटी मारते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। 2014, 2019 में वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते और भाजपा के टिकट पर तीसरी बार मैदान में हैं। जिनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा से होगा।

### पिता पुत्र के हाथ में रही आठ बार सांसद की कुर्सी


कुंवर आनंद सिंह।


रियासत की इमारत।


कीर्तिवर्धन सिंह।



### भगवा प्रेम में गंवानी पड़ी थी राजा को कुर्सी

2014 में समाजवादी पार्टी की सूबे में सपा की सरकार थी। इसमें कुंवर आनंद सिंह कृषि मंत्री रहे और सपा में उनकी कद्दावर नेताओं में गिनती थी। लेकिन पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह के भगवा प्रेम के कारण आनंद सिंह को कृषि मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद आनंद सिंह ने राजनीति से सन्यास ही ले लिया।

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | बीएलडी |
| 1980 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

# 85 साल, 17 लोकसभा चुनाव, संसद पहुंचीं मात्र दो महिलाएं

### गंगादेवी पहली तो प्रियंका रावत चुनीं गईं थी दूसरी महिला सांसद

### आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने का पार्टियों में नहीं रहा विश्वास

आधी आबादी को पूरी भागीदारी का वादा भले ही सभी राजनीतिक दल कर रहे हों। लेकिन आजादी के बाद हुए सत्रह चुनाओं में सिर्फ दो बार महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उनमें भी जीतकर सदन में पहुंची महिला सांसद को दोबारा चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं दिया गया। प्रस्तुत है बाराबंकी से **रीतेश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...**


गंगा देवी


प्रियंका सिंह रावत

**बा**राबंकी लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इस समय यह सीट भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। पहले इस सीट को कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था। इस आम चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया की साख दांव पर लगी हुई है।

प्रमुख दलों की बात करें तो इसमें से पांच बार कांग्रेस ने इस सीट पर विजय पताका फहरायी है। दो बार समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की है जबकि दो बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। एक बार बसपा प्रत्याशी भी यहां से जीतने में कामयाब रहा है। अब तक सिर्फ दो बार महिलाएं सांसद के रुप में चुनकर संसद पहुंची हैं।

बाराबंकी लोकसभा सीट पर सबसे पहले 1952 में गंगा देवी चुनाव जीत कर संसद पहुंचने वाली पहली महिला बनीं थी। 62 साल के इंतजार के बाद 2014 में भाजपा के टिकट पर प्रियंका रावत ने जीत हासिल कर इस सूखे को खत्म किया था। 1989, 1991 और 1996 में रामसागर रावत ने इस सीट पर जीत दर्ज करके जीत की हैट्रिक लगाई थी। वर्ष 1998 में पहली बार भाजपा का इस सीट पर खाता खुला था। तब बैजनाथ रावत ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी।

अगले चुनाव में राम सागर रावत ने सपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। 2004 में बसपा के कमला प्रसाद को जीत मिली थी लेकिन 2009 में कांग्रेस के पीएल पुनिया 25 साल बाद इस सीट से जीत दर्ज करके सांसद निर्वाचित हुए। लेकिन 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने जीत दर्ज की।

### 53 लोकसभा सीट बाराबंकी से अब तक चुने गए सांसद

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी | वोट |
|---|---|---|---|
| 2019 | उपेद्र सिंह रावत | भाजपा | 5,35,917 |
| 2014 | प्रियंका सिंह रावत | भाजपा | 4,54,214 |
| 2009 | डॉ.पीएल पुनिया | कांग्रेस | 328418 |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी | 1,96,370 |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी | 2,10,958 |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा | 2,28,368 |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी | 1,80,912 |
| 1991 | राम सागर | जेपी | 1,21,803 |
| 1989 | राम सागर | जेडी | 1,99,180 |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस | 2,02,790 |
| 1980 | राम किंकर | जेएनपी(एस) | 1,35,481 |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी | 2,06,061 |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस | 1,52,477 |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी | 1,18,233 |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी | 76,545 |
| 1957 | स्वामी रामानंद | कांग्रेस | 1,58,270 |
| 1952 | गंगा देवी | कांग्रेस | 1,23,427 |

# चुनाव को रोचक बनाते थे नारे...

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** किसी भी पार्टी के प्रत्याशी को जीत हासिल करने में नारों की भी अहम भूमिका रही है। हर बार नारे बदलते रहे। पक्ष और विपक्ष कटाक्ष करते हुए नारे तैयार करता था और शहर से लेकर गांव तक पहुंच कर इन नारों के माध्यम से चुनाव में वैतरणी पार की जाती थी, लेकिन अब नारों की अहमियत कम हो रही है।

एक नारा ऐसा था जो हर प्रत्याशी के समर्थन में लगाया जाता था 'कोई नहीं टक्कर में क्यों पड़े हो चक्कर में।' लेकिन जैसे-जैसे चुनाव का परिदृश्य बदला नारों की अहमियत भी कम होने लगी और इसकी जगह नोट और बाहुबल ज्यादा दिखने लगा। आजादी के बाद 1952 में जनसंघ की स्थापना हुई। जनसंघ का चुनाव निशान था दीपक। उस दौरान नारा दिया गया 'हर हाथ को काम हर खेत को पानी, घर-घर दीपक जनसंघ की निशानी।' 1967 के चुनाव में जनसंघ का नारा था 'उज्ज्वल भविष्य की है तैयारी, बच्चा-बच्चा अटल बिहारी'। वर्ष 1974 में इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं और महंगाई चरम पर थी। उस दौरान हुए चुनाव में इंदिरा और महंगाई को लेकर विपक्ष ने नारा दिया 'ये देखो इंदिरा का खेल, खा गईं राशन पी गई तेल।' वर्ष 1980 में ऐसा दौर भी आया जब कई नेताओं ने कांग्रेस को छोड़कर दूसरी पार्टी ज्वाइंट कर ली। इसे लेकर भी नारा बना 'दलबदलू फंसा शिकंजे में मुहर लगेगी पंजे में।' 1985 में कांग्रेस शासन के दौरान चीनी की कीमत सात रुपये किलो तक पहुंच गई थी, जबकि उसके पहले की सरकार में चीनी तीन रुपये किलो थी। विधानसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियों ने नारा दिया 'चीनी मिलेगी सात पर जल्दी पहुंचोगे खाट पर, इंदिरा जी की बात पर पहुंच जाओगे घाट पर। वर्ष 1985 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का नारा था 'तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार।' वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव में बसपा का नारा था 'चढ़ गुंडन की छाती पर, बटन दबाओ हाथी पर'। इसके जवाब में विपक्ष ने नारा दिया 'चढ़ बहुजन के हाथी पर, गोली मारो छाती पर। बुजुर्ग एवं राजनीति में सक्रिय रहने वाले 80 वर्षीय हरिश्चंद्र सिंह बताते हैं कि पहले नारों की बहुत अहमियत थी। अब तो लोभ और लालच दे दिया जाता है। नारे लगते थे रैलियां निकलती थीं और जोश के साथ लोग नारे लगाते हुए आगे बढ़ते थे। इन्हीं नारों से चुनाव की नैया पार लगती थी।

● **दमदार नारों से हमेशा चुनावी मैदान में ताल ठोकते रहे हैं धुरंधर**

भाजपा प्रत्याशी पर टिकीं सबकी निगाहें

# हाईप्रोफाइल सीट सुलतानपुर में मेनका या फिर कोई और ...

## गठबंधन से सपा ने भीम निषाद को बनाया है उम्मीदवार, भाजपा की जारी दो सूची में मेनका गांधी का नाम न होने से मिल रही हवा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। सभी राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन तकरीबन अंतिम चरण में है। भाजपा की दो सूची में सांसद मेनका गांधी का नाम नहीं होने से सुलतानपुर लोकसभा सीट सर्वाधिक चर्चित सीटों में शुमार हो गई है। भाजपा के दावेदारों से लेकर अन्य दलों तक की निगाह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के रुख पर टिकी है। सब पर पल-पल भारी पड़ रहा है। चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पूर्व में अमेठी का जिला मुख्यालय होने के कारण गांधी-नेहरू फैमिली की आमद-रफ्त यहां होती रही है। संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी से लेकर राहुल गांधी तक नामांकन के लिए यहां आते रहे हैं। अमेठी से बिल्कुल सटी होने के कारण इसका खास रुतबा रहा। रायबरेली, अमेठी के साथ ही इस सीट के प्रत्याशी पर भी गांधी नेहरू परिवार ही अंतिम मुहर लगाता था। वरुण गांधी और मेनका गांधी के यहां से चुनाव लड़ने के बाद सियासी लिहाज से यह सीट और अहम हो गयी। वर्तमान में मेनका संजय गांधी यहां से सांसद हैं, लेकिन मौजूदा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी चर्चा का विषय बनी है। नेपथ्य में इसकी वजह उनके पुत्र वरुण गांधी को माना जा रहा है। पिछले पांच सालों में उन्होंने कई बार अपनी ही सरकार के खिलाफ बोलकर पार्टी को असहज किया है। वरुण के रुख से भाजपा में ही मेनका गांधी के विरोधियों के साथ ही नए दावेदार भी टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। यहां से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सरोजनीनगर लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह, पिछली बार गठबंधन से बसपा उम्मीदवार रहे पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रायबरेली के ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय, लंभुआ के पूर्व भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व जिले के मूल निवासी प्रेम शुक्ला, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. वीणा पांडेय समेत कुछ अन्य नाम चर्चा में हैं। फिलहाल भाजपा यहां से अगर फिर जीतती है तो उसकी हैट्रिक के साथ ही एक नया रिकॉर्ड भी बनेगा।


मां मेनका गांधी के साथ वरुण गांधी।

### दो बार भाजपा ने दर्ज की जीत

**2014**

| | |
|---|---|
| वरुण फिरोज गांधी भाजपा | 4,10,348 |
| पवन पांडेय बसपा | 2,31446 |
| शकील अहमद सपा | 2,28144 |
| अमिता सिंह कांग्रेस | 41,983 |

**2019**

| | |
|---|---|
| मेनका संजय गांधी भाजपा | 4,58,196 |
| चंद्रभद्र सिंह सोनू बसपा | 4,44,670 |
| डॉक्टर संजय सिंह कांग्रेस | 41,681 |

### कब कौन बना सांसद

| सन | विजयी प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | काजिम अली | कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय (उप चुनाव) | निर्दलीय |
| 1962 | कुंवर कृष्ण वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1969 | श्रीपति मिश्र (उप चुनाव) | बीकेडी |
| 1971 | केदारनाथ सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकार उल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राज करन सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रामसिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भाजपा |
| 1996 | देवेंद्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1998 | देवेन्द्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1999 | जयभद्र सिंह | बसपा |
| 2004 | मो. ताहिर खान | बसपा |
| 2009 | संजय सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2019 | मेनका गांधी | भाजपा |

## चुनाव कमाल का...

- 1971 में विपक्ष के 'इंदिरा हटाओ' नारे पर इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' नारा भारी पड़ा। उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस ने लोकसभा की 545 सीटों में से 352 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस (ओ) के खाते में सिर्फ 16 सीटें ही आई। भारतीय जनसंघ ने चुनाव में 22 सीटें जीतीं। सीपीआई ने चुनाव में 23 सीटें जीतीं। जबकि सीपीआईएम के खाते में 25 सीटें आईं।
- 1977 जनवरी 23 ही वो दिन था जब अचानक इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के जरिए देश में आम चुनाव की घोषणा की। देश में तीन दिन में ही चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव 16 से लेकर 19 मार्च 1977 के बीच हुए।
- 22 मार्च 1977 को आए चुनाव नतीजे ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया। चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को मात्र 153 सीटें ही मिली थीं। इस चुनाव में पूरा विपक्ष समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में गोलबंद हुआ था। जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था, जिसकी वजह से पार्टी ने 'भारतीय लोक दल' के चिन्ह "हलधर किसान" पर चुनाव लड़ा और 298 सीटें जीतीं।

## चुनावी तीर



मध्यप्रदेश में 29 लोकसभा सीट हैं, लेकिन कांग्रेस के बड़े से बड़े नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस ने पद यात्रा निकाली, जहां-जहां से यात्रा निकली, लोग कहते हैं कांग्रेस छोड़ो यात्रा थी और वो जहां-जहां गए लोग कांग्रेस छोड़ते चले गये।

**-डॉ मोहन यादव,** मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



भाजपा ने जे.पी. पटेल को खूब सम्मान दिया और सचेतक भी बनाया। भाजपा में उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। लेकिन, जब वह अपने राजनीतिक करियर को डुबोने के लिए डूबते जहाज पर सवार होना चाहते हैं तो हम क्या कर सकते हैं? उनके कांग्रेस में शामिल होने से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**-प्रतुल शाहदेव,** भाजपा प्रवक्ता




आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन स्वार्थ पर आधारित है और इसका उनकी पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह राजधानी की सातों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। हम बहुत सकारात्मक अभियान चला रहे हैं और 10 साल के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं। अबकी बार 400 पार केवल नारा नहीं है बल्कि एक संकल्प है जिसे वास्तविकता में बदला जाएगा।

**- बांसुरी स्वराज,** भाजपा प्रत्याशी दिल्ली

### सल्तनत समाजवादियों की, अब भाजपा के पक्ष में

# सियासी समीकरण



**7** बार जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए मुलायम सिंह

**1989** में बसपा के संस्थापक कांशीराम को इसी सीट से मिली थी एकलौती जीत और पहुंचे थे संसद में

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 41.6 | 37.0 | 17.3 | 1.10 |
| 2019 लोस | 51.1 | 44.8 | ---- | ---- |
| 2017 विस | 40.7 | 28.8 | 25.3 | ---- |
| 2014 लोस | 46.8 | 28.4 | 20.5 | 1.4 |

| विधानसभा | भाजपा | सपा |
|---|---|---|
| इटावा सदर | 1,21,783 | 89,704 |
| भरथना सु. | 1,07,551 | 1,20,940 |
| दिबियापुर | 90,461 | 88,849 |
| औरैया सु. | 95,564 | 84,239 |
| सिकंदरा | 1,04,315 | 72,225 |

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर


**अमृत विचार।** लोकसभा की सूबे में हॉट सीट इटावा में चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कानपुर मंडल का यह जिला कभी प्रदेश की राजनीति की धुरी था। नेताजी मुलायम सिंह यादव और वर्तमान में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जन्म और कर्मस्थली के रूप में पहचान वाले इस जिले को यादव लैंड भी कहा जाता है। मुलायम सिंह जिले की जसवंतनगर विधान सभा सीट से सात बार विधायक चुने गए, जबकि उनके भाई शिवपाल सिंह यादव चार बार इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। हालांकि जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र इटावा लोकसभा में नहीं आता है और मैनपुरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है।

इटावा सुरक्षित लोकसभा सीट है। इसमें तीन ज़िलों की पांच विधानसभा सीटें शामिल है। कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा, औरैया जिले की औरैया और दिबियापुर तथा इटावा जिले की भरथना और सदर विधान सभा सीट को मिलाकर इटावा लोकसभा क्षेत्र का गठन किया गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से तीन सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। दो सीटों पर सपा ने कब्जा जमाया था। 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया विजयी रहे थे। उन्होंने सपा के कमलेश कठेरिया को 64,359 वोटों से हराया था।

इटावा लोकसभा सीट कांग्रेस के एकाधिकार वाले जमाने में भी समाजवादियों के गढ़ जैसी रही है। 1957 में यहां से सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत हासिल की थी। हालांकि 1962 में कांग्रेस के गोपीनाथ दीक्षित ने सोशलिस्ट पार्टी को मात दी, लेकिन 1967 में अर्जुन सिंह भदौरिया ने वापस सीट कांग्रेस से छीन ली। 1971 में कांग्रेस के श्रीशंकर तिवारी विजयी रहे पर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर एक बार फिर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत का परचम लहरा दिया। इसके बाद 1980 में जनता पार्टी के राम सिंह शाक्य फिर 1984 में कांग्रेस के चौ. रघुराज सिंह जीते। 1989 के चुनाव में जनता दल से दोबारा राम सिंह शाक्य के बाद इटावा ही वह एकलौती लोकसभा सीट रही जहां से 1989 में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को जीत मिली और वह संसद में पहुंचे। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर तीसरी बार राम सिंह शाक्य सांसद बने। लेकिन 1998 में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरीं सुखदा मिश्रा ने जीत के साथ पहली बार यहां भाजपा का झंडा फहरा दिया। लेकिन 1999 और 2004 के चुनाव में सपा के रघुराज सिंह तो 2009 में प्रेमदास कठेरिया सफल रहे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने पुनः इस सीट पर कब्जा किया और उसके प्रत्याशी अशोक दोहरे विजयी रहे। 2019 में भाजपा ने आगरा से दो बार सांसद रहे डॉ राम शंकर कठेरिया को इटावा से टिकट दिया तो उन्होने पार्टी का कब्जा इस सीट पर बरकरार रखा। इस बार फिर भाजपा ने भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने इस बार यहां से जितेंद्र दोहरे को टिकट दिया है।

### दलित बाहुल्य पर यादव-मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में

इटावा लोकसभा सीट पर 18 लाख से ज्यादा कुल मतदाताओं में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या लगभग पांच लाख है। ब्राह्मण मतदाता दो लाख से कुछ ज्यादा तो यादव वोटर लगभग दो लाख और मुस्लिम मतदाता डेढ़ लाख तक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इटावा में 58 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। सपा के कमलेश कठेरिया को 4 लाख 57 हजार 454 वोट प्राप्त हुए थे। भाजपा के डॉ रामशंकर कठेरिया को 5 लाख 21 हजार 815 वोट मिले थे। भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काटकर डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए अशोक कुमार दोहरे को टिकट थमा दियाथा। 2014 के लोकसभा चुनाव में इटावा सीट पर 55.04 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा के अशोक कुमार दोहरे ने सपा के प्रेमदास कठेरिया को एक लाख 72 हजार 946 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। अशोक कुमार दोहरे को 4,39,646 वोट मिले थे, जबकि प्रेमदास कठेरिया ने 2,66,700 वोट पाए थे। बसपा के अजय पाल सिंह जाटव को 1,92,804 वोट हासिल हुए थे। कांग्रेस उम्मीदवार हंस मुखी कोरी 13397 वोटों के साथ चौथे नंबर पर रहे थे।



### 2019 में भरथना विधानसभा पिछड़ गई थी भाजपा

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भरथना सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र में सपा ने बढ़त बनाई थी, हालांकि अन्य चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही थी। विधानसभा वार दोनों दलों के प्रत्याशियों को मिले मत इस प्रकार थे।

## नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों से हारे थे धर्मेंद्र यादव

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। जिले में तीसरे चरण 7 मई को मतदान होना है। सपा ने धर्मेंद्र की जगह शिवपाल यादव प्रत्याशी घोषित किया है। अभी भाजपा और बसपा के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होना शेष है। बदायूं लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। हालांकि 2019 में सपा उम्मीदवार को 18 हजार से कुछ अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। तब करीब 19 हजार वोट नोटा और निर्दलीय उम्मीदवारों को तिले थे। वहीं राजनीतिक पंडित सपा बसपा के बीच गठबंधन होने से लोगों की नाराजगी को भी सपा उम्मीदवार की होने की वजह बता रहे हैं। बहरहाल शिवपाल के आने से मुकाबला दिलचस्प होगा।

1951 से 2014 तक हुए लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक छह बार जीत दर्ज की है। 2014 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव एक लाख 40 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 28 वर्षों से चले आ रहे सूखे को खत्म करते हुए जीत दर्ज की थी। सपा के धर्मेंद्र यादव की हार में नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को बजह माना जा सकता है। उस समय चार निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। उन्हें 10621 वोट मिले थे। वहीं 8606 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था। निर्दलीय और नोटा को कुल 19,227 वोट पड़े थे। जबकि भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य की जीत 18,454 वोटों से हुई थी।

**2019** के चुनाव में 18000 से अधिक मतों से सपा प्रत्याशी की हुई थी हार

**19,000** से अधिक मिले थे वोट नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को

2019 के चुनाव में यह रहा था परिणाम

| | |
|---|---|
| भाजपा | 5,11,352 |
| समाजवादी पार्टी | 4,92,898 |
| कांग्रेस | 51,947 |
| ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लाक | 4,347 |
| निर्दलीय उम्मीदवार | 10,621 |
| कल्याणकारी जनता पार्टी | 1,336 |

## कैराना से चार बार महिलाएं बनी सांसद

सहारनपुर

- **किसी भी प्रमुख पार्टी ने इस बार महिला को नहीं बनाया है अपना उम्मीदवार**
- **सहारनपुर सीट कभी भी कोई महिला सांसद नहीं हुई निर्वाचित**

पहले नंबर की लोकसभा सीट सहारनपुर को इस बात के लिए भी जाना जाता है कि आजादी के बाद से हुए लोकसभा चुनावों में कभी भी यहां से कोई महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई है। दूसरी ओर इसी मंडल की कैराना सीट इस मामले में सौभाग्यशाली है कि वहां से चार बार महिलाएं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। इनमें सबसे पहले 1980 में प्रधानमंत्री रहे चौधरी चरणसिंह की पत्नी गायत्री देवी, रालोद से अनुराधा चौधरी और दो बार तबस्सुम हसन लोकसभा चुनाव जीती।

तबस्सुम हसन एक बार समाजवादी पार्टी से और दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल से सांसद बनीं। महत्वपूर्ण है कि इस बार भी कैराना सीट पर प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी से इकरा हसन मैदान में हैं। आजादी के बाद से सहारनपुर लोकसभा सीट से कभी भी कोई महिला सांसद लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस बार भी किसी प्रमुख पार्टी ने महिला को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। छह बार कांग्रेस, तीन बार बसपा, तीन बार भाजपा के सांसद बने जबकि पांच बार रसीद मसूद सांसद निर्वाचित हुए। इस चुनाव में रसीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद कांग्रेस-सपा गठबंधन से प्रत्याशी हो सकते हैं। दोनों दलों का शीर्ष नेतृत्व उनके नाम पर मोहर लगा चुका है।




सहारनपुर लोकसभा में महिला सांसद भेजने में तो नाकाम रहा है लेकिन जहां तक विधानसभा का सवाल है तो कई महिलाएं जैसे दलित समाज की शकुंतला देवी, विमला राकेश, राजपूत समाज से शशिबाला पुंडीर, रानी देवलता, बसपा प्रमुख मायावती और सत्तो देवी विधायक रही हैं। शकुंतला देवी कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री रही हैं। वह चार बार विधायक बनीं। विमला देवी विपक्ष में रहीं और छह बार विधायक चुनी गईं। सहारनपुर मंडल के मुजफ्फरनगर से बहन मालती शर्मा भाजपा की ओर से राज्यसभा सदस्य रही हैं। वहां से भी कभी कोई महिला लोकसभा में नहीं गई है। पड़ौस की बिजनौर लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री मायावती, लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस की मीरा कुमार और ओमवती तीनों दलित समुदाय से सांसद चुनी गईं और बिजनौर की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

18वीं लोकसभा के चुनाव में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से कोई भी महिला उम्मीदवार नहीं है। केंद्र सरकार ने आगामी चुनावों के लिए महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण का कानून बना दिया है। लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद दयनीय है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में थोड़ी-बहुत ही कम है लेकिन उनकी मतदान में भागीदारी पुरूषों से कहीं भी पीछे नहीं है।

## युवा व महिला के हाथ सियासी घमासान की बागडोर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

- **दोनों वर्गों को साधने के लिए राष्ट्रीय दलों का गणित हुआ तेज**
- **छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से महिला मतदाता अधिक**

लोकसभा चुनावों की तिथि और मुख्य राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब सियासी दलों ने भी अपने राजनीतिक दावपेच चलने शुरू कर दिए हैं। कुमाऊं के चार पहाड़ी जिलों वाली अल्मोड़ा लोकसभा सीट की बात करें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही रहा है। इसलिए इस बार भी दोनों राष्ट्रीय दल एक दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयार बैठे हैं। अगर बात सत्ता की बागड़ोर की करें तो इस सीट पर इसका फैसला यहां की महिला और युवा मतदाता करेंगे। क्योंकि चार इस सीट पर सबसे अधिक संख्या महिला और युवा मतदाताओं की है।

हिमालयन रीजन की अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर इस बार कुल 13,59,815 मतदाता हैं। जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 6,50,677 है। जो करीब कुल मतदाताओं का 48 फीसद के आसपास है। चौदह विधानसभाओं वाली इस सीट में से छह विधानसभाएं ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से काफी अधिक है। इससे भी मजबूत स्थिति इस सीट पर अलग-अलग आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की भी है। ऐसे में इन दो वर्गों का रुझान जिस दल की तरफ सबसे अधिक होगा। जीत का परचम लहराने में उसी दल को कामयाबी मिलेगी। इसलिए सियासी दलों की नजर महिला और युवा मतदाताओं पर सबसे अधिक है। सियासी दल इन चुनावों के प्रति महिलाओं और युवाओं में उत्साह जगाने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

महिला मतदाताओं की संख्या में कितना हुआ इजाफा

| जिला | 2019 | 2024 | कुल वृद्धि |
|---|---|---|---|
| अल्मोड़ा | 2,57,573 | 2,60,529 | 2,956 |
| पिथौरागढ़ | 1,84,143 | 1,85,292 | 951 |
| बागेश्वर | 1,02,701 | 1,06,647 | 3,946 |
| चंपावत | 91,090 | 98,209 | 7,119 |
| कुल | 6,35,705 | 6,50,677 | 14,972 |

चारों जिलों में युवा मतदाताओं की स्थिति

| | |
|---|---|
| 18 से 19 साल | 21,000 से अधिक |
| 20 से 29 साल | 2,60,000 के पार |
| 30 से 39 साल | 3,37,000 के ऊपर |

### इस चुनाव में बढ़ गई 15 हजार के करीब महिला मतदाता

अल्मोड़ा सीट पर इस बार कुल 6 लाख 50 हजार से अधिक महिला वोटर्स हैं। यह आंकड़ा बीते लोकसभा चुनावों को देखते हुए तकरीबन 15 हजार अधिक है। अल्मोड़ा जिले में 2,60,529 महिला मतदाता हैं। पिथौरागढ़ जिले में 1,85,292, बागेश्वर जिले में 106647 और चंपावत जिले में 98209 महिला मतदाता हैं। सबसे कम महिला मतदाता वाले जिले चंपावत में पिछली बार के बजाय इस बार सबसे अधिक 7119 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

## चार दशक पहले बदली राजनीति फिर पटरी पर नहीं लौटी

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- **अयोध्या के इर्द गिर्द घूमती रही सूबे की सियासत**
- **आंदोलन के समानांतर चला जातीय सियासत का दौर**
- **भगवा संग विकास ने बदल दी सियासी तस्वीर**

**अमृत विचारः** चार दशक पहले प्रदेश की राजनीति बदली तो फिर पटरी पर नहीं लौटी। सत्ता और सियासत, अयोध्या के इर्द-गिर्द घूमती रही। कई उतार-चढ़ाव आए। राम मंदिर आंदोलन के समानांतर जातीय सियासत का दौर चला तो सत्ता आती-जाती रही। तीन दशक तक प्रदेश की सियासत में पहले जैसी स्थिरता नहीं रही। भगवा संग विकास ने एक बार फिर प्रदेश को सियासत की नई दिशा दी है।

सियासी उथल-पथल का यह दौर अयोध्या से ही शुरू होता है। राम मंदिर निर्माण को लेकर साल 1984 में अयोध्या से दिल्ली के लिए रथयात्रा निकली। उस दौरान प्रदेश में प्रचंड बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के चलते यात्रा रोकनी पड़ी, लेकिन आंदोलन की तासीर गर्म ही रही। उन दिनों कांग्रेस के साथ जनता दल की रस्साकशी शुरू हो गई थी। 1989 में प्रदेश के चुनाव में मंदिर आंदोलन और मंडल कमीशन की सियासत कुछ इस तरह गरमाई की विधानसभा चुनाव में जनता दल 208 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस को झटका लगा। वह 54 पर ठहर गई। बीजेपी का 57 सीटों के साथ उदय हुआ। मंदिर आंदोलन परवान चढ़ा। अयोध्या छावनी बनी। 30 अक्टूबर व 2 नवंबर 1990 की घटनाओं ने कई मायनों में नया इतिहास रच दिया। जनमानस को झकझोरा।

वर्ष 1991 के चुनाव में रामलहर ने भाजपा को 425 में से 221 सीटों तक पहुंचा दिया। जनता दल जेडी 92 पर सिमट गई। यह दौर आंदोलन के चरम का था। राजनीति के महारथियों ने आंदोलन से उपजी सहानुभूति को रोकने की कोशिश शुरू कर दी। जातीय सियासत के चलते बसपा और सपा का प्रभाव बढ़ा। 1996 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखा। आंदोलन के बावजूद भाजपा 174 पर ठहर गई। सपा के 110 के साथ बसपा ने 67 सीटें हथिया लीं। साझा सरकारों का दौर शुरू हुआ। सत्ता की चासनी में सियासत करवट लेने लगी। अयोध्या के मंदिर आंदोलन से शुरू हुए दो ध्रुव भाजपा और सपा के साथ बसपा कदमताल करने लगी। 2002 का चुनाव आते-आते जातीय समीकरणों ने भगवा ब्रिगेड को 88 सीटों पर समेट दिया। आमने-सामने सपा और बसपा आ गईं। सपा के 143 के सामने बसपा 98 सीटों के साथ खड़ी हो गई। वोटों के आंकड़ें बताते है कि अंतरधारा में अयोध्या आंदोलन का प्रभाव बरकरार रहा, लेकिन बसपा की जातीय सियासत ने पांच साल में सपा को भी पीछे छोड़ दिया। नए ध्रुव के रूप में 2007 में बसपा 206 सीटों के साथ सत्ता में पहुंच गई। राम मंदिर आंदोलन के साथ खड़ी भाजपा 51 पर और विरोध करने वाली सपा 97 पर ठहर गई, लेकिन राजनीति की अंतरधारा में इन दोनों के टकराव ने अयोध्या को केंद्र में बनाए रखा। जातीय समीकरण के साथ आंदोलन पर सपा के रुख का प्रभाव बढ़ गया। 2012 में सपा सत्ता की शीर्ष पर फिर एक बार पहुंच गई। उसे 224 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिला गया। 80 सीटों के साथ बसपा सत्ता से फिसल गई। 1991 में 221 सीटें हथियाने वाली भाजपा 47 पर आ गई।

क्रिकेट के खेल और राजनीति में कुछ भी संभव है। यह 2017 के विधानसभा चुनाव में दिखा। राम मंदिर आंदोलन की पृष्टभूमि और विकास के नए नारे ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्तासीन कर दिया। असर यह हुआ कि 2017 में एक बार फिर भाजपा को प्रदेश में सत्ता शीर्ष तक पहुंच गई। ऊफान पर चढ़ी जातीय सियासत जमीन की ओर लुढ़कने लगी। सत्ता में रहने वाली सपा 47 सीटों पर सिमटी तो बसपा का हाल इससे भी खराब रहा, वह 19 पर अटक गई। विकास और भगवा का चटख रंग न केवल केंद्र बल्कि प्रदेश में बरकरार रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भगवा बिग्रेड 255 सीटों के साथ सत्ता पर काबिज रह गई। सपा 111 तक पहुंच पाई। बसपा परिदृश्य से ओझल होने की स्थिति में पहुंचने लगी। 90 के दशक के पहले राजनीति के एक ध्रुव पर कांग्रेस और दूसरे ध्रुव पर विपक्षी हुआ करते थे लेकिन अयोध्या की सियासी ऊर्जा ने कांग्रेस और विपक्ष के बीच होने वाली सियासी जंग को अतीत की बात तक सीमित कर दिया। 40 साल बाद भी उत्तर प्रदेश की राजनीति उस दौर में नहीं लौट पाई।



## लोस चुनाव के लिए आयकर विभाग का नियंत्रण कक्ष

नई दिल्ली

चुनाव आयोग को चुनाव में काले धन के उपयोग को रोकने के लिए सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयकर विभाग निवासियों को लोकसभा आम चुनाव, 2024 में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए राजधानी दिल्ली में सातों दिन और चौबीस घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और टॉल फ्री नंबर जारी किया जिसके माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयकर निदेशालय (अन्वेषण), दिल्ली ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संभावित / संदिग्ध बेहिसाब नकदी, सर्राफा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए एनसीटी दिल्ली में कई व्यवस्थाएं की हैं। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के संबंध में, अन्य उपायों में, निदेशालय ने सिविक सेन्टर, नई दिल्ली में नियंत्रण कक्ष खोला है एवं एक टोल-फ्री नंबर 1800112300, लैंडलाइन नंबर 011-23232312/31/67/76 और मोबाईल नंबर 9868168682 भी जारी किया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति एनसीटी दिल्ली में बेहिसाब नकदी, बूलियन और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की संदिग्ध आवाजाही/वितरण के संबंध में आयकर विभाग से बातचीत कर सकता है और जानकारी भी दे सकता है। निवासी टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, और फोन करने वाले को नियंत्रण कक्ष के समक्ष किसी भी व्यक्तिगत विवरण, जैसे नाम या पहचान के अन्य विवरण, का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि प्राप्त जानकारी विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य हो।

नियंत्रण कक्ष आदर्श आचार संहिता की संपूर्ण अवधि के दौरान दिल्ली में क्रियाशील रहेगा यानी आम चुनाव, 2024 की घोषणा की तारीख से, जब तक दिल्ली में ये खत्म नहीं हो जाते। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के साथ नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे दिल्ली एनसीटी के संबंध में, प्रासंगिक जानकारी उपर्युक्त नंबरों के माध्यम से निदेशालय से साझा करके, अपनी सहायता प्रदान करे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। (एजेंसी)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम्।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते,नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं,डटकर उसका सामना करते हैं,वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा

लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान जा रहे हैं। इस दौरान वह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनके पिता जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (भूटान के पूर्व नरेश) से मुलाकात करेंगे। बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को पारस्परिक हित के द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित एवं मजबूत करने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की 'पड़ोसी प्रथम की नीति' पर जोर देने की कवायद के अनुरूप है। चीन के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भूटान पारंपरिक तौर पर भारत के करीब रहा है। भारत और चीन भूटान में अपने सामरिक और सीमाई हित देखते हैं। बीते सालों में भूटान में भारत से निर्भरता घटाने और अपने हितों में विस्तार के लिए इतर भी संभावनाएं तलाशने पर राय बन रही है। भूटान भारत और चीन के मध्य अवस्थित है। चीन ने हाल के दशकों में वैश्विक स्तर पर तरक्की की है और भूटान पर उसके साथ सीमा विवाद को सुलझाने का दबाव बढ़ रहा है। भूटान चीन के साथ 477 किमी का बॉर्डर साझा करता है। चीन 1961 से ही भूटान के एक इलाके पर दावा करता आ रहा है। भूटान और चीन 1984 से सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

इस बीच भूटान ने अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखते हुए भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ किए और चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने का मार्ग अपनाया। चीन और नेपाल की नजदीकियां सामरिक और व्यापारिक तौर पर बढ़ी हैं तथा चीन अपने पूर्वी तट से भी सामरिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में भूटान को अपने आंतरिक घेरे में लेने की चीन की कवायद गौर करने लायक है। जबकि भूटान की विकास परियोजनाओं का भारत ने न सिर्फ खाका खींचा है, बल्कि उनमें भारी निवेश भी किया है। भारत ने भूटान में अरबों डॉलर का निवेश किया है। अपनी तरफ से भारत भूटान का सबसे बड़ा विकास साझेदार बना रहेगा। विश्लेषकों के मुताबिक यह यात्रा दोनों पक्षों को अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने और भारत भूटान के बीच मित्रता व सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

# अभी बहुत दूर है लोकतंत्र की मंजिल



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था,हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था।

भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता परिवर्तन का आंदोलन नहीं था,वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है।

अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं,फिर भी लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है। रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है,लेकिन हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामंती मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हों। कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। कोई दल ऐसा नहीं,जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। कहने को तो सभी यही कहते हैं कि हम जनता के सेवक हैं और जनता के लिए प्राण न्यौछावर कर देंगे,किंतु वास्तविकता यह है कि प्रत्येक दल में नेता या सुप्रीमो के प्रति व्यक्तिगतनिष्ठा का महत्व है। नेता के जयजयकार और यश-गायन से ही मेवा मिलती है तो कोई जनता की सेवा भला क्यों करेगा?

हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी समस्या है,लोक से अपरिचय। लोक के प्रति हमारे शासकों का अंग्रेजों के जमाने से चला आया नजरिया। महात्मा गांधी ने भारत की पैदल यात्राएं भी कीं,लोक को जगाया और लोकमानस में जगह बनाई,लेकिन उनके बाद लोक संपर्क के सरकारी विभाग बन गए। चुनाव के समय जनता में गए जरूर पर लोकजागरण के लिए नहीं,भ्रमित करके वोट पाने के लिए। अनेक देशों में लोकतंत्र का विस्तार और उसकी प्रकृति को समझने के लिए विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं। भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं।

हमारे लोकतंत्र की समस्याओं के समाधान का रास्ता विदेशों से होकर आता है। विशेषज्ञों के दल विदेशों में जाते रहे हैं,अभी भी जाते हैं। वे कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए,लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं,परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता? दूसरों को देखकर हम चलना सीख सकते हैं,दूसरों के पैरों से नहीं चल सकते। चलने के लिए पैर भी अपने होंगे और रास्ता भी अपना होगा। ग्लोबल युग है तो संसार के देशों से मेलजोल,आदान-प्रदान जरूरी है,होगा। विशेषज्ञों के दल आएंगे और जाएंगे,ठीक है,सवाल यह है कि क्या किसी एक विशेषज्ञों के दल ने भी इस विशाल देश के लोगों के जीवन में गहरे स्तरों पर पंहुचकर लोकमानस की विषमताओं, विडंबनाओं, संगतियों, विसंगतियों, आस्थाओं, कल्पनाओं, सपनों को समझने का कोई एक भी सच्चा और योजनाबद्ध प्रयास किया?

राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था,हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था। उन्होंने जान लिया था कि जनता उनको शासक मान रही है,तभी तक वे शासक हैं,जिस क्षण जनता उनको अस्वीकार कर देगी,उसके बाद वे शासक नहीं रह जाएंगे। इसलिए उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया। नमक कानून को तोड़ना तो एक प्रतीक भर था,लेकिन यह साम्राज्य को एक चुनौती थी। हम तुमको और तुम्हारे कानून को अस्वीकार करते हैं,तुम्हारी अवज्ञा करते हैं,हम तुमसे अब नहीं डरते। लोगों का मन बदल गया,लोग निर्भय हो गए। शासक भय दिखाकर शासन करता है,किंतु जब उसके सामने यह चुनौती आ गई कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है। भय समाप्त, शासन समाप्त। भारत छोड़ो आंदोलन वाले दिन गांधीजी ने बतला दिया कि संप्रभुता के स्रोत तुम स्वयं हो। तय कर लो कि अब अंग्रेज तुम्हारे शासक नहीं हैं।

भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं था,वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है,लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और जनतंत्रात्मक शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय जीवन की सामजिक-राजनैतिक, सांस्कृतिक-आर्थिक-साहित्यिक समस्त गतियों का केन्द्र लोकजीवन है। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपा पूर्वक दे दिया था। क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था। क्या संविधान सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था। वास्तव में लोकतंत्र लोक जीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती,संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता। लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं।

देशी हों या विदेशीः क्रूर राजाओं आक्रांताओं, दस्युओं,बादशाहों,सामंतों,जमींदारों ने क्या-कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोक जीवन-लोक संस्कृति,लोक आस्था एवं लोकविश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया,परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्यबल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है,किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है,तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारी आधारभूत समस्याओं का मूल है,तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं,जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं।

एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी,जब उसने कहा था कि देश की 90 जनता ईडियट है और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है,जो अपने राजनैतिक आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मानकर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं।

## प्रसंगवश

# उम्र के जालिम जाल-फरेब



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों की उम्र उनकी जन्मतिथि से निकाली जाती है। वैज्ञानिक दायरों में इसे समयबद्ध आयु (क्रोनोलॉजिकल एज) कहते हैं। इस नाप के साथ कुछ बुनियादी मुश्किलें जुड़ी हैं। पचास-पचपन साल का एक इंसान मजे से हाफ मैराथन दौड़ लेता है। जबकि उसी उम्र के दूसरे मनुष्य के लिए अक्सर बाजार से सब्जी लाना भी पहाड़ हो जाता है। इस फर्क को समझने के लिए जैविक उम्र (बायोलॉजिकल एज) की धारणा आई जिसका इस्तेमाल सेक्सोलॉजी, संतानोत्पत्ति और जीवनशैली से जुड़े चिकित्सा क्षेत्रों में किया जा रहा है,लेकिन इंसान की उम्र का खेल समझना उसकी शारीरिक बारीकियों में जाने से कहीं ज्यादा कठिन है।

क्या इस खेल में कुछ भूमिका उसके मन की भी होती है? यदि हां तो कितनी? इसे ठोस रूप में समझने के लिए आत्मगत आयु, सब्जेक्टिव एजिंग की शब्दावली चलन में आई जिसके दो पहलू हो सकते हैं। एक यह कि आप खुद को कितने साल का महसूस करते/करती हैं (फेल्ट एज) और दूसरा यह कि आप कितने साल के होना/दिखना चाहते/चाहती हैं (आइडियल एज)। इस बारे में कामकाजी आंकड़ें पूरी दुनिया में अभी केवल एक संस्था नॉर्वेजियन लाइफ कोर्स,एजिंग एंड जेनरेशन स्टडी (नोरलाग) के पास हैं जिसने सन् 2001 में 40 से 80 साल की उम्र वाले विविध संस्कृतियों और शैक्षिक स्थिति के कुल 6292 स्त्री-पुरुषों से फोन पर फॉर्म भराकर उनकी राय लेना शुरू किया और इस क्रम में 2002,2007 और 2017 में यानी पहले एक, फिर पांच और दस साल के अंतर पर उनके आयु संबंधी सारे वस्तुगत और मनोगत ब्यौरे इकट्ठा किए।

दुनिया की कई नामी शोध संस्थाएं फिलहाल इन आंकड़ों पर काम करके महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाल रही हैं जिनमें सन् 2020 में आई कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बहुत खास है। उम्र के उत्तरार्ध में पैदा होने वाली समस्याओं पर केंद्रित इसके विशद निष्कर्षों में एक यह है कि हर इंसान खुद को अपनी वास्तविक उम्र से छोटा महसूस करता है और उससे भी छोटा होना/दिखना चाहता है,लेकिन कमसिन होने की यह इच्छा जीवन को लेकर उसका असंतोष बढ़ा देती है। नतीजा यह कि उसके जीवन की गुणवत्ता और कम हो जाती है।

# विलुप्ति की कगार पर कई वन्यजीव प्रजातियां



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी,पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों।

पहाड़ी क्षेत्रों के संदर्भ में विकास के कथित मॉडल को पहाड़ के लोगों के उत्थान से जोड़कर देखा जाता है,लेकिन स्थानीय जैव विविधता से खेलकर बनाई जा रही सड़कें,बांध व कंक्रीट के बढ़ते जंगल दरअसल विकास की दोषपूर्ण अवधारणा की उपज है। हिमालय ने देश के उत्तरी भाग में जीवन और सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक जलतंत्र की रचना सहित वन और जैव संपदा के विशाल भंडार से हमें नवाजा है,लेकिन बीते कुछ दशकों में हमने अपने हितों के लिए जिस बेरहमी से हिमालय और उसकी उपत्यकाओं से अंधाधुंध छेड़छाड़ की,उसी का परिणाम है कि आज कई वन्य जीवों की प्रजातियां या तो पूरी तरह से लुप्त हो गई हैं या फिर विलुप्ति की कगार पर हैं।

उत्तराखंड के संदर्भ में जिन पशु-पक्षियों के जीवन पर वन व वनस्पतियों के विनाश,मौसम परिवर्तन, जंगल की आग, हिम रेखा के सिकुड़ने, भोजन की कमी तथा वन तस्करों की बढ़ती सक्रियता के कारण संकट उत्पन्न हुआ है,उनमें हिमबाघ, गुलदार, कस्तुरी मृग, भालू, जंगली सुअर, काकड़, घुरड़, जंगली मुर्गी, मोनाल, चितराल, जंगली बिल्ली, खरगोश, चकोर, बटेर, मछलियों में महासीर आदि शामिल हैं। वन पक्षी एवं पशु संरक्षण अधिनियम,भारतीय वन अधिनियम,वन्यजीव संरक्षण अधिनियम आदि कई कानून जंगल के जानवरों की सुरक्षा के लिए बने हैं,परंतु कथित विकास के सामने ये तमाम कानून बेअसर हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे सड़क व बांध निर्माण तथा पर्यटन विकास के नाम पर हो रहे कार्यों से जहां पहले से ही अस्थिर भू-क्षेत्र में अनेक खतरे पैदा हो रहे हैं,वहीं कभी हजारों की संख्या में पाई जाने वाली विशिष्ट हिमालयी प्राणियों की नस्लें लुप्त होने को अभिशप्त हैं। हिमालय में मौसम परिवर्तन तथा वन्य क्षेत्र में मानव की बढ़ती दखलंदाजी की सर्वाधिक मार हिमबाघ पर पड़ी है। ऊपरी हिम आच्छादित क्षेत्र में हिमबाघ अब दिखाई नहीं देते। अस्सी के दशक में उत्तराखंड में छह हिमबाघ पाए जाने की सूचना वन विभाग के पास थी।

इसी तरह भागीरथी,मंदाकिनी व अलकनंदा के जल ग्रहण क्षेत्र में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली व पैंथर भी अब दिखलाई नहीं देते। घटते वन क्षेत्र, नदियों से छेड़छाड़, अवैध अतिक्रमण तथा मानव प्रभाव से भयभीत ये वन्य जीव लुप्त होने को बाध्य हैं। यदि सरकार ने समय रहते गंभीरता से इनके संरक्षण के प्रयास किए होते तो ये जीव आज हिमालय के अपने प्राकृतिक आवासों पर विचरण रह होते। अनेक सुंदर हिमालयी जीव अपने को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन्हीं में से एक है,उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तुरी मृग। इसकी नाभि में मौजूद सुगंधित कस्तुरी के कारण इसका बहुत महत्व है,पर यह कस्तुरी ही इस खुबसूरत जीव के विनाश का कारण बन रही है। एक कस्तुरी मृग से एक समय में 25 से 30 ग्राम कस्तुरी प्राप्त होती हैं जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों में है। यही कारण है कि यह खुबसूरत मृग शिकारियों द्वारा मारे जा रहे हैं। कभी पहाड़ में इनकी अच्छी खासी संख्या थी,पर आज ये अंगुलियों में गिनने लायक रह गए हैं। जाड़ों में भारी हिमपात के कारण मृग निचले इलाकों में चले आते हैं और आसानी से मारे जाते हैं।

हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी,पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों। सड़क निर्माण के लिए हो रहे विस्फोटकों की भयावह आवाज से भयभीत वन्य जीव पलायन को विवश है। प्रतिकूल परिस्थितियों को सहनकर जो विजयी है,वही जीवित भी है। जंगली बकरा भी विलुप्त होने के कगार पर है। यह बुरांस तथा बेतुला के वृक्षों से आच्छादित जंगल में रहना पसंद करता है,पर मानवीय हस्तक्षेप और हर साल जंगलों में आग लगने से कई वन्यजीवों की तरह यह जीव भी जल कर मरने को शापित है। अगर गुलदार और बाघ की बात करें तो ये नरभक्षी हो चले हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि जंगल में न तो इनके लिए सघन वन क्षेत्र रह गया है और न ही शिकार के लिए पर्याप्त जानवर। कहीं संसाधनों की कमी है तो कहीं मैनपावर की। एक अन्य रक्षित प्रजाति का जीव हिमालयी थार भी अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। 90 से 100 सेमी ऊंचे इस जीव का वजन सौ किलो से अधिक होता है। यह भी अब विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में है। अधिकांश वन्यजीव अब राष्ट्रीय अभयारण्यों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। इनकी संख्या कम होती देखकर लगता है कि उजड़ना और खत्म होना ही वन्य जीवों की नियति बनकर रह गई है। यह क्रम जारी रहा तो एक दिन हिमालय की घाटियों में पशु-पक्षियों के कलरव व चहचहाट के स्थान पर केवल सन्नाटा ही सुनाई देगा।

## सोशल फोरम

# अब तो कहानी हो गई गौरैया



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गौरैया! हां, जानी-पहचानी चिड़िया। एक जमाना था जब ढेर दिखती थीं। बिजली और टेलीफोन की लाइव लाइनों पर दूर तक एक लाइन से बैठीं दिखती थीं। मुंडेरों पर, खिड़कियों पर और आंगन में कपड़े सुखाने के लिए बंधी रस्सी पर भी।

घर से स्कूल जाने के रास्ते और फिर स्कूल में ढेर चिड़ियां इधर-उधर बैठी दिखतीं। कभी-कभी ऐसा भी होता कि मास्साब पढ़ा रहे होते और मैं ऊपर रोशनदानों में बैठी चिड़ियों के कार्यकलाप देख रहा होता था। मास्साब जाने कब आकर कान उमेठ कर डपट देते-ये चिड़ियां इम्तिहान पास कराने नहीं आएंगी।

दुमंजिले पर घर में एक स्टोर। उसकी खिड़की बाहर की ओर खुलती है। ये कभी-कभार ही खुलती। खिड़की के ऊपर के हिस्से में कांच था। एक दिन कांच थोड़ा सा टूट गया। यानी चिड़ियों के आने जाने के लिए पर्याप्त रास्ता बन गया। किताबों से भरे घर में और किताबें रखने की जगह कम पड़ गई तो पिताजी ने स्टोर में दो रैक टांगकर पुस्तकें भर दीं। चिड़ियों को मौका मिल गया। पुस्तकों के पीछे एक जोड़े ने तिनका-तिनका जोड़कर घौंसला बनाया। थोड़ी मदद मैंने भी कर दी। थोड़ी सूखी घास-फूस लाकर खिड़की पर रख दी। ताकि चिड़िया को तिनका बीनने दूर न जाना पड़े। फिर वो दिन भी आया कि चिड़िया का घोंसला पूर्ण हुआ। उसने अंडे दिए। कुछ दिन बाद उसमें से तीन बच्चे निकले। चिड़िया कहीं से दाना-दुनका चुग कर लाती। बच्चे मां की आहट पाते ही चीं-चीं करके शोर मचाना शुरू कर देते।

बच्चे थोड़ा बड़े हुए। चिड़िया मां ने उन्हें उड़ना सिखाया। चिड़िया का चिड़ा कुछ नहीं करता था। बस बैठा देखा करता था। एक दिन मैंने देखा तीन की जगह दो ही बच्चे हैं। एक पता नहीं कहां चला गया। मां ने आशंका जताई बिल्ली इधर-उधर घूमती रहती है। स्टोर बंद रखा करो। फिर वो दिन आया, बच्चे बड़े हो गए। उन्होंने अपना जोड़ा बना लिया। पुराना जोड़ा जाने कहां फुर्र हो गया। वक्त आगे बढ़ता रहा और उधर पेड़ों के साथ-साथ चिड़ियों की संख्या भी कम होती रही। आज मुझे दूर-दूर चिड़ियां नहीं दिखाई देती हैं। पेड़ भी कट गए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# पशु पालना स्वास्थ्य संबंधी मुसीबत को निमंत्रण



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वासनली, आहारनाल , त्वचा और कीट।

आजकल जानवर पालने का फैशन सा चल पड़ा है। गांवों में रोजी-रोटी के लिए तो शहरों में आधुनिकता की आड़ में अभी यह फैशन चलन में बहुत है। सिर्फ कुत्ता या बिल्ली पालने का शौक होता तो गनीमत भी थी,लोग तो खरगोश,सफेद चूहा, कबूतर,तोता,गिरगिट तक पालने लगे हैं। इनके पालने से जानलेवा बीमारियों का खतरा बना रहता है। पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वास नली,आहारनाल,त्वचा और कीट।

पक्षियों का निमोनिया श्वांस नली के जरिए ही पक्षी से मानव तक फैलता है। किसी भी पक्षी से इस रोग का फैलाव होने की संभावना रहती है। बत्तख और हंस के जरिए तक यह रोग फैल सकता है। आहारनाल के जरिए टाइफाइड रोग फैल सकता है। अगर कोई आदमी अक्सर पशुओं को चूमता है तो उसे इस रोग का खतरा हो सकता है। श्लेषमा के जरिए पागल कुत्ते का रोग होने का खतरा होता है। पागल कुत्ते के काटने या बिल्ली के पंजे से चोट लगने के बाद मनुष्य के शरीर में रोग के विषाणु पहुंचते हैं। कुछ वैज्ञानिक शोध की माने तो कुत्ते-बिल्ली जैसे जानवर पालने वाले ज्यादातर लोग किसी न किसी उन बीमारीयों का शिकार/ ग्रसित हुए रहते हैं,जो पालतू जानवरों से आती है। पालतू बिल्लियों से एक बीमारी फैलती है जिसे वैज्ञानिक भाषा में "कैट स्क्रैच डिसीज" कहा जाता है,जो बिल्लियों की खरोंच से फैलती है,जरूरी नहीं है कि बिल्ली गुस्से में ही खरोंचे,वह आप से खेलते और प्यार जताते हुए भी खरोंच सकती है और इस बीमारी को फैला सकती है। पालतू जानवरों से इंसानों में "रिंगवर्म" जैसी बीमारी का खतरा कुछ ज्यादा ही होता है। यह बीमारी आम तौर पर कुत्तों के द्वारा फैलती है। घरों में कुत्तों के साथ सोने बैठने वाले लोगों में त्वचा संबंधित इस बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। यह एक प्रकार के फंगस की बीमारी है। त्वचा पर चकते,दाने और लगातार खुजली इसके प्रमुख लक्षण है। घरेलू पक्षी जैसे तोता,कबूतर,मैना पालने वाले लोगों को आम तौर पर "सिटाकोसिस" नामक बीमारी का खतरा बना रहता है। इसे पैरट फीवर भी कहते हैं,ये बीमारी संक्रमित पक्षी के शरीर से हवा के जरिए फैलती है और अगर हम भी उसी हवा में सांस ले रहे हैं तो बीमारी के वायरस नाक के जरिए हमारे फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। बीमारी के लक्षणों में बुखार, डायरिया,सूखी खांसी और शरीर में ठिठुरन शामिल है। इस के लिए एंटीबायोटिक की खुराक लेनी पड़ती है वरना इसे नजर अंदाज करने पर लेने के देने पड़ सकते है।

भारत में दूध,दही के लिए गाय और मांस के लिए बकरी व ऊन के लिए भेड़ का पालन किया जाता है। एक बीमारी है,ब्रुसेलोसिस जो बीमार गाय,बकरी और भेड़ से होती है। आमतौर पर संक्रमित गायों या बकरियों का दूध पीने पर ये बीमारी हो सकती है,लेकिन अगर आप इन पशुओं को पालने के शौकीन हैं तो शरीर पर हुए हल्के-फुल्के जख्मों के जरिए भी इस बीमारी के बैक्टीरिया भीतर पहुंच जाते हैं। इसके लक्षण मौसमी फ्लू से मिलते-जुलते होते हैं। बूढ़े-बुजुर्ग लोगों को इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है,क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर होती है। साल 2015 से 2018 में दक्षिण,उत्तर और यूरोप में "मैड काऊ डिजीज" फैली थी। तब मनुष्य ने अपनी जान बचाने के लिए ही लाखों गायों को बेवक्त ही गला काट दिया था। यह बेहद खतरनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है,जो मरीज की जान भी ले सकती है। पूरी दुनिया को दहशत जदाकर तब इस बीमारी नें सैकड़ों जानें ली थीं। रेबीज पालतू जानवरों से होने वाली सबसे खतरनाक बीमारियों में गिनी जाती है। वायरस से फैलने वाली ये बीमारी पालतू जानवरों में आसपास रहने वाले जंगली जानवरों से आती है और जानवरों की सफाई के दौरान इंसानी शरीर में इसके वायरस प्रवेश कर जाते हैं। याद रखें असावधान होकर पशु पालना जहरीला सांप पालने के बराबर है। सांप काटेगा तो जहर ही निकलना है और जहर जानलेवा होता है।

## व्यंग्य

# सीटें आई हैं



मृदुल पांडेय
सहायक अध्यापक

चुनाव की घोषणा हो गई है। छल-दंभ,द्वेष-पाखंड,झूठ-अन्याय से निस दिन लिप्त रहने वाला गाना प्रत्येक बोलेरो में सुनने को मिलेगा। सीटों का सवाल। हर पांच साल में सीट मिलती हैं। कहीं न कहीं कोई उस पर बैठता है। पंचवर्षीय सीटें पंचकोसी परिक्रमा के बाद प्राप्त हो जाती हैं। दूर से दिखने में कठिन लगता है,पर सीटें मिलना आसान है। जनता है किसी न किसी को सीट दे ही देती है। खुद हमेशा अपने पैरों पर खड़ी रहती है। पैरों पर खड़े रहना काफी अच्छा बताया गया है। खासकर अगर पैर खुद के हों,जो अपने पैरों पर खड़ा है, वो होनहार है।

कहावतें कितनी झूठी बना दी गई हैं। होनहार वो है, जो खुद बैठा रहे और दूसरों को खड़ा रखे। शायद इसीलिए बड़े-बड़े ऑफिसों में साहब के आगे सिर्फ दो कुर्सी होती हैं। खैर अब सीटों का बंटवारा होगा। कुछ सीटें इधर जाएंगी, कुछ उधर जाएंगी। सीटों के पैर होते हैं। हर पांच साल में कहीं न कहीं भागदौड़ लगाती रहती हैं,लेकिन कुछ सीटें हैं,जो जल्दी नहीं मिलती। सत्तर सालों में तो नहीं मिली। इनको पाने में बहुत मशक्कत है। पहले प्रधान के घर जाना पड़ता है,प्रधान ब्लॉक भेजता है,ब्लॉक जिले पर भेजता है और जिला फिर वापस स्कूल। हां,ये प्राथमिक विद्यालय की सीटें हैं जिसको पाना सांसद की सीट पाने से मुश्किल काम है। क्योंकि इस पर विधायक नहीं बैठते,सांसद नहीं बैठते,अधिकारी नहीं बैठते। खेत मे हाड़-तोड़ मेहनत करने वाले हल्कू का लड़का बैठता है,शहर जाकर 500 रुपये की दिहाड़ी करने वाले आत्माराम की बिटिया बैठती है। बप्पा को खेत में काम पर सीट नहीं मिली और उनके संतानों को स्कूल में। यही बप्पा-अम्मा हर पांच साल में सबको एक-एक करके सीट देते हुए आएं हैं और इनका खुद का भविष्य जाड़ा-गर्मी बरसात में चटाई पर बैठ सरस्वती की उपासना कर रहा है। क्या किसी को कभी खाक मतलब रहा है? भारत जहां चुनाव को पर्व माना जाता है,वहां सीटें प्रसाद हैं,जो गिन-गिन कर लोगों को दी जाती है। ऐरे गैरे बच्चों को बैठने के लिए नहीं। ऊपर बैठे लोग भी जानते हैं,अगर इनको बचपन में ही सीटें दे दी गईं तो शायद ये हर जगह सीट की ही मांग करेंगे। फिर उनको विश्वविद्यालय में भी सीट चाहिए होगी,नौकरी की भी सीट चाहिए होगी,चुनाव में भी सीट चाहिए होगी। सीट की आदत ही ऐसी है कि अगर लग जाए तो आदमी बिना सीट के नहीं रह पाता। फिर क्यों न उसे कुछ भी करना पड़ जाए। इसलिए इनको सीट नहीं देना है,पर सीटें आई हैं सत्तर साल बाद ही सही सीटें आई हैं। लड़-झगड़कर ही सही। बच्चे खुश हैं। अपनी सीटें ढो रहे हैं। रिक्शे से क्लास तक ले जा रहे हैं। ललचाई आंखो से देख रहें हैं। साफ कर रहे हैं। बंटवारा कर रहे हैं। इनका बंटवारा चुनाव की सीटों से ज्यादा कठिन है,क्योंकि ये पूरा ख्याल रखा गया है कि सीटें पर्याप्त न हों,सबको सीट न मिल सके,कुछ न कुछ कमी जरूर रखनी है। देश के बच्चों में एडजस्ट करने की आदत बचपन से ही डालना है। इसलिए सीट सिर्फ इतनी हों कि लटक-लटक कर एक पर चार-पांच बैठ सकें। किसी स्कूल में सिर्फ कुछ क्लास के बच्चे ही बैठ सकें। ताकि उनको अपने कर्तव्यों का अहसास हमेशा बना रहे कि उनको बस एडजस्ट करना है। आधे में लटकना है और दिखावा करना है कि उनके पास भी सीट हैं। भारत सीटों का देश है और सीटें आई हैं।

# सिपाही भर्ती परीक्षाः पांच आरोपियों की रिमांड मंजूर, खुलेंगे कई राज

## आरोपियों को लेकर रिजॉर्ट और अहमदाबाद जाएगी एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले मे पांच आरोपियों की कोर्ट ने रिमांड स्वीकार कर ली है। गुरुवार सुबह एसटीएफ पांचों को रिमांड पर ले लेगी। इसके बाद एसटीएफ आरोपियों को गुरुग्राम के रिजॉर्ट और अहमदाबाद की टीसीआई कम्पनी ली जाएगी। आरोपियों से सवालों की सूची मेरठ एसटीएफ ने तैयार कर ली है। आरोपियों से रवि अत्री और राजीव नयन के बारे में जानकारी की जाएगी। माना जा था है कि इस रिमांड से कई और चेहरे बेनकाब होंगे।

एसटीएफ मेरठ इकाई के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन पांच आरोपियों का रिमांड मिली है, उनमें टीसीआई ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी मिर्जापुर के शिवम गिरि, भदोही निवासी रोहित पांडेय, प्रयागराज निवासी अभिषेक शुक्ला, बिहार निवासी डॉ. शुभम मंडल और मोनू हैं। कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड दी है। एसटीएफ गुरुवार सुबह जिला जेल मेरठ से पांचों को अपनी कस्टडी में ले लेगी।

एसटीएफ पांचों आरोपियों को गाड़ी से सुरक्षा में अहमदाबाद ले जाया जाएगा। किस तरह से पेपर लीक किया गया, इसका क्राइम सीन दोहराने के समय वीडियोग्राफी की जाएगी। इसके अलावा गुरुग्राम के जिस रिजॉर्ट में एक हजार के करीब अभ्यर्थियों को पेपर लीक कराया गया था, उसका भी निरीक्षण किया जाएगा। एएसपी ने बताया कि कंकरखेड़ा थाने में दर्ज रिपोर्ट में जेल गए आरोपियों की संपत्ति भी खंगाली जा रही है। इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी। आरोपियों का दूसरे राज्यों के लोगों से कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। माना जा रहा है कि आरोपी दूसरे राज्यों में भी पहले कई परीक्षाओं के पेपर लीक करा चुके हैं। एएसपी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं ताकि उन्हें जल्द जमानत न मिल सके। उनका कहना है कि लीक कांड का मुख्य आरोपी रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा हैं।

### ये है मामला

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती की दो पाली की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। इस मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई थी। जांच के बाद खुलासा हुआ कि अहमदाबाद स्थित टीसीआई ट्रांसपोर्ट कंपनी से पांच और आठ मार्च को पेपर लीक हुआ था। एसटीएफ इस मामले में 15 मुकदमे दर्ज कराकर 54 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। गिरोह के मुख्य आरोपी रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा अभी फरार चल रहे हैं।

# अमरमणि त्रिपाठी के मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, प्रयागराजः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के एक मामले में पूर्व बसपा सांसद अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को फैसला सुरक्षित करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका एक लंबा आपराधिक इतिहास है। कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में ट्रायल कोर्ट को पूरी आर्डर शीट एक सील बंद लिफाफे में भेजने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई 17 दिसंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 तक चलने वाले पूरे मामले की आर्डर शीट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, साथ ही सरकारी अधिवक्ता ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बस्ती द्वारा याची के खिलाफ 36 आपराधिक मुकदमों की सूची प्रस्तुत की। यह मामला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष चल रही है। याचिका में स्पेशल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। याची का कहना है कि वह मूल केस अपहरण मामले में जमानत पर है।

# सुलतानपुर में दुष्कर्म के दोषी इमाम को 10 साल की कैद

- किशोरी को अरबी पढ़ाने के लिए बहला फुसलाकर रायबरेली ले गया

**सुलतानपुर,एजेंसी :** जिले की एक अदालत ने बुधवार को मस्जिद के इमाम को दुष्कर्म के मामले में दस साल कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार इमाम एक किशोरी को अरबी पढ़ाने के लिए बहला फुसलाकर रायबरेली ले गया और वहां बंधक बनाकर कई दिनों तक दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में में पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने आरोपी इमाम पर तीस हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

मामले में विशेष लोक अभियोजक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने 6 सितम्बर 2022 की रात में सुलतानपुर के नगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसकी दो नाबालिग बेटियां एक बजे घर से मौसा के यहां जाने के लिए निकली। रास्ते में 17 वर्षीय बड़ी बेटी ने अमहट में इश्तेखार से मिलने जाने की बात कही और छोटी बहन को छोड़ चली गई। शाम तक जब बेटी नहीं आई तो परिजन घर के पास मस्जिद में नमाज पढ़ाने तथा बेटियों को अरबी पढ़ाने वाले इश्तेखार के घर बिबिया करनपुर चिलबिला प्रतापगढ़ गए। इश्तेखार के पिता व भाई ने बताया कि वह शादीशुदा है और तीन महीने से घर नहीं गया था। एफआईआर लिखने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की तो पांच दिन बाद वह किशोरी के साथ पकड़ा गया। किशोरी ने बताया कि जब वह इश्तेखार से अमहट में मिली तो वह उसे बाइक से रायबरेली ले गया। वहां एक कमरे में पांच दिन बंद रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी देता था। फिर वापस लाया तो दोनों पकड़े गए। अभियोजन ने 6 व बचाव पक्ष ने न्यायालय में एक गवाह परीक्षित कराया। जज पवन कुमार शर्मा ने साक्ष्यों के आधार इश्तेखार को सजा काटने के लिए जेल भेज दिया व अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया हैं।

## सार-संक्षेप

### भरण पोषण मामले में पति को देने होंगे ठोस साक्ष्य

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि एक सक्षम युवा व्यक्ति को पर्याप्त पैसा कमाने और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए सामर्थ्यवान माना जाना चाहिए। यह कथन स्वीकार्य नहीं है कि वह पारिवारिक मानक के अनुसार उतना नहीं कमा सकता है, जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण हो सके। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि व्यक्ति को कोर्ट के समक्ष ऐसे ठोस आधार प्रस्तुत करने होंगे जिससे यह सिद्ध हो सके कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण के कानूनी दायित्व को पूरा करने के लिए पर्याप्त कमाई करने में असमर्थ है। वर्तमान याचिका प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, ललितपुर द्वारा पारित निर्णय से व्यथित होकर दाखिल की गई है। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची को अतिरिक्त दहेज के लिए शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया था। इसके बाद वर्ष 2015 में उसने अपना वैवाहिक घर छोड़ दिया और घरेलू काम करके अल्प कमाई द्वारा अपना भरण-पोषण कर रही थी। कोर्ट ने आदेश में कहा कि पति की मासिक आय का एक तिहाई हिस्सा पत्नी और दो बेटियों को भरण-पोषण के रूप में प्रदान करना आवश्यक है, क्योंकि पति कुशल श्रमिक के रूप में लगभग 12000 से 14000 रुपए प्रति माह कमा लेता है। अंत में कोर्ट ने विपक्षी को याची को 2 हजार रुपए और दोनों बेटियों को 1-1 हजार रुपए प्रतिमाह देने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की पीठ ने श्रीमती जमुना और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

### बहराइच में बाघ के हमले में युवक की मौत

**बहराइच, एजेंसी :** जिले के कतर्नियाघाट में बाघ के हमले में युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक पिछले दो दिनों से लापता था जिसका शव बुधवार की दोपहर को जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से बरामद हुआ है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत सुजौली रेंज अंतर्गत जंगल में बेंत की झाड़ियों में बुधवार की दोपहर को ग्रामीणों ने युवक के शव को देखा जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस और वन विभाग की टीम ने जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से युवक के शव को बरामद किया है। युवक की पहचान सुजौली गांव निवासी जुगुल (27) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सौरभ सिंह व रेंजर सुजौली रोहित यादव ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। वहीं ग्रामीणों के मुताबिक शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि युवक पिछले दो दिनों से घर से लापता था।

### कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे रामलला



**लखनऊ, अमृत विचार :** अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराज रहे श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है। बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए। मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा। निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण देने के यह प्रयास हमारे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद है।

# कृष्ण कूप मामले में ईदगाह कमेटी से मांगी आपत्ति

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देने के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई बुधवार को एक अप्रैल तक के लिए टाल दी। मूल वाद में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद, कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर बनाई गई है। इस मामले में बुधवार को दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने अगली तिथि तक के लिए सुनवाई टाल दी।

मुस्लिम पक्ष ने बुधवार को सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय द्वारा दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 151 के तहत किए गए आवेदन पर आपत्ति जताई। ईदगाह कमेटी से इसे लेकर आपत्तियां मांगी गई है। वादी आशुतोष पांडेय ने अपने आवेदन में कहा है कि हर साल विवादित संपत्ति परिसर में हिंदू भक्तों द्वारा बासोड़ा पूजा की जाती है। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी और दो अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी को पड़ेगी। इन तिथियों पर पूर्व की तरह बासोड़ा पूजा की जानी है, जबकि प्रतिवादी कृष्ण कूप में यह पूजा करने से वादकारियों को रोक रहे हैं। इस पर, मुस्लिम पक्ष ने कहा कि वाद की पोषणीयता को लेकर दाखिल आवेदन पर सुनवाई लंबित रहने के दौरान ऐसे आवेदन पर कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं दूसरी ओर, हिंदू पक्ष की ओर से दलील दी गई कि हिंदुत्व में आस्था रखने वाले लोगों को पूजा अर्चना करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। ऐसा आवेदन हमेशा से ही पोषणीय है और इस पर आदेश पारित करना कोर्ट के विवेकाधिकार पर निर्भर है।

# एआई तकनीक से बढ़ेगी दक्षताः मुख्य सचिव

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि एआई तकनीकि से विभागों की दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के लिए परिवर्तनकारी परिणाम सुनिश्चित करने के लिए एआई को दैनिक कार्यों में शामिल करें। वह बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आयोजित उच्च स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने सरकारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में एआई प्रशासन के महत्व पर भी जोर दिया। इसके पहले इनमोबी में वैश्विक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुख्य कॉर्पोरेट मामले और सार्वजनिक नीति अधिकारी डॉ. सुबी चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यशाला ने नीति निर्माताओं और अधिकारियों को एआई शासन ढांचे और सरकारी कार्यों में जिम्मेदार एआई तैनाती के प्रथाओं की जानकारी दी।

# बच्चों की हत्या और एनकाउंटर के बाद बदायूं में गर्मायी राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की चल रही प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश की राजनीति बदायूं में दो बच्चों की हत्या पर गरमा गई है। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को जहां इस घटना का संज्ञान लेते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा सांप्रदायिक तनाव पैदा करवा रही है। भाजपा की तरफ से पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दानिश अली अंसारी ने सपा को ही कटघरे में खड़ा किया है।

भाजपा ने कहा कि सपा अपराधियों को संरक्षण देती है। पार्टी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने बदायूं की घटना पर कहा कि योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई हो रही है। बदायूं कांड में भी अपराधी के साथ पूरी कठोरता बरती गई है। इससे पहले बदायूं कांड पर सपा मीडिया सेल के अकाउंट से लिखा गया- भाजपा उप्र. में दंगा फसाद सांप्रदायिक तनाव खड़ा करके चुनाव जीतना चाहती है। इसी कारण से ऐसी घटनाओं को खुद अंजाम दिलवा रही। इसी मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा- सपा में नैतिकता नाम की कोई चीज़ बची है तो बदायूं मामले में राजनीति न करे। उधर सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने भी बदायूं घटना को दुखद बताते हुए पुलिस-प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। शिवपाल ने कहा कि इस सरकार में कानून व्यवस्था फेल हो गई है।

### जितनी तरजीह हिंदुओं को उतनी मुसलमानों को भी

वहीं, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी बुधवार को बेगुसराय में रहते हुए बयान दिया कि, अब अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी समझ रहे हैं कि उनका जनाधार खिसक रहा है इसलिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। योगी की सरकार में जितनी तरजीह हिंदुओं को मिली उतनी ही मुसलमानों को भी मिली है। इसी बीच मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन से जो भी आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए वो की है।

## वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

2. 1. वह सफ़ेद या हलका पीला तरल पदार्थ जो गाय भैंस से प्राप्त होता है
3. 1. खुरखुर शब्द होना 2. छूने में ऊबड़-खाबड़ या खुरखुरा लगना।
4. 1. गोश्तख़ोर, मांसाहारी 2. 'निरामिषभोजी' का विलोम।
8. दे. तलुवा।
10. 1. पेंदी 2. हाथ और पैर का तल 3. तलवा 4. तलछट।
11. 1. चिह्न लगाने वाला 2. हिसाब लिखने वाला, आंकने वाला, मूल्य निरूपक 3. गिनती करने वाला, गणक 4. चिह्न या निशान लगाने का यंत्र।

**ऊपर से नीचे**

1. गंगा, भागीरथी।
5. 1. वधिक, ज़ल्लाद 2. बहेलिया, चिड़ीमार।
6. 1. धनुष 2. रुई धुनने वाला यंत्र, धुनकी।
7. 1. दोस्त, मित्र, साथी 2. प्रेमी 3. पति।
9. 1. मिट्टी के बरतनों पर चमक लाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला एक चमकीला रोगन या वार्निश 2. आग की लपट, लौ, ज्वाला, चिनगारी।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | ■ | ■ | 2 | |
| 3 | | | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 7 | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | ■ | 11 | | | ■ |

### वर्ग पहेली -15 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 1 सी | 2 सा |
| 3 अ | 4 भ | या | ■ | 5 चं | ■ | र |
| ■ | ड़ | ■ | 6 पं | च | को | सी |
| 7 म | क | ड़ | जा | ल | ■ | ■ |
| ■ | दा | ■ | बी | ■ | ■ | 8 पु |
| 9 फ़ि | र | क़ा | ■ | ■ | ■ | छा |
| ■ | ■ | ■ | 10 स | नी | च | र |

# करंसी चेस्ट में पहुंचे 5.91 लाख के जाली नोट

- औसतन हर माह आरबीआई को 49 हजार रुपये का हो रहा आर्थिक नुकसान

विनय शुक्ला, लखनऊ



**अमृत विचारः** जाली नोट बाजार में तो मिल ही रहे हैं। बाजार से होते हुए यह नोट आरबीआई के करंसी चेस्ट तक पहुंच गए हैं। जाली नोट की आपूर्ति करने वाले गिरोह देश को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। इसकी पुष्टि आरबीआई के करेंसी चेस्ट से मिले जाली नोटों के आंकड़े करते हैं। 14 माह में आरबीआई करेंसी चेस्ट से कुल 5.91 लाख रुपये के नकली नोट मिले हैं। नकली नोट मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

**हर माह 49 हजार रुपये हो रहा आर्थिक नुकसान :** औसतन, आरबीआई के करेंसी चेस्ट से हर माह 49 हजार रुपये के जाली नोट निकल रहे है। एक्सपर्ट की मानें तो, बैंकों के एटीएम करेंसी चेस्ट से जाली नोट निकलने के बाद ग्राहक इन्हें बैंक शाखा को वापस कर देता है, जिसे बैंक शाखाओं की ओर से आरबीआई को भेजा जाता है। आरबीआई की ओर से इतनी ही रकम की जाली नोटों के बदले असली नोटों को संबंधित बैंक को अदा करना पड़ता है। यही वजह है बैंकों की लापरवाही के कारण आरबीआई को हर माह आर्थिक नुकसान हो रहा है।

**हर माह एक एफआईआर :** एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि, हर माह आरबीआई के सहायक प्रबन्धक की तरफ से महानगर कोतवाली में जाली नोट मिलने की शिकायत दर्ज कराई जाती है। सभी मामलों की विवेचना की जा रही है, लेकिन अब तक पुलिस जाली करंसी का खेल करने वाले लोगों को चिन्हित नहीं कर सकती है। यही वजह है कि आरबीआई की तरफ से दर्ज कराए गए, जाली करेंसी के मामले लम्बित हैं।

### कुछ मामलों में लगी अंतिम रिपोर्ट

एडीसीपी ने बताया कि पूर्व में भी आरबीआई की तरफ से जाली करेंसी में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में पुलिस ने कई पहलुओं में तफ्तीश की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। मजबूरन पुलिस ने इन मामलों में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगानी पड़ी। कहाकि, हांलाकि इस खेल के पीछे किसा हाथ है और जाली नोटों की सप्लाई कहां से हो रही है। पुलिस टीमें जांच में जुटी है।

# सीएम डैशबोर्ड में बरेली को दूसरा स्थान, 11 जिले फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएम-डैशबोर्ड में विभागों की प्रदर्शित फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी योजनाएं, परियोजनाएं व सेवाओं की मॉनीटरिंग की गई तो फरवरी में बेहतरी पर जालौन प्रथम, बरेली द्वितीय व कन्नौज को तीसरा स्थान मिला है। जबकि लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली, कानपुर नगर, औरैया, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर व प्रयागराज का सबसे खराब प्रदर्शन होने पर बॉटम में रखा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने 11 जिलों की खराब प्रगति पर संज्ञान लेकर असंतोष जताया है और प्रगति सुधार के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि सीएम-डैश बोर्ड से विभागों के पोर्टल एकीकृत किए गए हैं। इससे जो विभागों की प्रगति होती है वह सीएम-डैश बोर्ड पर दर्शाती है। इसी आधार पर मानीटरिंग कर रैंकिंग दी जाती है। इसमें फर्जी आंकड़े दर्शाये नहीं जा सकते हैं, बल्कि पारदर्शिता आने से प्रगति सुधरने लगी है।

**तकनीकी समस्या का मुख्यमंत्री कमांड सेंटर करेगा समाधान :** शासन से सभी जिलाधिकारी को रैंकिंग की रिपोर्ट भेजी गई है। यह भी दर्शाया कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर आईडी से जिले की मासिक रैंकिंग, योजना, परियोजना व सेवाओं को मिले अंक भी देख सकते हैं। पोर्टल में किसी तरह की कठिनाई होने पर मुख्यमंत्री कमांड सेंटर की प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट के अधिकारी से समाधान के लिए संपर्क किया जा सकता है।

## सुडोकू -95

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 2 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 4 | | 1 |
| | 6 | | | | 5 | | 9 | |
| 6 | | | 4 | | | | | 5 |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| 8 | | | 6 | | | | 7 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| 4 | | | 9 | | | | 8 | |

### सुडोकू -94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22 मार्च 04 .44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग

गु. 1 | बु. रा. सू. 12 | श. मं. शु. 11 | 10 | 2 | 3 | 9 | 6 | चं. 4 | के. | 8 | 5 | 7

दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 22 मार्च 01 .27 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। उच्च अधिकारी आपकी निष्ठा की सराहना करेंगे। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे। आपके विचारों को समाज में ख्याति मिलेगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करें।

**वृष** — आज धन-सम्मान और कीर्ति में वृद्धि होगी। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आपके मन में एक साथ कई सारे विचार जन्म लेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

**मिथुन** — आज अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में आनंद बढ़ेगा। धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। मित्रों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। पैतृक व्यवसाय में अच्छी उन्नति होने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — आज आप एकांत में रहने का प्रयास करेंगे। व्यापार की परिस्थितियों में सुधार होगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। मांसपेशियों में जकड़न होने की संभावना है। प्रेम संबंधों को विवाह की सहमति मिल सकती है।

**सिंह** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं रहेगी। निजी रिश्तों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। हिंसात्मक विचारों से आपको बचना चाहिए। जॉब में लक्ष्य को समय को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

**कन्या** — आज क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार के सदस्य आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। इसका दबाव भी आपके ऊपर काफी ज्यादा रहेगा। कारोबार को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**तुला** — आज व्यापार में नए सौदे कर सकते हैं। जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। करियर में आप बदलाव का विचार बना सकते हैं। लोग आपकी प्रतिभा के कायल रहेंगे। आपको कोई प्रपोज कर सकता है।

**वृश्चिक** — आज पिता आपके प्रति गर्व का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। लव लाइफ का तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बड़े अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु** — आज आपके मन में यह धारणा उत्पन्न हो सकती हैं कि लोग आपसे झूठ बोल रहे हैं। बेकार की बातों में अपना समय बर्बाद न करें। परिजनों से किसी कारण बहस हो सकती है। करियर में उतार-चढ़ाव की सम्भावना है।

**मकर** — आज आलस्य को अपने ऊपर हावी न होने दें। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर दुविधा की स्थिति उभर सकती है। यदि आप कुछ नया सीखने के इच्छुक हैं तो समय बेहतरीन है। अप्रिय व्यक्तियों के कारण आपका मूड खराब हो सकता है।

**कुंभ** — आज कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपके लिए काफी सहयोगी रहेगा। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से उत्तम है। आय के कई स्रोत बन सकते हैं।

**मीन** — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर प्राप्त होगा। आप किसी सहयोगी कर्मचारी के ऊपर कुपित हो सकते हैं। अहंकार के कारण आपसे मित्र एवं संबंधी दूर हो सकते हैं। अनुभवी व्यक्ति आपका सही मार्गदर्शन कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आखरी गुलाम — दोपहर : 12 .00
जख्मी सिपाही — रात : 07 .00

SONY PIX
रश ऑवर 3 — सुबह : 09 .21
द वॉटर हॉर्स — रात : 09 .00

SONY MAX
सूरमा — सुबह : 09 .52
पीकू — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
सरफरोश — सुबह : 09 .15
घायल : वन्स अगेन — रात : 08 .55

colors CINEPLEX
आरक्षण — सुबह : 11 .25
देवदास — रात : 07 .04

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का स्कूल से जल्दी घर आ गया।
दादा- क्या हुआ बेटा, तुम बहुत जल्दी घर आ गए।
लड़का- हां दादा, मैंने एक मच्छर को मारा तो टीचर ने भगा दिया।
दादा- तुम सच बोल रहे हो, एक मच्छर मारने के लिए स्कूल से भगा दिया।
लड़का- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा हुआ था।

टीचर- क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
मोटू- क्योंकि पता नहीं एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाए।
मोटू की बात सुनकर टीचर की बोलती हो गई बंद।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1175, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी** - डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# डायरेक्ट सेलिंग 21 हजार करोड़ रुपये के पार

## आईडीएसए की सर्वेक्षण रिपोर्ट से हुआ खुलासा, भारत में कुल 86 लाख हैं विक्रेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री (भारत में डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग कोरोना महामारी के दौर की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर है और इसका कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21282 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट बाजार अनुसंधान फर्म कंतार द्वारा संकलित की गई है।

आईडीएसए के एक आयोजन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए इसके लिए आईडीएसए को बधाई दी। रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 2252 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि इस उद्योग के कारोबार में वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों के दौरान वर्ष-दर-वर्ष औसतन 8.3 प्रतिशत की संचयी वार्षिक दर (सीएजीआर) से वृद्धि की है। आईडीएसए अध्यक्ष को विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। वर्ष 2022 में भारत का स्थान 11वां था। वहीं भारत में इस कारोबार में कुल 86 लाख विक्रेता शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने सर्वाधिक 30 प्रतिशत का योगदान किया। पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोतर क्षेत्र का योगदान क्रमशः 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत है। राज्यों में महाराष्ट्र 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश शानदार प्रदर्शन कर दस प्रतिशत की भागीदारी के साथ पश्चिम बंगाल के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुए हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गों का कुल कारोबार में क्रमशः 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

### वैश्विक रैंकिंग में भारत 11वें स्थान पर पहुंचा

आईडीएसए के अध्यक्ष कटोच ने कहा-मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मजबूत वृद्धि दर के बलबूते भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने वैश्विक रैंकिंग में वर्ष 2022 में एक और पायदान का सुधार कर 11वां स्थान हासिल कर लिया है, जो 2019 में 15वां था।




## गूगल के खिलाफ भारतीय ऐप कंपनियों की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ऐप के माध्यम से भुगतान पर 11 से 26 प्रतिशत शुल्क लगाने की गूगल की नई प्ले स्टोर बिलिंग नीति के खिलाफ दायर भारतीय ऐप कंपनियों की चार याचिकाओं को बुधवार को खारिज कर दिया। भारतीय ऐप कंपनियों ने आरोप लगाया कि गूगल की प्ले स्टोर नीतियां प्रतिस्पर्धा-रोधी हैं। हालांकि, सीसीआई ने स्पष्ट किया कि इस आदेश में कही गई कोई भी बात मामले के गुण-दोष पर राय की अंतिम अभिव्यक्ति के समान नहीं होगी और महानिदेशक यहां की गई टिप्पणियों से किसी भी तरह प्रभावित हुए बिना जांच करेंगे। सीसीआई ने अपने आदेश में कहा-आयोग का मानना है कि इस बारे में याचिका दायर करने वाले शीर्ष कोर्ट द्वारा प्रस्तावित अंतरिम राहत देने के लिए मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

# नौकरियों के सृजन के लिए 8% की वार्षिक वृद्धि दर रखने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक सुब्रमण्यम ने कही बात



भारत को गरीबी और असमानता को कम करने तथा पर्याप्त संख्या में नौकरियों के सृजन के लिए निरंतर आधार पर आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने यह बात कही है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह पिछले डेढ़ साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

ओएमआई फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यम ने कहा-भले ही हम सात प्रतिशत की दर से बढ़ें, हमें इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। हमें आठ प्रतिशत और उससे अधिक की दर हासिल करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश को बहुत सारा बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने से हमारे पास बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करने की क्षमता होगी। इससे गरीबी और असमानता घटेगी। एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200-50,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,900। |

# भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी के पास 40 प्रतिशत संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गई है।

'भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। यह रिपोर्ट थॉमस पिकेटी (पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब), लुकास चांसल (हार्वर्ड कैनेडी स्कूल एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) और नितिन कुमार भारती (न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) द्वारा लिखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, "2022-23 तक सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों का आय और संपदा में हिस्सा ऐतिहासिक उच्चस्तर क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत पर था। भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है।

## खराब गुणवत्ता वाली चाय के आने से छोटे उत्पादक चिंतित

**कोलकाता।** छोटे चाय उत्पादकों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने बाजार में कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में चाय बोर्ड के हस्तक्षेप का आग्रह किया है। चाय बोर्ड के चेयरमैन ए एस भाटिया को लिखे एक पत्र में सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि चाय पीने के स्वास्थ्य लाभों पर केंद्रित एक सामान्य अभियान उन युवाओं के बीच खपत को बढ़ावा देने के लिए जरूर चलाया जाना चाहिए।

# 4जी यूजरों के मुकाबले 5जी यूजरों का औसतन डाटा उपभोग 3.6 गुना अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- दूरसंचार कंपनी नोकिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी




भारत में 5जी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल ग्राहक 4जी उपभोक्ताओं की तुलना में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल 3.6 गुना अधिक कर रहे हैं। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी। नोकिया की बुधवार को जारी 'मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का योगदान 15 प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट कहती है, 5जी ग्राहक 4जी की तुलना में लगभग 3.6 गुना अधिक मोबाइल डेटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। 2023 में उपयोगकर्ताओं ने 17.4 एक्साबाइट प्रति माह की खपत की। पिछले पांच साल की तुलना में डेटा इस्तेमाल की सालाना वृद्धि 26 प्रतिशत रही है। एक एक्साबाइट एक अरब गीगाबाइट (जीबी) के बराबर होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में डेटा इस्तेमाल में बढ़ोतरी में 5जी ने उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का हिस्सा 15 प्रतिशत रहा।

नोकिया इंडिया के विपणन और कॉरपोरेट मामलों के प्रमुख अमित मारवाह ने कहा-भारत में डेटा की खपत साल-दर-साल आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 17.4 एक्साबाइट प्रतिमाह हो गई है।



# राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की पड़ती है जरूरत : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में राहुल गांधी पर कसा तंज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है जबकि स्टार्ट-अप की दुनिया में जब कोई एक असफल होता है तो इस स्थिति में दूसरा रास्ता अख्तियार कर लेता है। मोदी ने यहां स्टार्ट-अप महाकुंभ में किसी का नाम लिए बिना स्टार्ट-अप और राजनीति की तुलना करते हुए कहा, ''स्टार्ट-अप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ज्यादा... और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर एक बार लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।

मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने और एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति में कारोबारी चुनाव संपन्न होने तक बड़े आयोजनों को टाल देते हैं लेकिन आम चुनावों की घोषणा के कुछ दिन बाद तीन दिवसीय महाकुंभ में स्टार्ट-अप उद्यमियों और उस पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों का विशाल जमावड़ा आने वाली चीजों का संकेत है। उन्होंने 19 अप्रैल से चार जून तक होने वाले आम चुनावों के बाद भी शासन में बने रहने का विश्वास जताते हुए कहा-आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने जा रहा है।

### भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा-हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें। उन्होंने कहा कि एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा-एआई क्षमताओं का नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा और रहना चाहिए।

## मोदी की गारंटी एक विश्वासघात है: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश को लेकर दी गई 'मोदी की गारंटी' एक विश्वासघात है तथा यह 'चीनी गारंटी' है। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी की चीनी गारंटी! लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा की मांग के पक्ष में समर्थन की एक मजबूत लहर है।

# कांग्रेस ने विभिन्न राज्यों के लिए उम्मीदवारों को लेकर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीईसी की बैठक संपन्न, जल्द जारी होगी तीसरी सूची

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने मंगलवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की। पार्टी के प्रत्याशियों की तीसरी सूची जल्द जारी हो सकती है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व वाली सीईसी ने राजस्थान के लिए सात सीट पर उम्मीदवारों की नाम पर मुहर लगाई है। पार्टी राजस्थान के लिए पहले ही 10 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने सीईसी की बैठक के बाद कहा कि आज राज्य की 12 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे दिया गया । उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "हमने महाराष्ट्र की कम से कम 18-19 सीट पर चर्चा की है। हमने कम से कम 12 सीट 'फाइनल' कर ली हैं। कल सुबह हमारी शरद पवार और उद्धव ठाकरे के साथ बैठक है। अंतिम चर्चा होगी और कल या परसों तक सभी सीट की घोषणा कर दी जाएगी।" सूत्रों का कहना है कि सीईसी ने गुजरात के लिए भी सात उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 82 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची में राहुल गांधी का नाम भी शामिल था जो केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## आयकर विभाग के अफसरों ने टीएमसी नेता के घर की ली तलाशी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारी तृणमूल कांग्रेस नेता स्वरूप विश्वास के आवास की तलाशी ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्वरूप विश्वास के भाई अरूप विश्वास पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार में मंत्री हैं। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी 12 घंटे से अधिक समय से चल रही है तथा यह कार्रवाई दो रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा कथित रूप से कर चोरी किए जाने की जांच का हिस्सा है। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया-आयकर विभाग की जांच शाखा के अधिकारी शहर में स्वरूप विश्वास से संबंधित पांच ठिकानों की तलाशी कर रहे हैं। जिन ठिकानों की तलाशी की जा रही है उनमें से कुछ न्यू अलीपुर और बेहाला इलाके में हैं।

## एक नजर

### मणिपुर के राहत शिविर में रह रहे चार बच्चे नदी में डूबे

**चुराचांदपुर।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में अपने परिवार के साथ रह रहे चार बच्चे नदी में डूब गए। पुलिस ने बताया कि बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। वे राज्य में जातीय संघर्ष के कारण तुईबुओंग में 'ईसीए कनान' राहत शिविर में रह रहे थे। वे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे अपने शिविर के पास तुइथा नदी में नहाने गए थे। जब वे वापस नहीं लौटे तो उनके परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने बुधवार सुबह करीब छह बजे बच्चों के शव नदी में खोज निकाले।

### संधू हत्या: 2 आरोपियों की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** एनआईए ने शौर्य चक्र से सम्मानित बलविंदर सिंह संधू की हत्या में शामिल दो आरोपियों की कई अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि पंजाब में प्रतिबंधित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के सदस्यों द्वारा संधू की हत्या की साजिश में शामिल दो आरोपियों की कई संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

# सियासी गर्मी बढ़ी, एबीवीपी के विरुद्ध वाम दलों ने बनाया संयुक्त मोर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

**जेएनयू छात्र संघ चुनाव**

- 22 मार्च होगा मतदान और मतगणना 24 मार्च को

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में कई सियासी दिग्गज भी गहरी रुचि ले रहे हैं। भाजपा समर्थित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सभी पदों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। उनके शक्ति प्रदर्शन को देखते हुए वामपंथी दलों ने इस बार संयुक्त मोर्चा गठित कर अपने उम्मीदवारों का प्रचार शुरू किया है। मतदान 22 मार्च एवं मतगणना 24 मार्च को होगी।

जेएनयू छात्र संघ में शुरू से ही वाम दलों के छात्र संगठनों का कब्जा रहा है। लेकिन 2019 के चुनाव में जिस तरह से एबीवीपी ने छात्रों के बीच घुसपैठ बनाई थी और इस बार सभी पदों पर उम्मीदवार उतारकर चुनाव अभियान छेड़ा है। उसका मुकाबला करने के लिए वाम दलों के प्रमुख छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक स्टूडेंट फेडरेशन (डीएसएफ), एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ) ने संयुक्त मोर्चा का गठन कर छात्र संघ में कब्जा करने के लिए साझा मंच तैयार किया है।

एबीवीपी ने उमेश चंद्र अजमीरा-अध्यक्ष, दीपिका शर्मा-उपाध्यक्ष, अर्जुन आनंद-महासचिव एवं गोविंद दांगी को संयुक्त सचिव के पद पर उम्मीदवार बनाया है। एबीवीपी नेता विकास पटेल के मुताबिक छात्र संघ में काउंसलर के 42 पदों के लिए भी उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

वहीं वाम दलों के संयुक्त मोर्चा ने धनंजय को अध्यक्ष, अभिजीत घोष को उपाध्यक्ष, स्वाति सिंह को महासचिव एवं साजिद को संयुक्त सचिव पद का उम्मीदवार बनाया है। अभी तक चुनाव प्रचार के दौरान दोनों गुटों के बीच कई बार तीखी नोक-झोंक भी हो चुकी हैं और मामला पुलिस तक पहुंच चुका है। कुछ लोगों ने प्रत्याशियों की आयु सीमा बढ़ाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था। दोनों गुटों ने जवाबी शक्ति प्रदर्शन करते हुए मसाल जुलूस भी निकला है। जिसमें भारी संख्या में छात्रों की भीड़ देखने को मिली।

# राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची, एजेंसी

**मानहानि मामला**

झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी ,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

# कांग्रेस ने कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उसके खिलाफ कर पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही किए जाने के विरोध में बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। इस मामले का उल्लेख राजनीतिक दल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष किया, जो इसे बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोरा भी शामिल हैं। वकील ने कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने चार साल का मूल्यांकन फिर से खोला है। साथ ही उन्होंने अदालत से याचिकाओं को बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तीन अलग-अलग वर्षों से संबंधित ऐसी तीन याचिकाएं आज सुनवाई के लिए पहले से ही सूचीबद्ध हैं।

## बीआरएस नेता कविता को बेटों और मां से मिलने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को अपने दो बेटों, मां और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की अनुमति दे दी है। कविता फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने कविता की ओर से पेश अधिवक्ता नीतेश राणा द्वारा दायर आवेदन पर यह आदेश पारित किया। वकील ने अनुरोध किया था कि पिछले आदेश के अनुसार आरोपी से मिलने की अनुमति पाने वालों की सूची में परिवार या संबंधियों के सात और नाम जोड़े जाएं।

# मुफ्त सौगात संबंधी याचिका पर सुनवाई करने को कोर्ट सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का किया गया अनुरोध



उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द करने और चुनाव चिह्न जब्त करने के अपने अधिकारों का उपयोग करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा-यह महत्वपूर्ण है। हम इसे कल लेंगे।

शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया की दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की जरूरत है। याचिका में कहा गया कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ पाने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए क्योंकि ये संविधान की अवहेलना करते हैं और इस मामले में निर्वाचन आयोग को उचित कदम उठाने चाहिए। इसमें अदालत से यह घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक तरीके से मुफ्त सौगातों का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर को अवरुद्ध करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को नुकसान पहुंचाता है।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सुविधाएं देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है। उसने कहा-यह अनैतिक प्रवृत्ति सत्ता में बने रहने के लिए सरकारी खजाने से मतदाताओं को रिश्वत देने के समान ही है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों तथा परंपराओं के संरक्षण के लिए इससे बचना चाहिए।

# सूर्यकुमार आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार

## अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे



### राहुल के आईपीएल में अच्छे खेल से टी20 विश्व कप टीम में जगह होगी पक्की



**नयी दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिये। जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनायेंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'' राहुल के अलावा लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी चयन की दौड़ में हैं। लैंगर ने कहा, ''केएल या बिश्नोई के लिये साफ संदेश है कि लखनऊ टीम के लिये अच्छा खेलने पर फोकस करें, टी20 विश्व कप टीम में जगह पाने के मौके बढ़ेंगे।'' लखनऊ टीम के पूर्व मेंटोर गौतम गंभीर अब केकेआर से जुड़ गए हैं। यह पूछने पर कि क्या टूर्नामेंट के दौरान उनसे टक्कर देखने को मिल सकती है, लैंगर ने कहा कि वह टीम के लिये गंभीर के योगदान के प्रशंसक हैं।

**दुबई, एजेंसी**

पिछले तीन महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस के लिये वापसी करने जा रहे सूर्यकुमार के 861 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर 802 अंक लेकर फिल साल्ट हैं। सूर्यकुमार ने दिसंबर में खेल हर्निया की सर्जरी के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है।

वहीं आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान ने शीर्ष दस में वापसी की है । वह चार पायदान की छलांग लगाकर नौवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला में तीन मैचों में आठ विकेट लिये। अफगानिस्तान के नवीन उल हक दो पायदान चढकर 55वें स्थान पर है। आयरलैंड के जोश लिटिल सात पायदान चढकर 39वें, मार्क एडेयर दो पायदान चढकर 56वें और बैरी मैकार्थी 15 पायदान चढकर 77वें स्थान पर हैं। टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन शीर्ष पर बने हुए हैं।

### भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**लुसाने।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था। वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जिसने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही यूरोपीय चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी। रजत पदक विजेता भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पोलैंड तीसरे स्थान पर है। उरूग्वे और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त चौथे स्थान पर है ।



**नया कलेवर**

बुधवार को चेन्नई में आईपीएल टीम की नई जर्सी के लांच के दौरान साथी खिलाड़ियों फाफ डु प्लेसिस, मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल के साथ विराट कोहली। ● एजेंसी

## गुजरात ने संदीप को टीम में रखा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट के लिए चोटिल भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जगह पर केरल के मध्यम गति के गेंदबाज संदीप वारियर को अपनी टीम में शामिल किया है। शमी ने हाल में अपने दाहिनी एड़ी का ऑपरेशन करवाया था। इस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। जहां तक वारियर की बात है तो इस 32 वर्षीय खिलाड़ी में 2019 से लेकर अभी तक आईपीएल में पांच मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 7.88 के इकोनॉमी रेट से दो विकेट हासिल किए हैं। गुजरात ने उन्हें आधार मूल्य 50 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है।

### मुंबई इंडियंस ने क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बुधवार को श्रीलंका के चोटिल तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया। श्रीलंका का 23 वर्षीय तेज गेंदबाज बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गया था। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल नीलामी में 4.6 करोड रुपए में खरीदा था। दक्षिण अफ्रीका के मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है लेकिन इस 17 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अंडर 19 विश्व कप में 9.71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

## खेल डायरी

### जारा को क्वीन सिरिकिट कप में संयुक्त बढ़त



**क्राइस्टचर्च।** भारतीय गोल्फर जारा आनंद ने कड़ाके की सर्दी के बीच यहां खेले जा रहे 44वें क्वीन सिरिकिट कप के पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर करके संयुक्त बढत बना ली। पंद्रह वर्ष की जारा को 2023 विजेता अवनि प्रशांत के नाम वापिस लेने के बाद भारतीय गोल्फ यूनियन ने टूर्नामेंट में जगह दी। वह चीनी ताइपै की चुन वेइ वू और जापान की ऐना फुजिमोतो के साथ शीर्ष पर है। भारत की विधात्री उर्स संयुक्त 20वें और हीना कांग संयुक्त 32वें स्थान पर है। टीम वर्ग में भारत छठे स्थान पर है जबकि चीनी ताइपै शीर्ष पर है।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में



**बासेल (स्विटजरलैंड)।** भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड ओपन से पहले दौर में बाहर हुई भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट में 21-15, 21-12 से जीत दर्ज की। महिला युगल में तीन अन्य भारतीय जोड़ियों को पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा।

### डोपिंग प्रतिबंध के बाद लौटी हालेप पहले दौर में हारीं



**मियामी गार्डन्स।** दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिये जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6-1, 4-6, 3-6 से हार गई। रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है। अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था। उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया।

### ओलंपिक के उद्घाटन में भाग नहीं लेंगे रूस-बेलारूस

**जिनेवा।** रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आयेंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है।

## सीरीज स्थगित होने से अफगान बोर्ड निराश

**काबुल, एजेंसी**



अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरी बार द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने पर निराशा व्यक्त करते हुए वैकल्पिक समाधान तलाशने का आग्रह किया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एसीबी ऑस्ट्रेलियाई सरकार से आग्रह करता है कि वह अपनी नीतियों को क्रिकेट बोर्डों पर थोपे के बजाय सभी क्षेत्रों में क्रिकेट के विकास का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने कहा कि एसीबी का शीर्ष प्रबंधन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत में शामिल हुआ था और सार्वजनिक रूप से वापसी की घोषणा करने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने का प्रस्ताव रखा था। एसीबी के बयान में कहा गया है कि स्थगित टी-20 श्रृंखला को सीए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

## 24 मार्च को मनेगा विश्व कबड्डी दिवस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पंचकूला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में 24 मार्च को विश्व कबड्डी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगें। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) और विश्व कबड्डी संगठन इस वर्ष के आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन कर रहे हैं। एचआईपीएसए की अध्यक्ष सुश्री कॉथी डी सुरेश ने यह जानकारी बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य एक अनोखा आयोजन करना है।

## भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को तैयार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। एक न्यूज चैनल के सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिये आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिये तैयार होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये तैयार है।'' उन्होंने कहा, ''हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है।'' उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जायेंगे।

## चुनाव में खेल संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा डब्ल्यूएफआई

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) यह सुनिश्चित करेगा कि गुजरात, तेलंगाना और उत्तराखंड में आगामी राज्य संघ के चुनावों में खेल संहिता का पालन किया जाए। वह 27 मार्च से राष्ट्रीय शिविर बहाल करने के लिए भी तैयार है। राजस्थान जैसे कई राज्य संघों में 70 साल की निर्धारित आयु से अधिक उम्र के पदाधिकारी काम कर रहे थे। डब्ल्यूएफआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव में उम्र और कार्यकाल से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

## विराट कोहली से मिलना मेरे जीवन का सबसे अनमोल क्षण : श्रेयांका

**बेंगलुरू, एजेंसी**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'परपल कैप' विजेता श्रेयांका पाटिल के लिये सबसे बड़ा पल रहा जब उन्हें विराट कोहली से मिलने का मौका मिला। इक्कीस वर्ष की आफ स्पिनर श्रेयांका ने एलिमिनेटर और फाइनल में डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि बचपन से उनके पसंदीदा क्रिकेटर रहे कोहली उनका नाम जानते हैं। उन्होंने आरसीबी 'अनबॉक्स' कार्यक्रम में कोहली के साथ अपनी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ''उनकी वजह से क्रिकेट देखना शुरू किया था। उनके जैसा बनने का सपना देखा करती थी। कल मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था।'' उन्होंने लिखा, ''विराट ने कहा, ''हाय श्रेयांका। अच्छी गेंदबाजी की।' उन्हें मेरा नाम पता था।'' श्रेयांका को आरसीबी ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में उनके बेसप्राइज 10 लाख रूपये में लिया था।

## सिंधु, श्रीकांत और लक्ष्य स्विस ओपन के दूसरे दौर में

**बासेल।** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और अच्छी फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते ही बुधवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। यहां 2022 में खिताब जीतने वाली सिंधु ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग को 21-12, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जापान की तोमोका मियाज़ाकी से मुकाबला सुनिश्चित किया।

## मुकाबले में भारत की नजरें तीन अंकों पर

**फीफा विश्व कप क्वालीफायर**

**आभा (सउदी अरब), एजेंसी**

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को जब फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी। मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। हालांकि मिडफील्डर सहल अब्दुल समद इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है ।

# बॉलीवुड हलचल

## विवादों में फंसी खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती'



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आगामी फिल्म 'रंग दे बसंती' रिलीज से पहले विवादों में फंसी हुई है। इसे 22 मार्च को होली के मौके पर रिलीज किया जाना था लेकिन अपने टाइटल की वजह से ये सर्टिफिकेशन बोर्ड में अटक गई। फिल्ममेकर रौशन सिंह ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ऐसे में अब कोर्ट की ओर से सीबीएफसी को आदेश दिया है कि वो मामले को 10 दिनों के अंदर ही निपटाएं। खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती' को पहले यूनिवर्सल सर्टिफिकेट दिया गया था और बाद में सीबीएफसी के अध्यक्ष प्रसून जोशी के रवैये के कारण फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई। ट्रेड पंडितों के अनुसार बताया जा रहा है कि रिलीज डेट टलने से इस फिल्म को करीब 10 करोड़ का नुकसान हुआ है। 'रंग दे बसंती' के निर्माता रौशन सिंह ने प्रसून जोशी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने जानबूझकर सेंसर प्रक्रिया में देरी की।



## लाल साड़ी और मांग में सिंदूर में दिखीं रश्मिका मंदाना

**मुंबई, एजेंसी।** साउथ सिनेमा के स्टार अल्लू अर्जुन और एनिमल फिल्म की फेम रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे इसी साल यानी कि 15 अगस्त, 2024 के मौके पर रिलीज किया जाना है। इसी बीच एक बार फिर से फिल्म सुर्खियों में आ गई है। इससे एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक लीक हो गया है। मूवी के सेट से एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक सामने आया है। इसमें उन्हें देखते ही बन रहा है। रश्मिका से पहले अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया जा चुका है, जो काफी एक्साइटिंग कर देने वाला है। सोशल मीडिया पर सामने आए रश्मिका मंदाना के लुक में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस 'पुष्पा 2' के सेट पर लाल साड़ी और मांग में सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। इसमें उनका लुक देखते ही बन रहा है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि वो पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। इसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

## कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकती हैं माधुरी दीक्षित



**मुंबई, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया-3' आजकल सुर्खियों में है। फिल्म में विद्या बालन और तृप्ति डिमरी के बाद अब एक और नाम सामने आया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री भी हो सकती है। हालांकि अभी मेकर्स ने इस बात पर कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी है। 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी से पूछा गया कि क्या 'भूल भुलैया-3' में माधुरी दीक्षित नजर आ सकती हैं? इस पर डायरेक्टर बोले- जो भी होने वाला है, हम खुद बताएंगे। तृप्ति और विद्या के बारे में बताया जा चुका है। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। फिल्म की कुछ और कास्ट को लेकर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। कुछ दिन पहले कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर घर के मंदिर के सामने सिर झुकाए एक फोटो शेयर की थी। जिसमें उन्होंने कैप्शन लिखा था- आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। 'भूल भुलैया-3' का शुभारंभ। 'भूल भुलैया 2' को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। इसमें कार्तिक के अलावा कियारा आडवाणी, तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी लीड रोल में थे। यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 2007 में आई 'भूल भुलैया' का सीक्वल थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# संघर्ष विराम में कूटनीति ही आगे का रास्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

● पुतिन और जेलेंस्की से प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर की बात, जंग और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और रूस के विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

बता दें, दोनों नेता आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। फोन पर हुई मोदी और पुतिन की बातचीत के दौरान भारत और रूस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों शीर्ष नेताओं के बीत आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी



विचारों का आदान-प्रदान किया। गौरतलब है कि रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद पुतिन के विरोधियों का जनाधार बेहद खोखला रहा, ऐसे में पुतिन को बड़ी जीत हासिल हुई है। 87 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज करने वाले पुतिन बीते दिनों विपक्ष के नेता नवलनी की मौत के कारण भी विवादों में घिरे थे।

### मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि, भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अच्छी बातचीत हुई। शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। यूक्रेन-रूस युद्ध पर पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहराया कि इस विवाद का समाधान कूटनीति व वार्ता से ही हो सकती है। साथ ही दोनो नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न आयामों की भी समीक्षा की, क्षेत्रीय व वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई।

# चीन की चाल पर भारी पड़ रही भारत की नीति

**1,126** किमी लंबी सीमा अरुणाचल प्रदेश की चीन से लगती है

*जून, 2020 में लद्दाख के गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच शुरू हुई तनातनी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। अब हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरे के बाद चीन बौखला गया है। एक ओर चीन कभी इस राज्य के कई इलाकों के नाम बदलता है तो कभी केंद्रीय नेताओं के दौरे और जी 20 की बैठक पर आपत्ति जताता रहा है। अरुणाचल प्रदेश की 1,126 किमी लंबी सीमा चीन से लगी है। आईए जानते हैं क्या मामला...*




### सेला सुरंग के निर्माण से बौखलाया चीन

अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा के पास सेला सुरंग का निर्माण हुआ है। सीमा पर सुरंग के निर्माण से चीन बौखलाया गया है। बता दें, इस सुरंग का निर्माण 825 करोड़ में हुआ है, जो तेजपुर से तवांग को जोड़ने वाली सड़क पर पश्चिम कामेंग जिले में 13,700 फीट की ऊंचाई पर है। इसकी आधारशिला फरवरी 2019 में रखी थी। सेला सुरंग भारत की सबसे ऊंची पहाड़ी सुरंग सड़क है जो भारतीय सेना को अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों के बीच विवादित सीमा तक हर मौसम में संपर्क बनाए रखने में मदद करेगी। इस सुरंग के प्रोजेक्ट को अंजाम सीमा सड़क संगठन ने दिया है, जिसमें दो सुरंगें और एक लिंक रोड शामिल है।

### बकवास है चीन का अरुणाचल पर दावा



चीन बार-बार अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता आया है। वहीं, चीन के इस दावे को भारत ने हमेशा नकारा है। एक बार फिर ड्रैगन के इस दावे को भारत सरकार ने बकवास बताया है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से चीन के साथ अरुणाचल प्रदेश का कोई संबंध नहीं है। वहीं, यह राज्य भारत का अभिन्न अंग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "ऐतिहासिक रूप से हमारा चीन के साथ कोई जुड़ाव या संबंध नहीं है। इसलिए अरुणाचल के चीन का हिस्सा होने का कोई सवाल ही नहीं है। राज्य के क्षेत्र पर दावा करने से जमीन पर स्थिति नहीं बदलेगी। हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अरुणाचल प्रदेश एक भारतीय क्षेत्र है। रिजिजू ने कहा, अपने क्षेत्र को विकसित करना हमारा संप्रभु अधिकार है और कोई भी हम पर आपत्ति नहीं कर सकता हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था, जिसके बाद चीन बौखला उठा। चीन के विदेश मंत्रालय वांग वेनबिन ने कहा कि इससे भारत-चीन का सीमा विवाद और बढ़ेगा।

### भारत का रुख

भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन की ओर से क्षेत्र नया नाम गढ़े जाने के कदम को खारिज किया है और कहा है कि इससे सच्चाई में कोई बदलाव नहीं आया है।

### चीन क्यों करता है अरुणाचल पर दावा

अब सवाल ये है कि आखिर चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा क्यों करता है। अरुणाचल को 1987 में एक राज्य बनाया गया था। दरअसल अरुणाचल ने जब से तिब्बत पर कब्जा किया, उसके बाद से ही वो अरुणाचल पर अपना दावा पेश करता है और इसे साउथ तिब्बत बोलता है। तिब्बत पर चीन के कब्जे को लेकर दुनियाभर में बहस है। खुद दलाई लामा तिब्बत को चीन का हिस्सा बताने से इनकार करते हैं और इसे चीन की दादागीरी बताते हैं। ऐसे में चीन का तिब्बत के सहारे अरुणाचल पर दावा करना काफी खतरनाक माना जा रहा है।

# तालिबानी फौज का चेकपोस्ट पर कब्जा, पाकिस्तानी सैनिक भागे

## पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक का अफगानी जवाब, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में डूरंड लाइन पर तकरार और बढ़ गई है। पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के बाद तालिबानी फौज ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मंगलवार को तालिबान शासकों की फौज ने पाकिस्तान की सैन्य चौकी पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तानी फौजी इस चौकी से पीछे हट गए हैं। यह पोस्ट पाक के उत्तर-पूर्वी बजीरिस्तान इलाके के कुर्रम में है।

मीडिया के मुताबिक, अफगानी फौज ने भारी मोर्टार से बमबारी की और सैनिक हमले से चेकपोस्ट पर कब्जा किया। बजीरिस्तान इलाके में पाकिस्तान की कई सैन्य चौकी हैं, स्थिति और न बिगड़े, इसलिए पाकिस्तानी सेना ने वहां से जवानों को हटा लिया। दो दिन पहले ही पाक के जेएफ- 17 लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान में खोस्त और पकटिका इलाकों में भारी बमबारी की थी। इसके बाद अफगान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाक के हमले में 8 महिलाओं और कुछ बच्चों की मौत हुई है और हम पाक से बदला जरूर लेंगे। इसीलिए अफगान फौज ने मंगलवार तड़के डूरंड लाइन पर घातक हमला किया।

### पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगाः शहबाज



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनका देश अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांति से रहना चाहेगा। आपको बता दें कि पाकिस्तान में आतंकवाद से निपटने के लिए शीर्ष अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस समिति की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद के रूप में नए खतरे का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उनका देश पड़ोसी देशों द्वारा सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसी किसी भी हरकत का जवाब कड़ी कार्रवाई से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़े। हम अपने पड़ोसी भाइयों के साथ व्यापार करना चाहते हैं और अपने संबंधों का विस्तार करना चाहते हैं लेकिन दुर्भाग्य से, अगर किसी पड़ोसी की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जाता है, तो इसे सहन नहीं किया जायेगा।

### दोनों देशों के बीच कैसे शुरू हुआ संघर्ष

दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष की शुरुआत शनिवार (16 मार्च) को हुई। दरअसल, शनिवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मीर अली में एक आत्मघाती हमलावर ने अपने विस्फोटक से भरे ट्रक को एक सैन्य चौकी में घुसा दिया। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। इस घटना में सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसकी जवाबी गोलीबारी में सभी छह हमलावरों को मार गिराया गया। हमले की जिम्मेदारी हाल ही बने आतंकी समूह जैश-ए-फुरसन-ए-मुहम्मद ने ली। कहा गया कि इस समूह को मुख्य रूप से पाकिस्तानी तालिबान टीटीपी के सदस्यों ने बनाया है। प्रतिबंधित टीटीपी के निशाने पर अक्सर पाकिस्तानी सैनिक और पुलिसकर्मी रहे हैं।

### पाक सेना ने अफगानी अफसरों को निकाला

पाकिस्तान ने खुलासा किया कि सेना में दो ऑफिसर रैंक के अफगान नागरिक थे। इन्हें निकाल दिया गया है। ये अफसर अवैध अप्रवासियों के खिलाफ पाक के अभियान में शामिल थे। संघर्ष को लेकर अमेरिका ने नसीहत दी है कि, पाक धैर्य दिखाए। अफगानिस्तान भी अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकी हमलों में करने से रोके।

## अब कैबिनेट वेतन की कटौती से आर्थिक तंगी सुधारेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बाद अब कैबिनेट मंत्रियों के वेतन की कटौती से पाकिस्तान आर्थिक हालात सुधारेगा।

दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने देश की खस्ता आर्थिक स्थिति को देखते हुए वेतन न लेने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक सरकार ने अनावश्यक खर्चों पर अंकुश लगाने का फैसला लिया है। इस मकसद से सरकार की मितव्ययिता नीतियों के तहत मंत्रिमंडल की बैठक में वेतन और उससे जुड़े तमाम लाभ को छोड़ने का फैसला लिया गया। सरकारी निधि का उपयोग जरूरी होने पर शहबाज की मंजूरी लेनी होगी। बता दें कि पिछले हफ्ते, राष्ट्रपति जरदारी और गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी अपने वेतन नहीं लेने का एलान किया था।

# विदेश में भी चलती है मोदी की गारंटी : एस जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

● बोले -मोदी की गारंटी राजनीतिक दबाव के आगे झुकती नहीं

विदेश मंत्री एय जयशंकर ने कहा है कि देश के साथ विदेश में भी मोदी की गारंटी चलती है। लोगों को उन पर विश्वास है। देश में गौरव की भावना पहले से ज्यादा है और भरोसा भी बढ़ा है।

जयशंकर ने कहा, जब मैं बाहर (विदेश) जाता हूं और विदेशी नीतियां समझाता हूं, तो पता चलता है कि मोदी विदेश में भी उतना ही काम करने की गारंटी देते हैं जितना भारत में। मोदी की गारंटी विदेशों में भी उतनी चलती है जितनी की भारत में चलती है। निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से ही ऑपरेशन गंगा, 'ऑपरेशन कावेरी' और ऑपरेशन अजय सफल हो पाए। वैक्सीन मैत्री के जरिए हमने दुनिया भर के 100 देशों को वैक्सीन दी। मोदी की गारंटी में राजनीतिक



दबाव के आगे न झुककर पेट्रोल की कीमतें उचित बनाए रखना भी शामिल है। लोगों को अब भरोसा है कि पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी जरूरतें मुहैया कराई जाएंगी। जयशंकर ने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से पिछले 75 सालों से चल रही विदेश नीति में कई तरह के बदलाव आए हैं। हमारा लक्ष्य आतंकवाद को इस तरह से रोकना है कि यह दोबारा न हो।

## पाकिस्तान के आम चुनाव में मानवाधिकारों को कुचला : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान आम चुनाव में हुई कथित धांधली की बात को माना है और इसे लेकर चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने में मदद देने का भी आश्वासन दिया।

दरअसल अमेरिका के राजनयिक और पाकिस्तान मामलों के जानकार डोनाल्ड लू ने पाकिस्तान चुनाव में हुई कथित धांधली को लेकर अपनी लिखित गवाही संसद की समिति के पास भेजी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है। डोनाल्ड लू ने अपनी गवाही में कई मुद्दों पर चिंता जाहिर की और दोनों देशों के भविष्य को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का विदेश विभाग पाकिस्तान में हुई चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों पर प्रतिबंध, आजादी, मीडिया पर हमले और कम्युनिकेशन सेवाओं पर प्रतिबंधों की निंदा करता है। धांधली के आरोपों की विस्तृत जांच होनी चाहिए।




## अमेरिका में भारतीय छात्र का अपहरण, हैदराबाद में बैठे परिवार से मांगी फिरौती

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रहकर पढ़ाई करने वाले कई भारतीय छात्रों की मौत के बाद अब हैदराबाद के एक छात्र के अपहरण कर लिया। लापता छात्र के परिजनों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अब्दुल सात मार्च से लापता है और अब यहां फोन करके उनसे फिरौती मांगी गई है। अब्दुल के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि उनके बेटे की आखिरी बार सात मार्च को उनसे फोन पर बात हुई थी। इसके बाद से अब्दुल से कोई संपर्क नहीं हुआ है। अब्दुल के परिजनों ने बताया कि 19 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके उनसे फिरौती की रकम की मांग की है। फोन करने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर उसके अपहरण की बात बताते हुए छोड़ने के बदले में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। इतना ही नहीं फिरौती की रकम न देने पर अब्दुल की किडनी बेचने की भी धमकी दी। वहीं, अमेरिका में अब्दुल के रूममेट्स ने क्लीवलैंड पुलिस में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है।


अब्दुल के पिता ने बताया, 'कल, मुझे एक अज्ञात नंबर से फोन आया मुझे बताया कि मेरे बेटे का अपहरण कर लिया गया है और उसने पैसे की मांग की।

# महिला सशक्तिकरण से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बताया कि देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से समाज में लैंगिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। दरअसल भारतीय मिशन ने संयुक्त राष्ट्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। कंबोज ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण से ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान भारत की यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिलाओं के लिए एक बहुमुखी रणनीति तैयार की जा रही है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है।



● संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज, भारत में महिलाओं के लिए अहम कदम उठाए जा रहे


उन्होंने कहा कि इस पहल से लैंगिक न्याय, समानता और भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित है। बता दें, संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर 68वीं वार्षिक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक 11 मार्च से शुरू हुई है, 22 मार्च तक चलेगी। इसी बैठक के दौरान भारतीय मिशन ने भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

**विज्ञान** मिशिगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एसएन 1987ए दुर्लभ सुपरनोवा नाम दिया

# मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचारः** ब्रह्मांड में एक रहस्यमयी सुपरनोवा मोती की माला में सुसज्जित नजर आ रहा है। इस दुर्लभ सुपरनोवा का नाम एसएन 1987ए है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक विशाल तारे के विस्फोट के अवशेषों को खुद मे समेट रहा है। यह घटना पृथ्वी से लगभग 160,000 प्रकाश वर्ष दूर है। जिसमें एक विशाल तारा (सुपरनोवा) टूटकर बिखर रहा है और टूटे हुए तारे की सामग्री से घिर रहा है। यह सुपरनोवा एक आकाशगंगा के उप आकाशगंगा में स्थित है। वैज्ञानिक इस घटना को लार्ज मैगेलैनिक क्लाउड या एलएमसी नाम से पुकारते हैं। एसएन 1987ए के बारे में विशेष




मोतियों की माला मे घिरे सुपरनोवा की तस्वीर

रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह सामने आया है कि यह चमकते हाइड्रोजन प्लाज्मा के गुच्छों से घिरा हुआ है । यह एक ऐसी संरचना है, जो खगोल भौतिकी में एक लंबे समय तक चलने वाली रहस्यमय प्रक्रिया है। जिसका अभी कोई सटीक जानकारी नही मिल पाई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सुपरनोवा अवशेष के आभूषण के रहस्य को पूरी तरह से समझने के लिये समय लगेगा।

### आंखों से भी देखा जा सकता है सुपरनोवा

इस सुपरनोवा को नग्न आंखों से देखा जा सकता है। यह सुपरनोवा अविश्वसनीय रूप से दुर्लभ खगोलीय घटना है। इस घटना से सितारों के विकास और अंततः मृत्यु के बारे में हमारी समझ में कुछ अधिक वृद्धि हो सकती है। बहरहाल इस तरह की घटनाओं को लेकर नई समझ पैदा होगी । साथ ही खोज को नई दिशा मिलेगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार मोतियों की माला की संरचना अद्भुत है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस सुपरनोवा मलबे की खोज हुई है। जिसके समीप एक छिपा हुआ न्यूट्रॉन तारा है।